अधिकतम 38 डिग्री से.
न्यूनतम 28 डिग्री से.
सूर्योदय 5.20
सूर्यास्त 7.29
सोना 24 कैरेट: 1,46,060.00
चांदी (प्रति किलो): 2,45,000
सेंसेक्स : 76,200.68
अमेरिका : 94.66
कैनेडियन : 66.80
आस्ट्रेलिया : 65.90

दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




बातों बातों में मन की बात

दुआ का रंग नहीं होता, मगर ये रंग ले आती है।

-उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि


वर्ष 41 | चंडीगढ़, बुधवार, 24 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्षः दशमी, विक्रमी संवत-2083 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 173 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### नीट पेपर के चलते अस्थाई रोक के बाद टेलीग्राम की प्ले स्टोर पर फिर हुई वापसी



**नई दिल्ली, 23 जून (अप्रस)।** मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम मंगलवार को फिर से गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध हो गया है। नीट यूजी 2026 के दोबारा होने के चलते सरकार ने इस मैसेजिंग ऐप पर करीब एक हफ्ते के लिए एक अस्थाई रोक लगा दी थी। सरकार ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अनुरोध पर 16 से 22 जून तक टेलीग्राम को अस्थायी रूप से ब्लॉक करने का आदेश दिया था। सरकारी एजेंसी का आरोप था कि संगठित नकल गिरोह इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल 21 जून को आयोजित नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को गुमराह करने और उनके साथ धोखाधड़ी करने के लिए कर रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलहाल ऐप प्ले स्टोर पर आ गया है, लेकिन इस प्लेटफॉर्म के एडिट मैसेज फीचर पर रोक 30 जून तक जारी रहेगी। हालांकि, ऐप अभी एप्पल प्ले स्टोर पर नहीं आया है। पिछले हफ्ते, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नीट की दोबारा परीक्षा से पहले एहतियात के तौर पर भारत में टेलीग्राम को 22 जून तक ब्लॉक कर दिया था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को कहा कि ये कदम उन चीटिंग रैकेट्स द्वारा प्लेटफॉर्म के संगठित इस्तेमाल के जवाब में उठाए गए हैं, जो 21 जून 2026 को होने वाली नीट यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को धोखा देने की कोशिश कर रहे थे। शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने नीट यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा से पहले पूरे भारत में टेलीग्राम की सेवाओं को कुछ समय के लिए रोकने के केंद्र सरकार के फैसले को सही ठहराया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के ब्लॉकिंग ऑर्डर को चुनौती देने वाली टेलीग्राम एफजेड एलएलसी की याचिका को खारिज करते हुए, जस्टिस तेजस करिया की सिंगल-जज बेंच ने कहा कि देशव्यापी मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम से जुड़े हालात को देखते हुए मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को 22 जून तक रोकना और उसके मैसेज-एडिटिंग फीचर को 30 जून तक बंद करना सही कदम है।




# पंजाब के गांव बनेंगे देश के सबसे विकसित, बदलाव का नेतृत्व करें सरपंचः मान

## मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बठिंडा में सरपंचों से बातचीत की और उनके काम की सराहना की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बठिंडा, 23 जून।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा है कि पंजाब को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने के लिए उसके गांवों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। उन्होंने सरपंचों से ग्रामीण बदलाव का नेतृत्व करने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार गांवों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। बठिंडा के रामपुरा फूल और तलवंडी साबो में आयोजित 'सरपंच मिलनी' कार्यक्रम के दौरान सरपंचों और पंचों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं और गांवों के विकास में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकारी फंडों का उपयोग इस तरह किया जाना चाहिए कि समाज के हर वर्ग को उसका लाभ मिले। शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे, पुस्तकालयों, स्कूलों, सोलर लाइटों और सतत विकास को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पर्याप्त नहरी पानी उपलब्ध कराने और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के विकास और समृद्धि का सफर निरंतर जारी रहेगा और इसमें पंचायतों की भूमिका निर्णायक होगी।

### कहा- सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है, फंडों की कभी कमी नहीं होने दी जाएगी




**सरपंच का चुनाव सबसे कठिन**

भगवंत मान ने कहा कि सरपंच का चुनाव सबसे कठिन माना जाता है क्योंकि वह सीधे लोगों से जुड़ा होता है। एक अच्छा सरपंच गांव की तस्वीर बदल सकता है और लोगों के जीवन स्तर में सुधार ला सकता है। उन्होंने कहा कि सरपंच लोकतंत्र की नींव हैं और उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ करना चाहिए।

### विकास कार्यों के लिए मिल रहा पर्याप्त अनुदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए 'सरपंच मिलनी' जैसी पहल शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि अब गांवों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त अनुदान मिल रहा है और इसका सही उपयोग होने पर ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। उन्होंने सरपंचों से गांवों में गुटबाजी समाप्त करने की अपील करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद सरपंच पूरे गांव का प्रतिनिधि होता है, इसलिए उसे सभी लोगों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायतों को विकास कार्यों में किसी भी प्रकार के अनुचित हस्तक्षेप से बचना चाहिए और जनहित को सर्वोपरि रखना चाहिए।

### सर्वसम्मति से पंचायत चुनाव कराने वाले गांव भाईचारे की मिसाल

सर्वसम्मति से पंचायत चुनाव कराने वाले गांवों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे गांव सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार गांवों के समग्र विकास और प्रगति के लिए वचनबद्ध है तथा इस नेक कार्य के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरपंच सरकार और गांवों के बीच एक पुल हैं और उन्हें गांवों के विकास में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने सरपंचों से गांवों को स्वच्छ, हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने की अपील भी की ताकि राज्य के पर्यावरण को बचाया जा सके।

### महिला सशक्तिकरण शिक्षा, प्रतिनिधित्व और आर्थिक अवसरों से संभव

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला सरपंचों की मौजूदगी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने महिलाओं से राजनीति और निर्णय प्रक्रिया में अधिक सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता साबित की है और अब उन्हें राजनीति में भी आगे आकर नेतृत्व संभालना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि वास्तविक महिला सशक्तिकरण शिक्षा, प्रतिनिधित्व और आर्थिक अवसरों से संभव है। उन्होंने महिलाओं से समाज और राज्य के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि समानता आधारित समाज और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पंजाब को और अधिक प्रगतिशील तथा समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने कहा कि लड़कियों ने लगभग हर क्षेत्र में लड़कों को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन राजनीति अभी भी उनकी पहुंच से दूर है।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक-एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक घोटाले में सीबीआई की कार्रवाई

# सीनियर आईएएस पंकज अग्रवाल गिरफ्तार अदालत ने दो दिन के सीबीआई रिमांड पर भेजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

- मामले में अब तक की तीसरी बड़ी गिरफ्तारी
- शिक्षा व कृषि विभाग में रहते 60 करोड़ के घोटाले का आरोप
- सीबीआई ने जुटाए कई अहम सबूत

**पंचकूला, 23 जून।** हरियाणा के बहुचर्चित 661 करोड़ रुपये के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक-एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक घोटाले की जांच में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। इस घोटाले में यह अब तक की तीसरी बड़ी गिरफ्तारी है। इससे पहले आईएएस आरके सिंह तथा आईएफएस अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया जा चुका है। सोमवार को पूरी रात आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल से पूछताछ के बाद मंगलवार सुबह सीबीआई ने उनकी गिरफ्तारी की आधिकारिक सूचना जारी की। इसके बाद उन्हें मंगलवार को पंचकूला कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को पंकज अग्रवाल का दो दिन का रिमांड सौंपा है। पेशी के उपरांत बचाव पक्ष के वकील विशाल गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि कोर्ट में सीबीआई मजबूती से अपना पक्ष नहीं रख पाई इसके चलते 2 ही दिन की रिमांड पर ही भेजा गया है।

सीबीआई के अनुसार जिस समय बैंक घोटाला हुआ उस समय पंकज अग्रवाल स्कूल शिक्षा विभाग और कृषि विभाग में प्रधान सचिव थे। यह गिरफ़्तारी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ के सेक्टर 32 ब्रांच में मौजूद हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के खातों से सरकारी फंड के गलत इस्तेमाल के मामले में की गई है। उन्हें आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। हरियाणा सरकार के कहने पर सीबीआई ने यह मामला अपने हाथ में लिया था। जांच में पता चला कि ये विभाग के खाते हरियाणा सरकार के वित्त विभाग के मौजूदा नियमों का उल्लंघन करके खोले गए थे और बाद में इनमें तय सीमा से ज़्यादा फंड ट्रांसफर किया गया था। ये खाते पंकज अग्रवाल के प्रधान सचिव रहने के दौरान खोले गए थे। जांच से पता चला कि इन विभागों के खातों में धोखाधड़ी वाले लेन-देन के जरिए फंड का गलत इस्तेमाल किया गया, जिससे सरकार को 60.54 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। जांच के दौरान पंकज अग्रवाल के खिलाफ़ ठोस सबूत इकट्ठा किए गए हैं।



**राज्य सरकार की सिफारिशत पर सीबीआई ने लिया केस**

राज्य सरकार की सिफारिशत पर सीबीआई ने हरियाणा के स्टेट विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन ब्यूरो से जांच अपने हाथ में ली थी। इन दो विभागों में हुई धोखाधड़ी में लगभग 60.54 करोड़ रुपये का गलत इस्तेमाल शामिल था। यह आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की सेक्टर 32 ब्रांच में हुए एक बड़े घोटाले का हिस्सा था, जिसमें हरियाणा सरकार के 8 विभागों के 504 करोड़ रुपये निकालकर शेल कंपनियों (फर्जी कंपनियों) में भेजे गए थे। इस मामले में सीबीआई ने अब तक 17 आरोपियों के खिलाफ़ चार्जशीट दाखिल की है, जिनमें आईडीएफसी फर्स्ट बैंक/स्मॉल फाइनेंस बैंक के 6 बैंक अधिकारी, हरियाणा सरकार के 3 सरकारी कर्मचारी, 2 कंपनियां और 6 प्राइवेट व्यक्ति शामिल हैं।

पंचकूला नगर निगम में फंड के गलत इस्तेमाल के मामले में गिरफ़्तार किए गए सीनियर आईएएस अधिकारी आर. के. सिंह को पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीबीआई ने चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश से 2 और मामले अपने हाथ में लिए हैं - एक मामला चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी/चंडीगढ़ नगर निगम से जुड़ा है और दूसरा क्रेस्ट चंडीगढ़ से जुड़ा है। सीबीआई ने इन मामलों में एक-एक चार्जशीट भी दाखिल की है। सीएससीएल मामले में 5 बैंकरों, 1 सीएससीएल अधिकारी और 1 प्राइवेट व्यक्ति के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है; और क्रेस्ट मामले में 5 बैंकरों, 2 क्रेस्ट अधिकारियों, 4 प्राइवेट व्यक्तियों और 2 कंपनियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

# सुप्रीम कोर्ट का पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर सुनवाई से इनकार

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नईदिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उस रिट याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार के उस कथित फैसले को चुनौती दी गयी थी, जिसके तहत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संशोधन के बाद मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों को राशन के लाभ से वंचित किया जा रहा है। न्यायालय ने कहा कि इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय में की जा सकती है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अधिवक्ता एस प्रसन्ना की ओर से त्वरित सुनवाई के अनुरोध को खारिज कर दिया। यह याचिका एक संगठन 'पश्चिम बंगा खेत मजदूर समिति' ने दायर की थी।

पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस याचिका की स्वीकार्यता पर सवाल उठाया और पूछा कि याचिकाकर्ता ने पहले उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। याचिकाकर्ता के वकील ने हालांकि दलील दी कि इस मुद्दे का देशव्यापी असर है, क्योंकि कई राज्य कथित तौर पर एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बाहर किये गये व्यक्तियों को कल्याणकारी लाभ देने से मना कर रहे हैं। इस पर पीठ ने कहा कि यह चुनौती इस संशोधन प्रक्रिया से अलग एक स्वतंत्र मामला है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को यह कहते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय जाने की सलाह दी कि गर्मियों की छुट्टियों के बाद वहां कामकाज दोबारा शुरू हो गया है।









**सुविधा** | मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को दी बड़ी सौगात

# हरियाणा में जमीन रजिस्ट्री और इंतकाल होंगे एक साथः सीएम सैनी

### मुख्यमंत्री ने लॉन्च की पेपरलेस रजिस्ट्री 2.0 और ऑटो म्यूटेशन प्रणाली

### रजिस्ट्री और इंतकाल प्रक्रिया हुई पूरी तरह डिजिटल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक-अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पेपरलेस रजिस्ट्री 2.0 और स्वचलित (ऑटो) इंतकाल प्रणाली का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर दोनों परियोजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में संपत्ति की रजिस्ट्री होने के साथ ही इंतकाल स्वतः दर्ज हो जाएगा और नागरिकों को इसके लिए अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। लोग घर बैठे अपने इंतकाल की स्थिति देख सकेंगे तथा उसकी प्रति ऑनलाइन डाउनलोड भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' और 'विकसित हरियाणा' के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

नायब सैनी ने बताया कि पहले लोगों को इंतकाल और भूमि संबंधी कार्यों के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। नई व्यवस्था से यह प्रक्रिया सरल, तेज और समयबद्ध होगी। उन्होंने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरुआत 29 सितंबर 2025 को कुरुक्षेत्र की लाडवा तहसील से हुई थी और बाद में इसे पूरे प्रदेश में लागू किया गया। अब हितधारकों के सुझावों के आधार पर इसके दूसरे चरण पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 को लागू किया गया है, जिसमें रजिस्ट्री के साथ इंतकाल प्रक्रिया को भी जोड़ा गया है। नई प्रणाली में आवेदन प्रक्रिया को और सरल बनाया गया है। दोनों पक्षों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी अनिवार्य होगी, जबकि डिजिटल हस्ताक्षर और बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था भी लागू की गई है। नागरिक स्वयं, डीड राइटर, अधिवक्ता या हेल्पडेस्क की सहायता से दस्तावेज भर सकेंगे। भूमि की श्रेणी, संबंधित नियमों और विभागीय जानकारियों का विवरण भी सिस्टम में स्वतः उपलब्ध होगा।


शेष पेज-4 पर


### दस्तावेजों के सत्यापन के लिए क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था लागू

मुख्यमंत्री ने बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन के लिए क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था लागू की गई है। अब पासपोर्ट सेवा की तरह रजिस्ट्री के लिए तत्काल श्रेणी में भी अपॉइंटमेंट प्राप्त की जा सकेगी। डीटीपी और एनओसी के लिए अलग से दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी तथा विभागीय सत्यापन पूरी तरह ऑनलाइन होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लंबे समय से लंबित छह लाख से अधिक इंतकाल मामलों में से लगभग चार लाख का निपटान किया जा चुका है। ऑटो म्यूटेशन प्रणाली को लागू करने से पहले एक माह तक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया गया, जिसमें करीब 50 हजार इंतकाल स्वतः दर्ज किए गए। नई व्यवस्था के तहत जिन मामलों में खेवट विभाजन की आवश्यकता नहीं होगी, उनमें 24 घंटे के भीतर इंतकाल स्वीकृत कर दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पीएसपीसीएल में नियुक्त 665 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

कहा–महज साढ़े चार वर्षों में 68268 सरकारी नौकरियां देकर पंजाब ने रचा इतिहास

सरकारी नौकरियों के लिए पसंदीदा स्थान बना पंजाब, विदेश गए युवा भी सरकारी नौकरियां लेने के लिए अब पंजाब लौटने लगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बठिंडा, 23 जून।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) में चयनित 665 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में 68,268 युवाओं को सरकारी नौकरियां देकर नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने दावा किया कि सभी भर्तियां पूरी तरह पारदर्शी और योग्यता आधारित प्रक्रिया के तहत की गई हैं, जिससे रिश्वत और सिफारिश के आधार पर नौकरी पाने की परंपरा समाप्त हुई है। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब आज सरकारी नौकरियों के लिए एक पसंदीदा राज्य बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले रोजगार के अवसरों की कमी और व्यवस्था में पारदर्शिता न होने के कारण बड़ी संख्या में युवा विदेशों का रुख करते थे, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। राज्य सरकार की भर्ती नीति पर बढ़े भरोसे के कारण विदेशों में गए कई युवा भी वापस लौटकर सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विदेशों में रह रहे पंजाबियों से राज्य लौटने की अपील करते हुए कहा कि पंजाब सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। भगवंत मान ने कहा कि सरकारी नौकरी केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि समाज और लोगों की सेवा का अवसर भी है। उन्होंने नव-नियुक्त युवाओं से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नौकरी मिलने के बाद भी सीखने और मेहनत करने का क्रम नहीं रुकना चाहिए। सफलता के साथ विनम्रता बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने महिला कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि परिवीक्षा अवधि पूरी होने के बाद महिला कर्मचारियों को उनके घर से 40 किलोमीटर के दायरे में तैनाती देने की योजना पर काम किया जा रहा है। इससे महिलाओं को अपने पारिवारिक और पेशेवर दायित्वों में संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। शिक्षा क्षेत्र में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब ने स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए हैं। उन्होंने दावा किया कि प्राथमिक और मिडिल स्कूल शिक्षा में पंजाब ने केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए अग्रणी स्थान हासिल किया है। इसके लिए स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक सुविधाओं और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि शिक्षा ही समाज में वास्तविक बदलाव लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसी सोच के तहत सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री के अनुसार, पंजाब के लगभग सभी सरकारी स्कूलों में बिजली की सुविधा उपलब्ध है और अधिकांश स्कूलों में कंप्यूटर भी स्थापित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनता के टैक्स के पैसे का उपयोग लोगों की भलाई के लिए कर रही है।

### स्वास्थ्य योजना के तहत प्रत्येक परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने का किया जा रहा प्रयास

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजना के तहत प्रत्येक परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत पात्र परिवारों को स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा मिल सके। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें और पंजाब की प्रगति में योगदान दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी। इस अवसर पर चयनित उम्मीदवारों ने भी मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और कहा कि पारदर्शी एवं मेरिट आधारित भर्ती प्रक्रिया ने उन्हें निष्पक्ष अवसर प्रदान किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि वे अपने कार्य के माध्यम से जनता की सेवा करेंगे और विभाग की जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

# 4 कर्मचारी यूनियनों के साथ बैठक के बाद, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दिए अधिकारियों को सभी जायज़ मांगों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश

कहा–भगवंत मान सरकार राज्य के कर्मचारियों के अनोखे योगदान का दिल से करती है सम्मान

कर्मचारियों की मांगों से संबंधित प्रस्ताव निर्धारित समय के भीतर कैबिनेट उप–समिति के समक्ष पेश किए जाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



### बैठकों में इन्होंने लिया भाग

इन बैठकों में कोविड–19 मेडिकल और पैरा मेडिकल वालंटियर यूनियन, जल स्पलाई और सेनिटेशन सोशल एंपलाईज़ यूनियन, सर्व (समगरा) शिक्षा अभियान मिड–डे–मील दफ़्तरी कर्मचारी यूनियन और एसोसिएट प्री–प्राइमरी अध्यापक यूनियन के नेतृत्व ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इन बैठकों में मुख्य रूप से यूनियनों के प्रतिनिधि कुलदीप सिंह, राजिंदर सिंह संधा, जगमोहन सिंह, राजविंदर सिंह, नवजोत सिंह, अमनदीप कंबोज, गुरप्रीत सिंह आदि उपस्थित थे।

**चंडीगढ़, 23 जून।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कर्मचारियों की शिकायतों के निपटान के लिए गठित कैबिनेट उप-समिति के चेयरमैन के रूप में आज यहाँ चार कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ उनके मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए विस्तृत बैठकें कीं।

अपने कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठकों के दौरान विभिन्न कर्मचारी यूनियनों द्वारा सौंपे गए मांग पत्रों की समीक्षा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, कर्मचारियों द्वारा उठाई गई सभी वैध माँगों पर सहानुभूतिपूर्वक और तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए जोर देकर कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को समय पर राहत देने के लिए पहले से विचाराधीन मामलों की प्रशासनिक प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने प्रतिनिधिमंडलों को आश्वस्त करते हुए कहा, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार अपने कर्मचारियों के अनोखे योगदान का दिल से सम्मान करती है। उन्होंने प्रशासनिक सचिवों और विभागों के प्रमुखों को वैध माँगों के निपटान में किसी भी तरह की अनावश्यक प्रक्रियात्मक देरी से बचने के निर्देश दिए और कहा, वर्तमान समय में विचाराधीन सभी प्रस्तावों को सुव्यवस्थित किया जाए और एक स्पष्ट, समयबद्ध ढाँचे के भीतर कैबिनेट उप-समिति के समक्ष लाया जाए।

# मिट्टी की उर्वरता से जुड़ेगी पंजाब की खाद्य सुरक्षा, 'जीवित मिट्टी मिशन' और 'धरती दियां धीयां' पहल शुरू

पंजाब राज्य खाद्य आयोग और रीजेनेरेटिंग पंजाब ने तैयार की भविष्य की रणनीति; 23 जिलों में 100 महिला 'सॉइल रीजनरेशन चैंपियन' बनाई जाएंगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 जून।** पंजाब की खाद्य सुरक्षा को मिट्टी की उर्वरता से जोड़ने के उद्देश्य से पंजाब राज्य खाद्य आयोग (पीएसएफसी) और रीजेनेरेटिंग पंजाब संस्था ने मंगलवार को एक विस्तृत विचार-विमर्श सत्र आयोजित किया। इस दौरान सभी संबंधित पक्षों की सक्रिय भागीदारी से भविष्य की रणनीति तैयार करने पर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत पंजाब राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन बाल मुकंद शर्मा ने की। उन्होंने कृषि, जल, स्वास्थ्य और जलवायु के आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए मिट्टी की सेहत सुधारने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह विचार-विमर्श इस वर्ष अप्रैल में शुरू की गई 'मिट्टी तों थाली तक' (मिट्टी से प्लेट तक) पहल का विस्तार था।

रीजेनेरेटिंग पंजाब की संस्थापक सुमीत संधू के साथ मिलकर चेयरमैन ने 'जीवित मिट्टी मिशन' और 'धरती दियाँ धीयाँ' जैसी नई पहलों की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि पंजाब की मिट्टी में जैविक पदार्थ (ऑर्गेनिक मैटर) का स्तर घटकर मात्र 0.5 प्रतिशत रह गया है, जबकि इसकी आदर्श मात्रा लगभग 5 प्रतिशत होनी चाहिए। इससे मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म पोषक तत्वों की क्षमता बढ़ेगी और गुणवत्तापूर्ण व पौष्टिक भोजन सुनिश्चित किया जा सकेगा। सुमीत संधू ने कहा कि इस 'रीजनरेटिव क्रांति' को सफल बनाने के लिए मिट्टी एवं पर्यावरण, जल प्रणालियों, कृषि आजीविका, बाजार एवं मूल्य श्रृंखला तथा डेटा आधारित कार्य समूहों का गठन आवश्यक है। उन्होंने राज्य स्तर पर मिट्टी की गुणवत्ता और क्षमता के व्यापक परीक्षण की भी आवश्यकता बताई। बैठक में जानकारी दी गई कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मोगा जिले के घोलियां कलां गांव में एक मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की गई है।

इस अवसर पर 'धरती दियाँ धीयाँ' पहल की भी शुरुआत की गई। इसके तहत महिलाओं को 'सॉइल रीजनरेशन चैंपियन' और पर्यावरण संरक्षण की अग्रणी के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। राज्य के 23 जिलों में 100 महिला नेताओं का चयन कर उन्हें भूमि, जल और खाद्य प्रणालियों के पुनर्जीवन से जुड़े कार्यों में नेतृत्व की भूमिका दी जाएगी। पहल के तहत स्कूल स्तर पर विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिनके माध्यम से बच्चों और युवाओं को मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही किसानों और ग्रामीण परिवारों को भी इस अभियान से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा।

कार्यक्रम की एक विशेष पहल 'पिंडरी मुकाबला सॉइल कप' होगी, जिसके तहत उन गांवों को सम्मानित किया जाएगा जो मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ भविष्य निर्माण में उत्कृष्ट योगदान देंगे। इस अवसर पर रीजेनेरेटिंग पंजाब के सह-संस्थापक अरिंदम मुखर्जी, पंजाब टाउन प्लानिंग विभाग के सेवानिवृत्त निदेशक एम.एस. औजला, घोलियां कलां गांव के सरपंच एकमप्रीत सिंह, जैविक किसान चमकौर सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हरजोत बैंस के औचक निरीक्षण के बाद मोगा नगर निगम आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी

मिशन क्लीन पंजाब के तहत कागज़ों पर नहीं, जमीनी स्तर पर होगी कार्रवाई, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही की जाएगी तय: हरजोत बैंस

सफाई से कोई समझौता नहीं, पंजाब के हर शहर को स्वच्छ बनाने तक औचक चेकिंग जारी रहेंगी: हरजोत बैंस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/मोगा, 23 जून।** नागरिक स्वच्छता और जनस्वास्थ्य के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने आज सुबह औचक निरीक्षण के बाद मोगा नगर निगम आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि निरीक्षण के दौरान शहर भर में सफाई व्यवस्था में गंभीर कमियां पाई गईं। आज मोगा शहर के दौरे के दौरान हरजोत सिंह बैंस ने स्थानीय निवासियों से बातचीत की और शहर के विभिन्न स्थानों पर खुले में पड़े कूड़े के ढेरों का निरीक्षण किया। ये दृश्य मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के ÷मिशन क्लीन पंजाब÷ के तहत निर्धारित स्वच्छता मानकों के प्रत्यक्ष उल्लंघन को दर्शा रहे थे।

स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा, ÷सफाई व्यवस्था में लापरवाही या अनदेखी के प्रति हमारी जीरो टॉलरेंस नीति है। आज मोगा में मेरे निरीक्षण से यह स्पष्ट हो गया है कि पंजाब के लोग बेहतर और स्वच्छ वातावरण के हकदार हैं और नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने जोर देते हुए कहा, हम कार्यों की लगातार निगरानी कर रहे हैं, कमियों को दूर किया जा रहा है और प्रयासों में तेजी लाई जा रही है। यही मिशन क्लीन पंजाब का मूल सिद्धांत है।

स. हरजोत सिंह बैंस इस माह शुरू किए गए तकनीक आधारित स्वच्छता अभियान मिशन क्लीन पंजाब की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। इस पहल के तहत नगर निगम आयुक्तों से लेकर कार्यकारी अधिकारियों (ईओ) तक सभी अधिकारियों के लिए प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक फील्ड दौरा करना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक अधिकारी की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक शहर को 10 किलोमीटर के जोनों में विभाजित किया गया है, जिनकी निगरानी एक समर्पित पर्यवेक्षण अधिकारी द्वारा की जा रही है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की नागरिक स्वच्छता संबंधी सोच को दोहराते हुए बैंस ने कहा कि मिशन क्लीन पंजाब केवल सरकारी फाइलों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे प्रत्यक्ष प्रशासनिक हस्तक्षेप और जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शहरों में औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को राज्य के शहरी विकास का प्रमुख भागीदार बताया। स. बैंस ने कहा, हम मोगा में एक उदाहरण स्थापित कर रहे हैं। सफाई के मामले में कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जब तक पंजाब का हर शहर स्वच्छता के सर्वोच्च मानकों तक नहीं पहुंच जाता, तब तक औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

# दिव्यांगों की आर्थिक सुरक्षा के लिए मान सरकार प्रतिबद्ध; चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 125 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी: डॉ. बलजीत कौर

कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और सम्मानजनक जीवन प्रदान करना सरकार की मुख्य प्राथमिकता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 जून।** हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य केवल सरकारी योजनाएं चलाना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद और दिव्यांग व्यक्ति तक समय पर सहायता पहुंचाकर उनके जीवन को आसान बनाना है। यह बात सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने विभाग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति साझा करते हुए कही। विभाग की उपलब्धियों का विवरण देते हुए डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा मई 2026 तक दिव्यांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता के रूप में 125 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा सरकार की कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता तथा उनके अधिकारों को प्राथमिकता देने की दृढ़ प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान इस जनकल्याणकारी कार्य को निरंतर जारी रखने के लिए पहले ही 498 करोड़ रुपये की बड़ी राशि का विशेष बजट प्रावधान किया गया है।

# जेल मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने पटियाला जेल विभाग के लिए 14 नई एम्बुलेंसों को दिखाई हरी झंडी

सुरक्षित और मॉडर्न जेल सिस्टम हमारी प्राथमिकता है: डॉ. रवजोत सिंह

जेलों की सुरक्षा और मजबूत की गई: 6 स्निफर डॉग और 12 हैंडलर तैनात किए गए

अर्थ प्रकाश/मोहन शर्मा



**पटियाला 23 जून।** आज पंजाब जेल ट्रेनिंग स्कूल, पटियाला में एक राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पंजाब के जेल मंत्री डॉ. रवजोत सिंह द्वारा जेल विभाग की मॉडर्निटी और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए की गई नई पहलों को लागू किया गया। इस मौके पर, उनके द्वारा डिपार्टमेंट के लिए खरीदी गई 14 अल्ट्रा-मॉडर्न और पूरी तरह से इक्विप्ड एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई गई। ये एम्बुलेंस जेलों में बंद कैदियों को समय पर इमरजेंसी हेल्थ सर्विस देने में मददगार साबित होंगी।

समारोह के दौरान, जेल सुरक्षा सिस्टम को और असरदार बनाया गया और एंटी-ड्रग कैंपेन को और तेज करने के मकसद से एक और अहम कदम भी उठाया गया। 6 स्निफर डॉग और 12 डॉग नेशनल ट्रेनिंग सेंटर फॉर डॉग्स (एनटीसीडी), बीएसएफ टेकनपुर, मध्य प्रदेश से स्पेशल ट्रेनिंग लेकर लौटे हैंडलर्स को अलग-अलग जेलों में तैनाती के लिए भेजा गया। ये स्निफर डॉग्स जेल कॉम्प्लेक्स में ड्रग्स, गैर-कानूनी सामान और दूसरे सुरक्षा खतरों की पहचान करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर जेल मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि पंजाब सरकार जेल सिस्टम को और ज़्यादा ट्रांसपेरेंट, सुरक्षित और मॉडर्न बनाने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जेलों में रहने वाले कैदियों को बेहतर हेल्थ सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि इमरजेंसी हालात में देरी न हो और समय पर इलाज हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जेलों में एंटी-ड्रग कैंपेन को सफल बनाने के लिए सिक्योरिटी के टेक्निकल और ह्यूमन रिसोर्स को मजबूत किया जा रहा है। स्निफर डॉग्स की तैनाती से जेलों में ड्रग्स से जुड़े सामान की तस्करी और गैर-कानूनी गतिविधियों को रोकने में काफी मदद मिलेगी।

# विजिलेंस ब्यूरो ने 70 हजार रुपये और 50 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में इंस्पेक्टर एवं जूनियर ऑडिटर को किया काबू

अर्थ प्रकाश संवाददात



**चंडीगढ़, 23 जून।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, भोगपुर, जिला जालंधर में तैनात इंस्पेक्टर रजनीश रामपाल तथा जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, जालंधर कार्यालय में तैनात जूनियर ऑडिटर मानव भनोट को खरीफ सीजन 2025-26 के दौरान कस्टम मिलिंग के लिए आवंटित धान के भंडारण को पूरा करने संबंधी कार्य में रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि ये गिरफ्तारियां मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पोर्टल पर चीमा मंडी, तहसील सुनाम, जिला संगरूर के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई हैं। उन्होंने बताया कि शिकायत की जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपी रजनीश रामपाल ने शिकायतकर्ता के शैलर में धान के भंडारण कार्य को पूरा करने के लिए पहली किस्त के रूप में 50,000 रुपये रिश्वत ली थी और बाद में गुरविंदर सिंह, एएफएसओ, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, भोगपुर के नाम पर दूसरी किस्त के रूप में 20,000 रुपये और लिए थे।

उन्होंने आगे कहा कि आरोपी मानव भनोट, जूनियर ऑडिटर ने शिकायतकर्ता से अपने लिए तथा नरेंद्र सिंह, जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, जालंधर के नाम पर शिकायतकर्ता के शैलर में धान के भंडारण कार्य को पूरा करने के लिए 50,000 रुपये रिश्वत के रूप में लिए थे। इस संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा तैयार की गई वीडियो रिकॉर्डिंग ने दोनों आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों की पुष्टि की है।

इस मामले में उक्त आरोपियों के विरुद्ध विजिलेंस ब्यूरो थाना, जालंधर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच के दौरान अन्य संदिग्ध अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

# एंटी–गैंगस्टर टास्क फोर्स द्वारा गैंगस्टर नेटवर्कों को बड़ा झटका; 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के तहत 152 दिनों में 713 अवैध हथियार बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 जून।** संगठित अपराध और गैंग से जुड़ी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए तथा उनके नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए भगवंत मान सरकार द्वारा पंजाब पुलिस के माध्यम से चलाए जा रहे 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के 152 दिनों के दौरान राज्यभर में गैंगस्टरों के सहयोगियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध हथियार बरामद करने में सफलता हासिल की गई है। 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान की शुरुआत से अब तक एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने राज्य भर में अभियान के कुल 152 दिनों के दौरान 713 अवैध हथियार, 218 मैगजीन सहित 2009 कारतूस बरामद किए हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि गैंगस्टर युवाओं को बड़े लालच देकर अपने गैर-कानूनी कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें अवैध हथियार उपलब्ध कराना इसी का एक हिस्सा है। पंजाब पुलिस ने समय-समय पर बड़ी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किया है, लेकिन गैंगस्टरों के सहयोगियों से मिले हथियारों ने राज्य में कई अपराधों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, पंजाब पुलिस अवैध हथियारों की तस्करी, सीमा पार से होने वाली तस्करी तथा संगठित अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि ये अवैध हथियार एजीटीएफ द्वारा समय-समय पर चलाए गए विभिन्न सर्च अभियानों और कार्रवाइयों के दौरान बरामद किए गए हैं। 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान की शुरुआत से अब तक अमृतसर ग्रामीण से 92, अमृतसर शहर से 201, फिरोजपुर से 155 तथा तरन तारन से (30 अप्रैल तक) 243 अवैध हथियार, गोला-बारूद और मैगजीन बरामद किए गए हैं, जो इन प्रमुख जिलों में अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों को दर्शाते हैं। पिछले महीने राज्य पुलिस ने अवैध हथियारों की तलाश के लिए अपने अभियान को और तेज किया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए। डीजीपी ने आगे कहा, बरामद किए गए हथियारों में आधुनिक हथियारों से लेकर देसी पिस्तौलें तक शामिल हैं। एजीटीएफ अन्य विभागों के सहयोग से उत्कृष्ट कार्य कर रही है और आने वाले दिनों में गैंगस्टरों तथा उनकी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई पूरे राज्य में जारी रहेगी।

# भगवंत मान सरकार के 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम का प्रमुख स्तंभ बनीं नारकोटिक्स एनोनिमस की बैठकें

रिकवरी कर रहे नशा छोड़ चुके लोगों को नशा–मुक्त बनाए रखने में मिल रही मदद

नारकोटिक्स एनोनिमस पीयर–सपोर्ट कार्यक्रम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत पंजाब के 13 जिलों तक विस्तारित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 जून।** पंजाब सरकार के नशा विरोधी अभियान के उपचार के बाद पुनर्वास पक्ष को और अधिक मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा शुरू किए गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के तहत पंजाब के 13 जिलों में नारकोटिक्स एनोनिमस (एनए) की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। लीडरशिप इन मेंटल हेल्थ प्रोग्राम (एलएमएचपी) फेलोज़ के सहयोग से, नारकोटिक्स एनोनिमस अपने हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूशंस (एच एंड आई) कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों में नियमित जागरूकता और रिकवरी सत्र आयोजित कर रहा है। यह पहल वर्तमान में मुक्तसर, लुधियाना, रूपनगर, मानसा और अन्य नौ जिलों में चल रही है। इस कार्यक्रम के तहत, नारकोटिक्स एनोनिमस की बैठकें रिकवरी कर रहे व्यक्तियों को ऐसा वातावरण प्रदान करती हैं, जहां वे बिना किसी आलोचना के डर के अपने अनुभव, संघर्ष और उपलब्धियां साझा कर सकते हैं। इससे यह विश्वास और मजबूत होता है कि एक रिकवरी कर चुका नशा छोड़ने वाला व्यक्ति ही दूसरे की सबसे बेहतर सहायता कर सकता है।

नारकोटिक्स एनोनिमस रिकवरी कर रहे नशा छोड़ चुके लोगों का एक वैश्विक फेलोशिप संगठन है, जो 12-स्टेप कार्यक्रम और पीयर-लीड बैठकों के माध्यम से सहायता प्रदान करता है ताकि लोग नशा-मुक्त रह सकें। वर्ष 1953 में स्थापित यह संस्था अब अनेक देशों में कार्यरत है और इसका मूल सिद्धांत यह है कि रिकवरी आपसी सहयोग और अनुभवों की साझेदारी के माध्यम से सबसे अधिक प्रभावी होती है। श्री मुक्तसर साहिब के एक रिकवरी कर चुके व्यक्ति, जो सरकारी डी-एडिक्शन सेंटर में एनए बैठकों में नियमित रूप से भाग लेते हैं, ने बताया कि ये सत्र उन्हें नशा-मुक्त रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। नाम गोपनीय रखने की शर्त पर उन्होंने कहा, ÷आप एक सप्ताह या एक महीने तक नशा-मुक्त रह सकते हैं, लेकिन अपने जीवन को स्थायी रूप से नशा-मुक्त बनाने में एनए मदद करता है क्योंकि पीयर ग्रुप के अनुभव आपकी अपनी कहानी से मेल खाते हैं। यदि वे नशा छोड़ सकते हैं तो आप क्यों नहीं? नशा छोड़ने के बाद मैं अपने एक मित्र को भी यहां लेकर आया, जिससे मेरी पहचान नशा मुक्ति केंद्र में हुई थी। उसे भी यह सहायता बहुत लाभदायक लगी है।÷

लुधियाना ड्रग डी-एडिक्शन सेंटर में उपचाराधीन एक मरीज जगपाल सिंह (परिवर्तित नाम) ने कहा, ÷नशा छोड़ चुके अन्य साथियों के अनुभव सुनने का मुझ पर गहरा प्रभाव पड़ा। इससे मेरे भीतर एक सकारात्मक प्रतिक्रिया विकसित हुई। जब मैंने अपनी कहानी सुनाई तो मुझे सुझाव मिले और मैं प्रेरित महसूस करने लगा। मैं सिफारिश करता हूं कि उपचार के साथ-साथ एनए की बैठकें नशे के शिकार व्यक्तियों की रिकवरी में बहुत मददगार हो सकती हैं।÷ स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार का पीयर सपोर्ट नशा मुक्ति के दौरान आने वाली सबसे बड़ी समस्या 'अकेलेपन' से निपटने में काफी सहायक साबित होता है। कार्यक्रम से जुड़े एक स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा, ÷कई मरीज डी-एडिक्शन सेंटर छोड़ने के बाद अकेलापन महसूस करने के कारण दोबारा नशे की ओर लौट जाते हैं। एनए उन्हें एक सपोर्ट नेटवर्क प्रदान करता है और भरोसा दिलाता है कि वे इस लड़ाई में अकेले नहीं हैं।÷ बैठकों में भाग लेने वालों की संख्या हाल के समय में लगातार बढ़ रही है और 13 जिलों में सरकारी सुविधाओं में नियमित सत्र चलाए जा रहे हैं, जो इस अभियान के दीर्घकालिक पुनर्वास पर जोर को दर्शाता है। मानसा में एनए से जुड़े एक एच एंड आई (हॉस्पिटल्स एंड इंस्टीट्यूशंस) समन्वयक ने बताया कि संस्था जिला प्रशासन के सहयोग से बैठकों का आयोजन करती है।

# अपर यमुना रिवर बोर्ड समझौते के तहत राजस्थान को पानी देगा हरियाणा

## जल्द बिछाई जाएगी अंतर राज्जीय पाइपलाइन, होगा एमओयू

- रेणुका, किशाऊ और लखवार बांध परियोजनाओं में आएगी तेजी
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता में हुई दोनों राज्यों की बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 जून।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के नई दिल्ली स्थित आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में दोनों राज्यों से जुड़े जल संसाधन, सिंचाई एवं पेयजल से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

बैठक के दौरान वर्ष 1994 में हुए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) समझौते के तहत राजस्थान के हिस्से के पानी की आपूर्ति के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि समझौते के अनुरूप राजस्थान को उसका निर्धारित जल पाइपलाइन के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इस विषय पर सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा समझौते के तहत राजस्थान को मिलने वाले जल के अधिकार का सम्मान करता है और राजस्थान को निर्धारित हिस्से का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यों के बीच समन्वय और सहयोग से जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकता है, जिससे सभी प्रदेशों को लाभ मिलेगा।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान केवल समझौते के तहत निर्धारित जल की ही मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में नदियों में बहने वाले अतिरिक्त जल का प्रभावी उपयोग कर यदि उसे राजस्थान तक पहुंचाया जाए तो राज्य के एक बड़े क्षेत्र में पेयजल संकट का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि रेणुका, किशाऊ और लखवार बांध परियोजनाएं उत्तर भारत के राज्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके क्रियान्वयन में जल्द तेजी लाई जाएगी। इन परियोजनाओं के माध्यम से भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति, सिंचाई क्षमता में वृद्धि तथा पेयजल उपलब्धता को मजबूत आधार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को लेकर संबंधित राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाते हुए आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने घग्गर नदी में गिरने वाले दूषित जल के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि घग्गर नहर में गिरने वाले पानी के उपचार के लिए अलग से ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे, ताकि बिना शोधन के गंदे पानी का प्रवाह नदी में न हो और जल स्रोतों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में जल प्रबंधन, नदी संरक्षण और अंतरराज्यीय सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक विषयों पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा कहा कि जल संसाधनों के समुचित उपयोग एवं संरक्षण के लिए राज्यों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरियाणा में 420 शहीद आश्रितों को मिली सरकारी नौकरी: राव नरबीर

- अग्निवीरों को आरक्षण देने वाला देश का पहला राज्य बना हरियाणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 जून।** हरियाणा के सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों, अर्धसैनिक बलों के जवानों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है।

राव नरबीर सिंह ने मंगलवार को जारी जानकारी में बताया कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2016 में सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग का गठन किया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2026-27 के बजट में सैनिकों के पुनर्वास एवं आजीविका संवर्धन के लिए हरियाणा सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण निगम की स्थापना की घोषणा की है, जिसकी प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके अलावा विभाग के बजट में 58.93 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 178.14 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक शहीद सैनिकों के 420 आश्रितों को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। साथ ही सशस्त्र पुलिस बलों और अग्निवीरों के लिए दी जाने वाली एकमुश्त वीरता पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की जाएगी। मंत्री ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने अग्निवीरों के पुनर्वास के लिए सरकारी नौकरियों में भूतपूर्व सैनिकों की तर्ज पर आरक्षण देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में हरियाणा मंत्रिमंडल द्वारा नीति को मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि गुरुग्राम, पलवल, पानीपत, झज्जर, नूंह, फतेहाबाद, जींद, नारनौल और रेवाड़ी में एकीकृत सैनिक सदनों के निर्माण की प्रक्रिया जारी है। नूंह में जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग का कार्यालय भी खोला गया है। इसके अलावा रेवाड़ी में सैनिक संग्रहालय तथा नसीबपुर (नारनौल) में युद्ध स्मारक स्थापित करने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल पर नसीबपुर में युद्ध स्मारक बनाने का निर्णय लिया गया है और इसकी समीक्षा भी की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**पुंडरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर बूथ संख्या 106 एवं बूथ संख्या 103 पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय बच्चों ने भाग लेकर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल पुंडरी के महामंत्री ऋषिपाल, बलवंत सिंह गोलन, डॉ. राजेश कुकरेजा, संजीव कुमार, टेकचंद जांगड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बलवंत सिंह गोलन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका जीवन देशभक्ति, समर्पण और जनसेवा की प्रेरणा देता है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को भी उनके जीवन संघर्ष और देश के प्रति समर्पण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बस्ती के बच्चों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही।

### अग्रवाल सभा के सदस्यों का जन्मदिवस समारोह 28 को

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** सिम्बल रोड पर अग्रवाल सभा कार्यालय में प्रधान रमेश गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में 28 जून, दिन रविवार को अग्रवाल सभा के सदस्यों का जन्मदिवस समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 28 जून को सांय 5 बजे अग्रवाल सभा कार्यालय में मनाए जाने वाले सभा के सदस्यों के जन्मदिवस समारोह बारे विस्तृत चर्चा करके समारोह की पूरी रूपरेखा तैयार की गई। प्रेस प्रवक्ता अजय गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरेश सिंगला, प्रवीन जैन, सतपाल गर्ग, कमल जैन, सुशील सिंगला, रवि सिंगला कार्यक्रम की व्यवस्था करेंगे। समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष नरेश बंसल और जैन समाधि प्रधान नरेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में दुर्गा महिला महाविद्यालय समिति में चुने गए अग्रवाल बंधुओं, नवनिर्वाचित प्रधान जगन्नाथ गोयल, महासचिव अनिल गोयल मिंटू, कोषाध्यक्ष रामकुमार गर्ग व कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार, सुखदेव बंसल तथा कर्मबीर बंसल को सम्मानित किया जाएगा। अग्रवाल सभा द्वारा 28 जून, दिन रविवार को रेलवे रोड स्थित दो नहरों के बीच सुबह 5.30 बजे से 7.00 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। इस जांच शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। अग्रवाल सभा के प्रधान रमेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डा. शिव सचदेवा अपनी टीम के साथ सेवाएं देंगे। स्वास्थय जांच शिविर के दौरान बी. पी. व मधुमेह की निःशुल्क जांच की जाएगी तथा जरूरतमंद लोगों को उचित सलाह भी प्रदान की जाएगी। यह स्वास्थ्य जांच शिविर अग्रवाल पीरखाना चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान सतपाल गर्ग के सौजन्य से लगाया जा रहा है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण कार्य में तेजी लाएं: एसडीएम शिवजीत

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 23 जून।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य चुनाव अधिकारी, हरियाणा, चंडीगढ़ के निर्देशानुसार 03-नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का कार्य तेज गति से जारी है। इसी क्रम में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम नारायणगढ़ शिवजीत भारती ने आज सभी एईआरओ तथा चुनाव सुपरवाइजरों की बैठक में उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिये।

बैठक के दौरान एईआरओ एवं चुनाव सुपरवाइजरों को गणना प्रपत्रों की जानकारी देते हुए बीएलओ एप पर गणना प्रपत्र भरने एवं डिजिटलीकरण की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई।

एसडीएम शिवजीत भारती ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के माध्यम से एएसडी सूची तैयार करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्रों के वितरण का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है, इसलिए अब प्राथमिकता के आधार पर गणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए।

उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण निर्वाचन कार्य में पूर्ण पारदर्शिता एवं शुद्धता बरती जाए। यदि किसी अधिकारी अथवा बीएलओ को कार्य निष्पादन के दौरान किसी प्रकार की समस्या या तकनीकी कठिनाई आती है तो वह तत्काल चुनाव कार्यालय से संपर्क कर उसका समाधान प्राप्त कर सकता है।

एसडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर सभी कार्यों को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सके।

बैठक में नायब तहसीलदार सुनील कुमार, बीडीपीओं जोगेश कुमार व आस्था गर्ग, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुदेश बिंदल सहित सुपरवाइजर मौजूद रहे।

### अडानी समूह प्रमुख के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित, दर्जनों ने किया रक्तदान

**कैथल (अप्रस)।** जाने-माने उद्योगपति और अडानी समूह अंबुजा सीमेंट के प्रमुख के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कैथल के नागरिक अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सीमेंट विक्रेताओं और आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के आयोजन के संबंध में टेक्निकल इंजीनियर योगेश जांगड़ा और प्रमोद कुमार ने बताया कि इस नेक कार्य में कैथल शहर के साथ-साथ कलायत, पूंडरी, गुहला और राजौंद सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सीमेंट विक्रेताओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। शिविर के दौरान दर्जनों लोगों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी ने उद्योगपति के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। आयोजकों ने बताया कि जन्मदिन के मुख्य कार्यक्रम के तहत कल विशेष रूप से हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

# अवैध सीवर कनेक्शनों की पहचान शुरू, डेयरियों और सर्विस स्टेशनों को नोटिस

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 23 जून।** शहर की सीवर व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने अवैध सीवर कनेक्शनों की पहचान और जांच का अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के तहत पशु डेयरियों, वाहन सर्विस स्टेशनों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। विभाग के एसडीओ कुलदीप कोहाड़ ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान ऐसे कनेक्शनों की पहचान की जा रही है जो विभागीय नियमों के अनुरूप नहीं हैं। संबंधित संचालकों को निर्धारित समयावधि के भीतर आवश्यक सुधार करने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीवर व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की ओर से जारी नोटिसों के बाद भी यदि नियमों की पालना नहीं की गई तो नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीओ कुलदीप कोहाड़ ने शहरवासियों से विभागीय नियमों का पालन करने और सीवर व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# पंजाब नेशनल बैंक की तरफ से रुपये 10 की नई करेंसी मिलने से ग्राहकों में खुशी की लहर



अर्थ प्रकाश/कृष्ण

**निसिंग, 23 जून।** पंजाब नेशनल बैंक की शाखा (पीएनबी ओबीसी)निसिंग व पंजाब नेशनल बैंक निसिंग की दोनों ब्रांचों में नए कैश पैकेट वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ पीएनबी के मुख्य शाखा प्रबंधक वंदना सिंह (पीएनबी ओबीसी) वह संदीप कुमार मुख्य शाखा प्रबंधक पीएनबी निसिंग करेंसी चेस्ट अधिकारी श्री भूषण लाल जी की उपस्थिति में किया गया। इस शिविर के दौरान लगभग ढाई सौ ग्राहकों को पीएनबी बैंक की तरफ से सुविधा प्रदान की गई और उन्हें रुपये 10 के नए करेंसी नोटों के पैकेट वितरित किए गए। इस शिविर में पीएनबी ग्राहकों के साथ-साथ गैर-पीएनबी ग्राहकों को भी यह सुविधा उपलब्ध कराई गई। नई करेंसी नोट प्राप्त कर सभी ग्रह को ने अपनी खुशी और संतुष्टि व्यक्त की। पीएनबी अधिकारियों के अनुसार बैंक द्वारा ग्राहकों की सुविधा एवं बेहतर सेवा के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन लगातार किया जाता रहेगा।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को दी निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने, संशोधन, स्थानांतरण, गणना फॉर्म भरने तथा दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रोफेसर राजेश श्योकंद ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। वहीं प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने विद्यार्थियों से निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने साथ-साथ परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

# प्रशासन ने शीघ्र ही कचरा डंपिंग यार्ड नहीं हटाया तो सड़कों पर उतरेंगे ग्रामीण: अंग्रेज सिंह गुराया

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 23 जून।** खुराना रोड स्थित कचरा डंपिंग यार्ड के विरोध में पिछले 13 दिनों से चल रहे किसानों और ग्रामीणों के धरने को सोमवार को प्रगतिशील किसान अंग्रेज सिंह गुराया का समर्थन मिला। धरना स्थल पर पहुंचकर उन्होंने प्रशासन और सरकार पर क्षेत्रवासियों की जायज मांगों की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाया तथा चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन तेज करते हुए ग्रामीण सड?ों पर उतरेंगे। अंग्रेज सिंह गुराया ने कहा कि कालू वाली गामड़ी, डेरा गदला, सेक्टर-21, वार्ड-5, खुराना, कुलतारण, पट्टी अफगान, जगदीशपुरा और डोहर सहित आसपास के गांवों के लोग 12 जून से धरने पर बैठे हैं, लेकिन प्रशासन अब तक समस्या के समाधान को लेकर गंभीरता नहीं दिखा पाया है। गुराया ने आरोप लगाया कि कचरा डंपिंग यार्ड का संचालन पर्यावरणीय मानकों और निर्धारित नियमों की खुलेआम अवहेलना करते हुए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को यह समझना होगा कि जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने दावा किया कि डंपिंग यार्ड संचालकों के पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल विभाग तथा संबंधित ग्राम पंचायतों की आवश्यक स्वीकृतियां और अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) तक उपलब्ध नहीं हैं। इसके बावजूद इसे संचालित करने के प्रयास प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। अंग्रेज सिंह गुराया ने बताया कि डंपिंग यार्ड कुलतारण गांव से महज 10 फुट तथा कालू वाली गामड़ी और सेक्टर-21 से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित है, जो सुरक्षा और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप नहीं माना जा सकता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए तो क्षेत्र के किसान और ग्रामीण अपना संघर्ष और तेज करने को विवश होंगे।

# पोर्टल के चक्कर में उलझे किसान, पंजीकरण में हो रही परेशानी

## बिना पंजीकरण के नहीं मिलेगा खाद, फसल रोपाई में अड़ंगा

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराड़ा, 23 जून।** इस बार धान उत्पादक किसान पोर्टल के चक्कर में फंसकर रह गए हैं। फसल के पंजीकरण के लिए उसे घंटों सीएससी सेंटर पर समय बर्बाद करना पड़ रहा है। क्योंकि यदि किसी कास्तकार ने किसी किसान से कई खेत ठेके पर लिए हैं तो उस किसान के पास हर खेत के लिए ओटीपी जाएगा। जिससे खेत ठेके पर लिए हैं उसका आधार कार्ड अथवा फैमिली आईडी जरूरी है। ऐस में कुछ किसान वर्षो से विदेशों में हैं और उनका आधार कार्ड भी नहीं बना। ऐसे में उनके पास ओटीपी नहीं जा रहा और पंजीकरण भी नहीं हो रहा। वहीं जो खेत पंचायत से ठेके पर लिए हैं, उनका ओटीपी भी ग्राम सचिव या सरपंच के फोन पर जाता है। इस समय धान रोपाई का काम चल रहा है, ऐसे में वह पंजीकरण के लिए घंटों सीएससी सेंटर पर बैठे रहते हैं। पंजीकरण ना होने का सबसे बड़ा नुकसान खाद ना मिलना है क्योंकि नए नियम के अनुसार किसान को पंजीकरण के बाद ही खाद मिलेगा। जबकि धान पौध और रोपाई के बाद धान की फसल के लिए खाद बेहद जरूरी है। किसानों की मांग है कि फसली पंजीकरण की प्रक्रिया पहले की तरह सरल की जाए। किसान हरचरण सिंह ने बताया कि मेरे पिता कई वर्ष से विदेश में रह रहे हैं और उनका आधार कार्ड नहीं बना है। कई खेत मेरे पिता के नाम पर हैं, लेकिन आधार कार्ड ना होने के कारण उन खेतों का पंजीकरण नहीं हो पाया है। बिना पंजीकरण के फसल नहीं बिकेगी। वहीं किसान हरीश कुमार, दलजीत सिंह आदि का कहना है कि उन्होंने गांव की पंचायती जमीन ठेके पर ली है। इस जमीन का पंजीकरण करने के लिए या तो सरपंच से फोन मांगने जाना पड़ता है या फिर उसके पास कई ओटीपी जाते हैं जिससे काफी परेशानी होती है। यदि सरपंच का फोन लेकर सीएससी सेंटर जाएं तो सरपंच के काम भी प्रभावित होते हैं। बराड़ा कृषि विकास अधिकारी रविकांत के अनुसार जिन किसानों का पंजीकरण हो चुका है, उन्हें भी खाद नहीं मिल पा रहा है। तकनीकी कारण के चलते पोर्टल पर उनका नाम नहीं दिखा रहा। लेकिन यह दिक्कत जल्द ही ठीक कर दी जाएगी। जिन किसानों का आधार कार्ड नहीं अथवा कोई अन्य दिक्कत आ रही है तो वह उनके कार्यालय में लिखित में अपनी शिकायत दें। उनकी समस्या दूर कर दी जाएगी।

# विकास योजनाओं को समयबद्ध पूरा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: कृष्ण लाल पवार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 23 जून।** हरियाणा के पंचायत, विकास एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पवार ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर नव नियुक्त उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ से शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कैबिनेट मंत्री को आश्वस्त किया कि जिले में केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा फोकस विकास कार्यों में गति लाने और जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर रहेगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने मंत्री कृष्ण लाल पवार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार ने कहा कि जिले के समग्र विकास को लेकर सरकार पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के पूर्ण होने के बाद जिले की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेंगी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है।

मंत्री ने तालाबों के सौंदर्यीकरण, फिरनियों को पक्का करने, ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने तथा अन्य विकास कार्यों को लेकर उपायुक्त के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

इस अवसर पर मंत्री कृष्ण लाल पवार ने पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह से भी मुलाकात कर जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में विकास के साथ-साथ मजबूत कानून व्यवस्था भी शामिल है और इस विषय पर किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है। हमारी सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। जिले में चल रही प्रत्येक विकास योजना की नियमित निगरानी की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी परियोजना अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। गांवों में आधुनिक सुविधाएं, बेहतर सड़कें, मजबूत आधारभूत ढांचा, सुंदर तालाब और विकसित फिरनियां हमारी प्राथमिकताओं में शामिल हैं। सरकार विकास की गति को और तेज करते हुए पानीपत को प्रगति और समृद्धि का मॉडल जिला बनाने के लिए पूरी शक्ति के साथ कार्य कर रही है।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने मंत्री कृष्ण लाल पंवार को विश्वास दिलाया कि जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पुलिस पूरी सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

# चंडीगढ़ खेल प्रतिभाओं की नर्सरी, यहां से निकलेंगे भविष्य के हॉकी चैंपियन: प्रो. असीम घोष

राज्यपाल ने 'ओलंपिक दिवस' समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत, फर्स्ट लेडी श्रीमती मित्रा घोष की भी रही गरिमामयी उपस्थिति

हॉकी देश की पहचान और गौरवशाली विरासत का प्रतीक - राज्यपाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 23 जून।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि चंडीगढ़ लंबे समय से खेल उत्कृष्टता का केंद्र रहा है और इसने देश को अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आज यहां उपस्थित युवा खिलाड़ियों में ही भविष्य के वे चैंपियन हैं, जो भारत की गौरवशाली हॉकी विरासत को आगे बढ़ाएंगे तथा देश और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

राज्यपाल आज चंडीगढ़ के सेक्टर-42 स्थित हॉकी स्टेडियम में 'हॉकी चंडीगढ़' द्वारा आयोजित 'ओलंपिक दिवस' समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर फर्स्ट लेडी श्रीमती मित्रा घोष भी उपस्थित थीं।

प्रो. असीम कुमार घोष ने युवा खिलाड़ियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे पूरे जोश, समर्पण और अनुशासन के साथ खेलें, निरंतर मेहनत कर उत्कृष्टता हासिल करें तथा खेल भावना के उच्चतम मूल्यों को आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धियों के माध्यम से न केवल अपने परिवार, बल्कि अपने शहर, प्रदेश और देश का भी गौरव बढ़ाएं।

खेल को जीवन का महान शिक्षक बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी मैदान पर उतरता है—चाहे वह हॉकी का मैदान हो, एथलेटिक्स ट्रैक हो या बॉक्सिंग रिंग—तो वह ऐसे जीवन-मूल्य सीखता है, जिन्हें कोई कक्षा पूरी तरह नहीं सिखा सकती। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन सिखाता है, ऐसा अनुशासन जो खिलाडी को सूर्योदय से पहले उठने के लिए प्रेरित करता है। यह संघर्षों का सामना करने का साहस देता है और हर बार गिरकर दोबारा उठ खड़े होने की शक्ति प्रदान करता है। खेल जीत में विनम्रता और हार में धैर्य बनाए रखना सिखाता है। ये ऐसे जीवन-मूल्य हैं, जो जीवन भर आपका मार्गदर्शन करते हैं।

हॉकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि यह खेल देश के हृदय में एक विशेष स्थान रखता है। भारत का राष्ट्रीय खेल होने के साथ-साथ यह एक सदी से अधिक समय से देशवासियों के उत्साह और जुनून का प्रतीक रहा है। हॉकी ने देश को अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां और अविस्मरणीय क्षण दिए हैं, जो आज भी युवा पीढ़ी को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय हॉकी का हालिया प्रदर्शन इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के बल पर बड़ी से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे ऐसे युग में जी रहे हैं, जहां अवसरों के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा भी अत्यंत तीव्र है। उन्होंने कहा कि खेल केवल पदक ही नहीं देता, बल्कि खिलाड़ी के व्यक्तित्व और चरित्र का भी निर्माण करता है। यह लक्ष्य निर्धारित करना, उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना, टीम भावना के साथ कार्य करना, प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करना और निरंतर स्वयं को बेहतर बनाते रहना सिखाता है।

इससे पूर्व, राज्यपाल ने प्रतिभागी टीमों से परिचय प्राप्त किया और हॉकी मैच का अवलोकन किया। उन्होंने विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को पुरस्कार भी वितरित किए।

इस मौके पर हॉकी चंडीगढ़ के मुख्य संरक्षक डॉ. चंद्र शेखर, राज्यपाल के परिसहाय स्क्वाड्रन लीडर पी. भरत, हॉकी चंडीगढ़ के अध्यक्ष श्री करण गिलहोत्रा, हॉकी चंडीगढ़ के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉ. पुष्पिंदरजीत सिंह, हॉकी चंडीगढ़ के वाइस प्रेसिडेंट श्री अनिल वोहरा और अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।

## गुरुग्राम में गुंडागर्दी और पुलिस की लापरवाही का मामला

# पहले गाड़ी तोड़ी, फिर बदमाशी दिखाकर दी धमकी; एसएचओ बोले- पीड़ित को न्याय मिलेगा

सीसीटीवी सबूत के बाद भी अब तक नहीं हुई एफआईआर

पीड़ित ने सीपी-डीजीपी से लगाई गुहार

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**गुरुग्राम, 24 जून।** शहर में गुंडागर्दी और पुलिस की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। सेक्टर-5, पार्ट-3, गुरुग्राम निवासी अविनाश की नई मारुति फ्रॉन्क्स कार को घर के बाहर खड़ा देख एक व्यक्ति ने बुरी तरह तोड़ दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी, जिसका वीडियो सबूत मौजूद है। दरअसल, पीड़ित अविनाश पिछले 4 दिन से सेक्टर-5, गुरुग्राम थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन पुलिस ने अब तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की है। अविनाश का आरोप है कि थाना पुलिस आरोपी से मिली हुई है और जानबूझकर कार्रवाई से बच रही है। पीड़ित ने बताया कि सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि किसने गाड़ी तोड़ी और धमकी दी। इसके बाद भी पुलिस कहती है सबूत नहीं है। पीड़ित ने बताया कि नई गाड़ी लोन पर ली थी, अब पूरा परिवार डरा हुआ है।

### सीपी-डीजीपी से न्याय की मांग

थाना स्तर पर सुनवाई न होने के बाद अविनाश ने पुलिस कमिश्नर गुड़गांव और डीजीपी हरियाणा को लिखित शिकायत भेजी है। शिकायत के साथ सीसीटीवी फुटेज, टूटी कार की तस्वीरें और धमकी का वीडियो भी अटैच किया गया है। शिकायत में मांग की गई है कि आरोपी पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए, पीड़ित परिवार को सुरक्षा दी जाए और एफआईआर न लिखने वाले पुलिसकर्मियों पर विभागीय कार्रवाई हो।

### एसएचओ ने दिया आश्वासन

इस मामले में सेक्टर-5 थाना प्रभारी सत्यवान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आईओ पर शिकायत दर्ज होगी। मामले में बनती उचित कार्रवाई की जाएगी। मामले में किसी किस्म की नरमी नहीं बरती जाएगी। शिकायतकर्ता को पूरा न्याय दिलाया जाएगा। पीड़ित के साथ कोई अन्याय नहीं होने देंगे। वहीं डीजीपी मुख्यालय ने भी कहा कि शिकायत मिली है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा सरकार खरीदेगी जल पंप

डीएचपीपीसी की बैठक में 16 करोड़ की खरीद पर मोहर

प्रदेश में बाढ़ से निपटने के प्रबंध शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 जून।** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को सिविल सचिवालय में विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त खरीद समिति (डीएचपीपीसी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश में आगामी मानसून को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण के लिए निर्णय लिए गए। बैठक में डीएचपीपीसी के सदस्य और प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान समिति ने जल भराव और बाढ़ जैसी स्थितियों से निपटने के लिए पाइपों तथा हाई-पावर जल पंपों की खरीद से संबंधित सभी 16 एजेंडा को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। इन उपकरणों और सामग्रियों की खरीद पर प्रदेश सरकार द्वारा 30 करोड़ रुपये से अधिक की राशि व्यय की जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार के इस कदम से प्रदेश के संवेदनशील और निचले इलाकों में जल निकासी व्यवस्था को भारी मजबूती मिलेगी।

मंत्री ने अधिकारियों निर्देश दिए कि बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी सभी सामग्रियों की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाए। आपूर्तिकर्ताओं (सप्लायर्स) द्वारा निर्धारित आपूर्ति कार्यक्रम का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसून के आने से पहले की तैयारियों में किसी भी प्रकार की देरी या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ताकि जनता को जलभराव की समस्या से बचाया जा सके। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने भी विभागीय स्तर पर किए जा रहे इन प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह त्वरित निर्णय जमीनी स्तर पर बाढ़ नियंत्रण में गेम-चेंजर साबित होंगे।

## पेज-1 का शेष

## हरियाणा में जमीन...

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व और लगातार मॉनिटरिंग के कारण यह महत्वपूर्ण पहल संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि अब नागरिकों को इंतकाल के लिए पटवारियों और राजस्व कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। रजिस्ट्री के साथ ही म्यूटेशन की प्रक्रिया स्वतः पूरी हो जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि ऑटो म्यूटेशन प्रणाली और पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 से जमीन संबंधी कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और मामलों का तेजी से निपटान संभव होगा। उन्होंने बताया कि विभाग भविष्य में भी नागरिक सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए नई परियोजनाओं पर काम कर रहा है।

## भाजपा नेता के बेटे की भारी मात्रा में हथियारों के साथ गिरफ्तारी सांप्रदायिक सद्भाव को भंग करने का: धालीवाल

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप धालीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पंजाब की शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को भंग करने का सीधा आरोप लगाया है। धालीवाल ने कहा कि करीब एक महीना पहले जब बम धमाके हुए थे, तब भी उन्होंने डंके की चोट पर कहा था कि भाजपा पंजाब का माहौल खराब करना चाहती है। आज उनकी वह बात 100त्न सच साबित हो गई है। मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए धालीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान की सरकार द्वारा पंजाब में किए जा रहे ऐतिहासिक जनहित के कामों से भाजपा बुरी तरह बौखला गई है। इसी घबराहट में पंजाब को अस्थिर करने के लिए भाजपा खतरनाक चालें चल रही है। इस मौके पर उनके साथ नव-नियुक्त शहरी अध्यक्ष सरबजोत भी मौजूद थे। धालीवाल ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए बताया कि बीती 19 जून को अजनाला के नजदीक गांव हरड़ खुर्द से बीएसएफ और स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने रोहन नाम के एक नौजवान को गिरफ्तार किया है।

# नितिन नबीन के पंजाब दौरे के दौरान भाजपा की दलित-विरोधी मानसिकता हुई बेनकाब, पार्टी कार्यक्रम में एससी नेताओं का किया अपमान: हरपाल सिंह चीमा

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 23 जून।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दावा किया है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के हाल के पंजाब दौरे के दौरान भाजपा की दलित-विरोधी मानसिकता पूरी तरह बेनकाब हो गई है। भाजपा के एक हालिया कार्यक्रम का हवाला देते हुए उन्होंने खुलासा किया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला और सोम प्रकाश जैसे वरिष्ठ एससी नेताओं को दर्शकों में खड़ा रखा गया, जबकि बाकी नेता मंच पर बैठे थे, जो सीधे तौर पर घोर भेदभाव को दर्शाता है।

हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक खास अमीर वर्ग का ही सम्मान करती है जबकि दलितों, मजदूरों और गरीबों को योजनाबद्ध तरीके से हाशिये पर धकेलकर अपमानित किया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पंजाब की आबादी का लगभग 34त्न हिस्सा बनाने वाले अनुसूचित जाति समुदाय ने इस दृष्टिकोण को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब-विरोधी, किसान-विरोधी है और इसका दलित-विरोधी चेहरा अब सबके सामने आ गया है, और पंजाब के लोग ऐसी राजनीति का कड़ा जवाब देंगे।

आप पंजाब एससी विंग के चेयरमैन गुरप्रीत सिंह जीपी के साथ एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, देश में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ होने वाले अपराधों का लगभग 65त्न हिस्सा भाजपा शासित चार राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान से सामने आया है। यह दलितों की सुरक्षा करने में भाजपा सरकार की नाकामी और पिछड़े समुदायों के प्रति पार्टी के गहरे पूर्वाग्रह को दर्शाता है।

भाजपा के वरिष्ठ दलित नेताओं के साथ हुए भेदभाव को उजागर करते हुए उन्होंने खुलासा किया कि पंजाब में पार्टी के एक हालिया कार्यक्रम के दौरान, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला और पूर्व केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश जैसे वरिष्ठ एससी नेताओं को दर्शकों में खड़े होने के लिए मजबूर किया गया, जबकि उच्च नेतृत्व मंच पर विराजमान था। इस घटना ने पंजाब के लोगों के सामने भाजपा का असली चेहरा नंगा कर दिया है।

# हर्बल पार्क में आयोजित योग शिविर में 650 लोगों ने लिया स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 23 जून।** स्वस्थ शरीर, शांत मन और खुशहाल जीवन के संदेश के साथ 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को हर्बल पार्क (सेंट्रल जेल के निकट), अंबाला शहर में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 5:30 बजे से 7:30 बजे तक चले इस कार्यक्रम में योग प्रेमियों, सामाजिक संगठनों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना रहा। इस आयोजन का संयुक्त रूप से संचालन भारतीय योग संस्थान श्री कृष्ण जिला अंबाला, भारतीय योग संस्थान नीलकंठ जिला अंबाला, सुप्रीम हाउस ब्रह्मा कुमारी आश्रम, भारत विकास परिषद गीता गोपाल शाखा, भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा अंबाला तथा सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर-7 अंबाला द्वारा किया गया। सुप्रीम हाउस ब्रह्मा कुमारी आश्रम से आए दिव्या दीदी और मीरा दी ने ध्यान करवाया। इस दौरान पूरा वातावरण शांतमय हो गया। योग शिविर में लगभग 650 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और योग के विविध आयामों का अनुभव प्राप्त किया।

### योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सुरिंदर अरोड़ा सम्मानित



वहीं अंबाला में जिला स्तर पर हुए कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय की ओर से योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंत्री विपुल गोयल ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सुरिंदर अरोड़ा, ब्लॉक स्तर पर नारायणगढ़ से संजय धीमान एवं शहजादपुर से सुनीता विशिष्ट को उल्लेखनीय योग सेवाओं के लिए सम्मान प्रदान किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली एक समग्र जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास तनाव को कम करने, मानसिक शांति बढ़ाने तथा बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. सीमा सिंघल, प्रिंसिपल एम.डी.एस.डी कालेज अम्बाला और विशेष अतिथि के तौर पर कर्नल एम. के स्वामी संरक्षक अम्बाला उपस्थित हुए। अंत में सतीश चावला जी ने सभी का धन्यवाद किया और प्रसाद वितरित किया गया।

**केंद्रीय कारागार और बाल सुधार गृह में लगाया तीन दिवसीय योग शिविर**

इसके अतिरिक्त 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय योग संस्थान श्री कृष्ण जिला अंबाला द्वारा केंद्रीय कारागार, जुवेनाइल सुधार गृह में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही यूनिवर्सल कॉलेज ऑफ ग्रुप लालड़ू, एएलपी निशिकावा तथा पारिजात केमिकल में भी योग शिविर आयोजित किए गए, जिनमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर योग का लाभ प्राप्त किया।


**Muthoot Homefin** मुथूट होमफिन (इंडिया) लि.
कारपोरेट कार्यालय: यूनिट सं. 19-एनई, 19वां तल, दि रूबि, सेनापति बापट मार्ग, समीप रूपारेल कॉलेज, दादर (वेस्ट), मुम्बई, महाराष्ट्र-400 028

**मांग सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पढ़े गए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण की धारा 13(2) के अधीन।

मुथूट होमफिन (इंडिया) लि. (एमएचआईएल) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (कथित अधिनियम) के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 3 के साथ पढ़े गए कथित अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन शक्तियों के निर्वहन में, प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित को संबंधित मांग सूचना में वर्णित राशि का भुगतान करने हेतु निम्नलिखित ऋणियों ('कथित ऋणियों') को आमंत्रित करते हुए कथित अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना जारी की थी।

उक्त के संबंध में, एकबार उन्हे पुनः इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर कथित ऋणियों द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/लिखित, यदि कोई हो, के साथ लोन एग्रीमेंट के अधीन देय भुगतान तथा/अथवा उगाही की तिथि तक निम्न वर्णित तिथि से कथित मांग सूचना में उल्लिखित अनुसार 2% मासिक आगामी ब्याज के साथ निम्न वर्णित राशि का एमएचआईएल को भुगतान करने हेतु कथित ऋणी को सूचित किया जाता है। ऋण की नियत बकाया राशि के भुगतान हेतु प्रतिभूति, निम्नलिखित परिसंपत्तियां कथित संबंधित ऋणियों द्वारा एमएचआईएल को मोर्टगेज की गई है।

| क्र. सं. | ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर का नाम/ऋण खाता सं./शाखा | कुल बकाया देय राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | सिक्योर्ड परिसंपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | धर्म पाल/कमलेश/वाईएएम-एचएल-000368/यमुनानगर | रु. 17,59,480/- केवल सतारह लाख उनसठ हजार चार सौ अस्सी रुपये | 22-मई-2026 | गांव झामरा शाहबाद, एचबी सं. 253, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र में स्थित खेवट सं. 1515//1435, खतौनी सं. 1582 खसरा सं. 53//8 (5-2) में सम्मिलित भूमि माप 5के-2एम में से 20/918 हिस्से के तौर पर भूमि माप 0के-2एम-2सरसाई पर निर्मित रिहायशी मकान बियरिंग संपत्ति आईडी सं. 8सीआरए7बीएच9 के सभी भाग एवं पार्सल, पंजीकृत बिक्री विलेख सं. 566 दिनांक 22.05.2015 के अंतर्गत खरीदी गई, मुटेशन सं. 19500 और वर्ष 2019-2020 के लिए जमाबंदी को साथ पढ़ते हुए सब रजिस्ट्रार शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र के कार्यालय में पूर्ववत पंजीकृत, जिसका माप और चौहद्दी निम्नानुसार है:-उत्तर: 16' अन्य की संपत्ति, दक्षिण:16' गली 20 फीट चौड़ी, पूर्व: 16' पाला राम का मकान, पश्चिम: 38' बलविंदर की संपत्ति। |
| 2. | आशीष/धनपत/एसएनपी-एनएचएल-000007/सोनीपत | रु. 32,47,258/- केवल बत्तीस लाख सैंतालीस हजार दो सौ अठावन रुपये | 20-मई-2026 | संपत्ति बराकबा तादादी 204.44 वर्ग गज अर्थात 6.72 मरला 121/378 भाग अराजी मावाजी, तादादी 01 कनाल 01 मरला, खेवट सं. 286, खाता सं. 405, एमयू.सं. और किता सं. 58//18, तादादी 1 कनाल 1 मरला मौजा भौरा रसूलपुर, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत, हरियाणा के सभी भाग एवं पार्सल, चौहद्दी: उत्तर-सुबे सिंह का मकान, दक्षिण-धनपती का प्लाट, पूर्व-टिनु पुत्र जयपाल का प्राईवेट रास्ता, पश्चिम-गन्नौर रोड। |

यदि कथित ऋणी उक्त कथित अनुसार एमएचआईएल को भुगतान करने में असफल होंगे, तो एमएचआईएल अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू नियमों के अधीन उक्त सिक्योर्ड परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगा, जिसकी लागत और परिणाम का कथित ऋणियो के पूर्ण जोखिम पर होगा। कथित ऋणियों को अधिनियम के अधीन एमएचआईएल की पूर्व लिखित सहमति प्राप्त किए बिना बिक्री, लीज अथवा अन्य द्वारा उक्त कथित परिसंपत्तियों से प्रतिबंधित किया जाता है। किसी व्यक्ति द्वारा कथित अधिनियम अथवा नियमों के अधीन प्रावधानों का कोई उल्लंघन अथवा निषेधाज्ञा अधिनियम के अधीन प्रदान अनुसार कारावास तथा/अथवा दण्ड के लिए उत्तरदायी होगा।

**तिथि: 24 जून, 2026,**
**स्थान: कुरुक्षेत्र, सोनीपत**

**हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी**
**मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड**



**पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल, पटियाला-147001
कारपोरेट पहचान संख्या: U40109PB2010SGC033813, वेबसाईट: www.pspcl.in
(संपर्क सं. 0164-2756347,96461-17659)

**निविदा पूछताछ सं. 1941/एसएसएमसी/ओ एवं एम/पीसी-2809 दिनांक:23.06.2026**

मुख्य अभियंता/ओ एवं एम (पी एवं पी सैल-II), जीएचटीपी, लेहरा मोहब्बत-151111 जिला बठिण्डा द्वारासब स्टेशन उपकरणों के लिए स्पेशल टेस्टिंग किट्स की प्रक्योरमेंट हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, मात्रा निआसू के अनुसार। विस्तृत निआसू एवं निविदा विनिर्देशन हेतु कृपया https://eproc.punjab.gov.in पर 23.06.2026 को 17.00 बजे से पधारें।

**टिप्पणी:-** शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।

जीएचटीपी-54/26



**पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
(पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला)
कारपोरेट पहचान सं. U40109PB2010SGC033813
(संपर्क संख्या 96461-16019)

**निविदा पूछताछ सं. 01/डीआईवी-एनकेडी-एसएचटी/2026-27 दिनांक: 23.06.2026**

अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता/ओपी मंडल पीएसपीसीएल नकोदर शाहकोट द्वारा मंडल नकोदर शाहकोट के अधीन उप मंडल शाहकोट के लिए आउटसोर्सड वाहन मोहिंद्रा/जीनियस बोलेरो/टाटा 207/408 अथवा समान मूल्य के डबल डोर वाहन की हायरिंग हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत निआसू एवं निविदा विनिर्देशन 23.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे से पीएसपीसीएल कार्यालय अर्थात मंडल, नकोदर शाहकोट से प्राप्त किए जा सकते हैं।

निविदा दस्तावेज/ विनिर्देशन प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि एवं समय-07.07.2026 को अप. 01.00 बजे

**टिप्पणी:** शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, https://pspcl.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।

सी675/26



रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 Regd. No. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-19062026-273607
CG-DL-E-19062026-273607
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
Part II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3070] नई दिल्ली, बुधवार, जून 17, 2026/ज्येष्ठ 27, 1948
No. 3070] NEW DELHI, WEDNESDAY, JUNE 17, 2026/JYAISTHA 27, 1948

**रेल मंत्रालय**
[उत्तर रेलवे (गति शक्ति इकाई)]
**अधिसूचना**
नई दिल्ली, 17 जून, 2026

**का.आ. 3192 (अ).**—रेलवे अधिनियम, 1989 (2008 में संशोधित), की धारा 2 के खण्ड (7अ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी नीचे तालिका के कॉलम (2) में वर्णित अधिकारी को प्राधिकृत करती है कि वह तालिका के कॉलम (5) में वर्णित रेलवे परियोजना के कार्य निष्पादन अनुपालन प्रबंधन एवं परिचालन हेतु कॉलम (3) में वर्णित जनपद एवं कॉलम (4) में वर्णित राज्य में सक्षम प्राधिकारी के रूप में कार्य निष्पादित करें।

| सक्षम प्राधिकारी | जनपद | राज्य | परियोजना का नाम |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| विशेष भूमि अद्‌याप्ति अधिकारी, सहारनपुर, उ.प्र. सरकार | सहारनपुर | उत्तर प्रदेश | इएलएस/एसआरई में अम्ब्रेला कार्यों 2019-20 के अंतर्गत लोको को एक छोर से दूसरे छोर तक लोको की शंटिंग की सुविधा के लिए शेड बायपास लाइन का प्रावधान। |

[फा.सं. 190-W/Land/GSU/UMB/SRE]
संजय कुमार श्रीवास्तव,
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी.

2147/2026



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| Sn | Lot No. | Description | Auction Start Date/Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-DUI-RCR-70-26-2 | अम्बाला मंडल के धूरी रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 2 | MSS-UMB-LHA-RCR-72-26-2 | अम्बाला मंडल के लेहरा गागा रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 3 | MSS-UMB-JUDW-RCR-84-26-1 | अम्बाला मंडल के जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 4 | MSS-UMB-ANSB-RCR-86-26-1 | अम्बाला मंडल के आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 5 | MSS-UMB-NLDM-RCR-87-26-1 | अम्बाला मंडल के नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 6 | MSS-UMB-RPAR-RCR-88-26-1 | अम्बाला मंडल के रूप नगर रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 7 | MSS-UMB-SFMU-RCR-71-26-2 | अम्बाला मंडल के सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 8 | MSS-UMB-BTI-RCR-85-26-1 | अम्बाला मंडल के बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र मे फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)। | 02.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 9 | PnU-UMB-SRE-WRL-71-26-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, कुल क्षेत्रफल 20 x 11 वर्ग फुट (साइट-प्लान के अनुसार)। | 07.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 10 | PnU-UMB-RPJ-WRL-70-26-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, जिसका आकार 3 मीटर x 4 मीटर अर्थात कुल क्षेत्रफल 12 वर्ग मीटर है (साइट-प्लान के अनुसार)। | 07.07.2026 12.00.00 hrs. |
| 11 | PnU-UMB-SIR-WRL-72-26-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, जिसका आकार 3 मीटर x 5.37 मीटर अर्थात कुल क्षेत्रफल 16.11 वर्ग मीटर है (साइट-प्लान के अनुसार)। | 07.07.2026 12.00.00 hrs. |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2162/2026



**पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
(पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला)
कारपोरेट पहचान संख्या: U40109PB2010SGC033813, वेबसाईट: www.pspcl.in
संपर्क सं. 96461-23800

वरि. एक्सईएन सिविल निर्माण एवं रखरखाव मंडल, ऑफिसर फ्लैट सं. 18, समीप 23 सं. रेलवे क्रॉसिंग, शक्ति विहार, पीएसपीसीएल पटियाला द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदाकरण विधि के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं:

| कार्य का नाम | निविदा पूछताछ संख्या/तिथि |
|---|---|
| 66केवी एस/एस मलेरकोटला स्थित एसएचबी के रूफ स्लैब की विशेष मरम्मत एवं अस्थाई सपोर्ट उपाय। | 16/सीसीएम/पीटीए/2026-27/19.06.2026 |

विस्तृत निआसू और निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया 22.06.2026 को अप. 01.00 बजे से www.pspcl.in पर पधारें।

**टिप्पणी:** शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, www.pspcl.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।

सी676/26

# चंडीगढ़ में सड़क सुरक्षा परियोजनाओं की समीक्षा, उपायुक्त ने समयबद्ध कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात प्रबंधन, दुर्घटना पीड़ितों के कैशलेस उपचार और राह-वीर योजना की प्रगति पर चर्चा; छह लोगों को सम्मानित करने का निर्णय



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 जून।** चंडीगढ़ में चल रही सड़क सुरक्षा पहलों एवं अवसंरचना कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक निशांत कुमार यादव, आईएएस, उपायुक्त, चंडीगढ़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में एसएसपी (ट्रैफिक एवं सुरक्षा), एसडीएम, राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए), इंजीनियरिंग विभाग, शहरी नियोजन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम चंडीगढ़ तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में सेक्टर 14/25 तथा सेक्टर 25/38 को विभाजित करने वाली सड़क पर रोड फर्नीचर की स्थापना एवं इंजीनियरिंग उपायों के कार्यान्वयन, खराब यातायात संकेतकों की मरम्मत एवं प्रतिस्थापन, डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड के निकट धनास पुल, मटका चौक तथा इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के टी-पॉइंट पर ऑटोमैटिक ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) सिग्नलों की स्थापना तथा पंचकूला एवं बलटाना मोड़ों पर यातायात संकेतकों की व्यवस्था के माध्यम से यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने एवं जाम कम करने संबंधी कार्यों की जानकारी दी गई।

समिति को एयरपोर्ट लाइट प्वाइंट से एयरपोर्ट तक सड़क चौड़ीकरण, ट्रांसपोर्ट चौक से ट्रिब्यून चौक तथा कालीबाड़ी लाइट प्वाइंट से सेक्टर-47 लाइट प्वाइंट तक साइकिल ट्रैक के भौतिक पृथक्करण, चिन्हित घातक दुर्घटना स्थलों पर सड़क इंजीनियरिंग उपायों के कार्यान्वयन, साइकिल ट्रैकों पर रिसाव की मरम्मत, प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस सहायता बूथों की स्थापना तथा शहरभर में रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं द्वारा किए गए अतिक्रमणों के विरुद्ध की गई कार्रवाई से भी अवगत कराया गया।

### सभी चल रही सड़क सुरक्षा परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के महत्व पर दिया बल

उपायुक्त ने सभी चल रही सड़क सुरक्षा परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के महत्व पर बल दिया तथा संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने, यातायात प्रबंधन में सुधार लाने तथा शहर के सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सुरक्षित, सुगम एवं यात्री-अनुकूल यातायात वातावरण विकसित करने के प्रति चंडीगढ़ प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रधानमंत्री राहत योजना, जिसे सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया है, की भी विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि गैर-गंभीर मामलों में 24 घंटे के भीतर तथा जीवन-रक्षक उपचार वाले मामलों में 48 घंटे के भीतर दुर्घटना मामलों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को योजना के अंतर्गत लंबित निधि निर्गमन मामलों की समीक्षा कर निर्धारित समयावधि में अद्यतन स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की राह-वीर योजना (गुड समैरिटन योजना) पर भी चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 'गोल्डन ऑवर' के दौरान समय पर सहायता प्रदान करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना एवं सम्मानित करना है। समिति को बताया गया कि छह व्यक्तियों ने दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने में त्वरित सहायता प्रदान की है। उनके सराहनीय मानवीय प्रयासों की प्रशंसा करते हुए समिति ने योजना के प्रावधानों के तहत सत्यापन उपरांत उन्हें प्रशंसा प्रमाण-पत्र तथा ?25,000 की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित करने का निर्णय लिया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रेरणास्रोत: सौदान सिंह

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 23 जून।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा प्रदेश कार्यालय कमलम, सेक्टर-33 में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके राष्ट्रहित में दिए गए सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। जम्मू-कश्मीर में लागू दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था के विरुद्ध उनका संघर्ष भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि ÷एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे÷ और इसी संकल्प के लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता ही नहीं बल्कि दूरदर्शी शिक्षाविद् और राष्ट्रनिर्माता भी थे। वे देश के सबसे युवा कुलपति बने तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने सिद्धांतों से समझौता करने के बजाय पद त्यागना स्वीकार किया। वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना कर उन्होंने राष्ट्रवादी राजनीति की ऐसी नींव रखी, जिसका विस्तार आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में पूरे देश में दिखाई देता है।

भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा पूरे प्रदेश के सभी छह जिलों में कुल 12 पुष्पांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों में हजारों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लेकर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा उनके राष्ट्रवादी विचारों और बलिदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्श, राष्ट्र प्रथम की उनकी भावना और अखंड भारत का उनका संकल्प आज भी करोड़ों देशवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पूरे चंडीगढ़ में आयोजित इन श्रद्धांजलि कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश पांचाल, इंदिरा सिंह, भारत कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि रावत, प्रकोष्ठ एवं विभागों के संयोजक शक्ति देवशाली, सह-संयोजक रमेश सहोर, प्रदेश सचिव रुचि शेखड़ी, मीनाक्षी ठाकुर, सोनिया दुग्गल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनम वर्मा, स्पोर्ट्स सेल संयोजक प्रभजीत लाम्बा, जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक, सोनू सरपंच, खुशविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सेक्टर-42 में ओपन जिम का उद्घाटन, लोगों को मिली आधुनिक फिटनेस सुविधा



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** सेक्टर-42 स्थित मकान नंबर 1150 के सामने पार्क में मंगलवार को अत्याधुनिक ओपन जिम का उद्घाटन एरिया पार्षद एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने महिला शक्ति के सम्मान में महिलाओं से रिबन कटवाकर कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि अब तक उन्हें व्यायाम और फिटनेस गतिविधियों के लिए अन्य पार्कों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा घर के नजदीक ही उपलब्ध हो गई है। ओपन जिम में आठ आधुनिक फिटनेस उपकरण लगाए गए हैं, जिनकी मदद से बच्चे, युवा और बुजुर्ग नियमित व्यायाम कर सकेंगे। जसबीर सिंह बंटी ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जिम के साथ पार्क में नई टेबल और बेंच भी लगाई गई हैं, जिससे विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में राजकुमार शर्मा, मलकीत सिंह, पवन सिंगला, हरिंदर रावत, ओम प्रकाश गुप्ता, रे ए. तोमर, विनोद कौशल, राजन कालिया और कृष्ण कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### गांव दरिया में लगी भीषण आग के बाद स्थानीय निवासियों में भय का माहौल, प्रशासन से सुरक्षा उपायों की मांग



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** गाँव दरिया की एंट्री के पास स्थित फैक्ट्री क्षेत्र में बीती रात लगी भीषण आग ने स्थानीय निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। आग की लपटें और धुएँ का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दिया, जिससे आसपास के रिहायशी क्षेत्र में रहने वाले लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया। स्थानीय निवासी आशीष गजनवी ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा 1 साल में यह तीसरी बड़ी दुर्घटना है उन्होंने बताया कि लगभग 10-15 वर्ष पहले जब इन फैक्ट्रियों की स्थापना हुई थी, उस समय आसपास आबादी बहुत कम थी। लेकिन आज यह क्षेत्र घनी आबादी वाला रिहायशी इलाका बन चुका है और बड़ी संख्या में परिवार इन फैक्ट्रियों के आसपास रहते हैं। आशीष गजनवी ने कहा, हम किसी भी उद्योग, व्यापार या रोजगार के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन क्षेत्रवासियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। बीती रात की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा मानकों और आपातकालीन व्यवस्थाओं की गंभीर समीक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने चंडीगढ़ प्रशासन, फायर विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों से मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष जांच करवाई जाए तथा संबंधित इकाइयों में फायर सेफ्टी मानकों, फायर एनओसी और अन्य सुरक्षा प्रबंधों की जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आगे कहा कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### सेक्टर-34 के बड़े कोचिंग इंस्टिट्यूट में सरप्राइज़ फायर सेफ्टी ऑडिट किया गया

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पब्लिक सेफ्टी और आग से बचाव के अपने वादे को मज़बूत करते हुए, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ की फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज़ ने आज सेक्टर-34 के बड़े कोचिंग इंस्टिट्यूट का सरप्राइज़ फायर सेफ्टी इंस्पेक्शन किया। यह इंस्पेक्शन एमसी चंडीगढ़ के जॉइंट कमिश्नर-कम-चीफ फायर ऑफिसर डॉ. इंदर जीत की देखरेख में किया गया। फायर स्टेशन सेक्टर-17, सेक्टर-32, राम दरबार और मनीमाजरा के स्टेशन फायर ऑफिसर्स की एक टीम ने हेलिक्स इंस्टीट्यूट, एलन करियर इंस्टीट्यूट, श्री चैतन्य एकेडमी, एलेक्स इंस्टीट्यूट, हेड मास्टर एकेडमी, नारायण कोचिंग सेंटर और पीडब्ल्यू विद्यापीठ जैसे बड़े एजुकेशनल इंस्टिट्यूट का इंस्पेक्शन किया। इंस्पेक्शन में फायरफाइटिंग सिस्टम, इमरजेंसी एग्ज़िट, निकलने के इंतज़ाम, रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पहुँच और आग और लाइफ सेफ्टी नियमों का पालन करने पर फोकस किया गया। ड्राइव के दौरान, कुछ जगहों पर कुछ कमियां देखी गईं और संबंधित मैनेजमेंट को तुरंत सुधार के कदम उठाने का निर्देश दिया गया ताकि पूरी तरह से पालन पक्का हो सके। डॉ. इंदर जीत ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जिन इंस्टीट्यूशन में बड़ी संख्या में स्टूडेंट पढ़ते हैं, उन्हें सुरक्षा और तैयारी के सबसे ऊंचे स्टैंडर्ड बनाए रखने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कमज़ोर जगहों की जांच तेज़ करने और आग से सुरक्षा के नियमों का सख्ती से पालन पक्का करने का निर्देश दिया। फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज़, एमसी चंडीगढ़, रेगुलर जांच, जागरूकता कैंपेन और आग और जीवन सुरक्षा स्टैंडर्ड को असरदार तरीके से लागू करके जान और माल की सुरक्षा के अपने मिशन पर अडिग है।



## पेपर लीक, बेरोजगारी व शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के खिलाफ कांग्रेस का बड़ा जनजागरण अभियान

# मोदी सरकार युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने में पूरी तरह विफल: लक्की

कहा-देश का नौजवान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 23 जून।** देशभर में बढ़ती बेरोजगारी, लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों और शिक्षा व्यवस्था की खामियों के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला नंबर-2 द्वारा सेक्टर-36 मार्केट में जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार, अभय चंदेल और मनीष लांबा ने किया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सेक्टर-36 को कार्यक्रम स्थल के रूप में इसलिए चुना गया क्योंकि यहां एमसीएम कॉलेज सहित कई शिक्षण एवं कोचिंग संस्थान हैं, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और युवाओं की आवाजाही रहती है।

यह युवाओं के मुद्दों को लेकर कांग्रेस द्वारा आयोजित दूसरा जनजागरण कार्यक्रम था। इससे पहले ऐसा कार्यक्रम मनीमाजरा में आयोजित किया जा चुका है। पार्टी ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी स्क्रीन लगाकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के राजस्थान के कोटा में छात्रों को संबोधित करने वाले कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। छात्रों, अभिभावकों और युवाओं ने इसे देखा तथा कांग्रेस नेताओं के साथ शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। नेताओं ने युवाओं की समस्याएं और सुझाव भी सुने।

सभा को संबोधित करते हुए एच.एस. लक्की ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश का युवा आज दोहरी चुनौती का सामना कर रहा है। एक ओर प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से लाखों छात्रों की मेहनत प्रभावित हो रही है, वहीं दूसरी ओर पढ़ाई पूरी करने के बाद भी रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आज शिक्षित युवा नौकरी की तलाश में भटकने को मजबूर हैं। उनका आरोप था कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामले सरकार की विफलता को उजागर करते हैं और इससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर सिंह बंटी ने कहा कि चंडीगढ़ में भी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर घट रहे हैं। नगर निगम और अन्य सरकारी संस्थानों में स्थायी नौकरियों के बजाय ठेका प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे रोजगार की सुरक्षा कम हुई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी और उनके हितों की लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से जारी रखेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा, स्थानीय नागरिक तथा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एमवाई भारत चंडीगढ़ ने यूथ क्लब डेवलपमेंट कैंपेन 2026 की शुरुआत की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 जून।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एमवाई भारत चंडीगढ़ ने युवाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने तथा संगठित युवा समूहों के माध्यम से सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे चंडीगढ़ में यूथ क्लब डेवलपमेंट कैंपेन 2026 की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत चंडीगढ़ में कार्यरत सभी मौजूदा यूथ क्लबों, महिला मंडलों एवं युवा संगठनों को एमवाई भारत से संबद्ध होकर राष्ट्र निर्माण की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। अभियान के माध्यम से युवाओं को नए यूथ क्लब गठित कर उन्हें एमवाई भारत के साथ पंजीकृत कराने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता के लिए छह स्वयंसेवकों-मोहिनी, कस्तूरी, कार्तिक, पंकज, तनिष तथा वैभव-को चंडीगढ़ के विभिन्न सेक्टरों में तैनात किया गया है। ये स्वयंसेवक जागरूकता गतिविधियों का संचालन करने के साथ-साथ युवा समूहों को संबद्धता प्रक्रिया में सहायता प्रदान करेंगे। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए एमवाई भारत चंडीगढ़ के जिला युवा अधिकारी श्री विनय कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यरत युवा संगठनों को सशक्त बनाना तथा चंडीगढ़ में यूथ क्लबों का एक सशक्त और सक्रिय नेटवर्क तैयार करना है।

# गोल्डी ढिल्लों के नाम पर कई लोगों को धमकी भरे मैसेज और लाखों की फिरौती मांगने वाले आरोपी को जेल भेजा

पैसे कमाने का जरिए सोचकर कदम उठाया था

पकड़ा गया आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर था

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 23 जून।** बीते दिन सैक्टर 11 स्थित केमिस्ट शॉप के केशियर जानकी दास की हत्या के बाद गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने इसकी जिम्मेदारी ली थी।लेकिन यह बात सही है या फेक थी। इसकी पुष्टि अर्थ प्रकाश नहीं करता। गोल्डी ढिल्लों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।इसका फायदा उठाते हुए पंजाब के जिला बरनाला के रहने वाले एक युवक गोल्डी ढिल्लों के नाम से कई लोगों को धमकी भरे मैसेज भेजे।और लाखों रुपए की फिरौती मांगने का आरोप है। जिसकी पहचान पंजाब के जिला बरनाला निवासी जसकरण के रूप में हुई है।और वह एसी मैकेनिक है। जिसने अपने मोबाइल फोन से चंडीगढ़ के कई कारोबारी को मैसेज भेजे। जिसमे लिखा गया था कि लाखों रुपए तुरंत बताए गए खाते में भेजे। नहीं तो अंजाम केशियर जानकी दास जैसा होगा। कुछ कारोबारियों ने यह मैसेज देख कर तुरंत पुलिस से संपर्क किया था। यह मैसेज थाना 19, मनी माजारा और थाना 34 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत रहने वाले लोगों को भेजे गए थे। पुलिस के अनुसार पता चला कि पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि सेक्टर 11 वाला मामला काफी चर्चा में था। पैसे कमाने का जरिए सोचकर कदम उठाया था। यूटी पुलिस ने नंबर की लोकेशन ट्रेस करते हुए आरोपी को पंजाब के जिला बरनाला से गिरफ्तार किया। मामला सीनियर अधिकारियों के संज्ञान में। आया था। सभी मैसेज एक जैसे थे। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया था। रिमांड खत्म होने के बाद पुलिस ने आरोपी को पुनः मंगलवार को जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को न्यायकि हिरासत में भेज दिया।

# पंजाब के राज्यपाल एवं नगर प्रशासक नगर निगम की विशेष सदन बैठक को 27 को करेंगे संबोधित

संबोधन में प्रशासक नशे के विरुद्ध आमजन को संबोधित करेंगे

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 23 जून।** चंडीगढ़ नगर निगम सदन की विशेष बैठक आगामी 27 जून को होने जा रही है। इस बैठक को चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया संबोधित करेंगे। संबोधन में प्रशासक नशे के खिलाफ आमजन को जागरुत होने के लिए आह्वान करेंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक 27 जून को सुबह 11.20 बजे एमसी के असेंबली हाल में संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के रूप में आयोजित किया जा रहा है। एमसीसी के सभी पार्षदों और अधिकारियों को सुबह 11.25 बजे तक सीट ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

चंडीगढ़ के प्रशासक श्री कटारिया काफी लंबे समय से नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान से जुड़े हैं।

वह पंजाब में नशा विरोधी मुहिम को लेकर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### वरिष्ठ अधिकारियों एवं पार्षदों को प्रतियां प्रेषित

नगर निगम ने संबंधित लेटर की प्रतियां निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, संयुक्त आयुक्तों, मुख्य अभियंता, लॉ आफीसर, जन संपर्क अधिकारी तथा अन्य विभागों के प्रमुखों को भी भेजी हैं ताकि संबंधित व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जा सकें। राजनीतिक एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि नगर निगम के जनरल हाउस में राज्यपाल का संबोधन विशेष मायने रखता है। यह माना जा रहा है कि राज्यपाल अपने संबोधन में नशे के विरुद्ध सामूहिक जिम्मेदारी युवाओं की भूमिका और शहर में जागरुकता अभियान को मजबूत करने पर जोर दे सकते हैं। बैठक अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है।

### टीबी मुक्तभारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने 115 टीबी रोगियों को निक्षय मित्र के रूप में अपनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 जून।** क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों को बेहतर सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्वास्थ्य विभाग, यू.टी. चंडीगढ़ के चिकित्सकों ने चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान : 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत 115 टीबी रोगियों को निक्षय मित्र के रूप में अपनाया है। इस पहल के तहत चिकित्सकों ने स्वेच्छा से उपचार अवधि के दौरान अपनाए गए रोगियों को पौष्टिक आहार किट (न्यूट्रिशनल फूड बास्केट) उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। यह पोषण सहायता रोगियों के उपचार पालन, शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा समग्र स्वास्थ्य सुधार में सहायक होगी। यह पहल राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत संचालित निक्षय मित्र कार्यक्रम का हिस्सा है, जो व्यक्तियों, संस्थानों और संगठनों को टीबी रोगियों को पोषण, सामाजिक एवं व्यावसायिक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा 115 रोगियों को अपनाना, रोगियों की चिकित्सा आवश्यकताओं के साथ-साथ उनकी पोषण संबंधी जरूरतों के प्रति स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह गतिविधि टीबी मुक्त भारत अभियान : 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से संवेदनशील एवं उच्च जोखिम वाले समूहों में गहन स्क्रीनिंग, शीघ्र निदान, निवारक उपचार तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ जनसहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। यह अभियान 'हाँ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं: भारत के नेतृत्व में, जनभागीदारी से संचालित' थीम के अंतर्गत चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग, यू.टी. चंडीगढ़ ने नागरिकों, शैक्षणिक संस्थानों, संगठनों तथा कॉर्पोरेट भागीदारों से निक्षय मित्र पहल से जुड़ने और टीबी रोगियों को पोषण एवं सामाजिक सहयोग प्रदान करने में योगदान देने की अपील की है।

# आशा किरण सेक्टर-46, चंडीगढ़ में दिव्यांगों के लिए एसआईआर जागरूकता अभियान आयोजित

मतदाता सूची में सही और अद्यतन जानकारी सुनिश्चित करने पर जोर; सांकेतिक भाषा दुभाषिये की मदद से प्रतिभागियों को दी गई विशेष जानकारी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 जून।** विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के संबंध में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आशा किरण, सेक्टर-46, चंडीगढ़ स्थित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में दिव्यांगजनों (क्2ष्ठह्य) के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों, उनके देखभालकर्ताओं तथा संस्थान के कर्मचारियों को एसआईआर प्रक्रिया के महत्व तथा मतदाता सूची में सही एवं अद्यतन जानकारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना था। प्रतिभागियों को प्रक्रिया, पात्रता मानदंड तथा मतदाता विवरणों के समय पर सत्यापन एवं अद्यतन किए जाने के महत्व की जानकारी दी गई।

समावेशिता एवं प्रभावी संवाद सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक भाषा दुभाषिये की व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रवण बाधित प्रतिभागी कार्यक्रम में दी जा रही जानकारी को भली-भांति समझ सके और जागरूकता सत्र में सक्रिय रूप से भाग ले सके।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सूचना पुस्तिकाएं एवं जागरूकता सामग्री वितरित की गई। अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

अभियान के माध्यम से समावेशी सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया गया तथा यह सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई कि प्रत्येक पात्र नागरिक, विशेषकर दिव्यांगजन, अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रभावी रूप से उपयोग कर सके।

कार्यक्रम में आशा किरण के प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन चंडीगढ़ में दिव्यांगजन समुदाय के बीच मतदाता जागरूकता, सुगम्यता तथा निर्वाचन प्रक्रिया में समावेशी भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

सम्पादकीय

## अब लखनऊ में अग्निकांड, क्या सिस्टम कभी सुधर भी पाएगा

करीब 20 दिन पहले की बात है, जब राजधानी नई दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड में 21 लोगों की मौत हो गई थी। संभव है, अब ज्यादातर लोगों की याददाश्त से वह हादसा मिट चुका है। लेकिन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज में एक तीन मंजिला बिल्डिंग में आग से 15 लोगों की मौत ने एक बार पुनः उस भीषण हादसे की याद दिला दी। लोग वैसे ही जान बचाने को ऊपर की मंजिलों से आग की लपटों के बीच नीचे कूद रहे थे। दिल्ली के होटल की तरह एक ही एग्जिट और एंट्रेंस, वैसे ही बेसमेंट, दर्जनों एसी और उनकी तारें। फायर ब्रिगेड के देरी से पहुंचने की शिकायतें। सरकार के मंत्रियों का मौके पर पहुंचना। माता-पिता और अभिभावकों का रुदन। पोस्टमार्टम और जांच के लिए कमेटी का गठन। मुआवजे की घोषणा और शोक संदेश की बाढ़। जैसे अब ऐसे हादसे नियमित मामले हो गए हैं। एक हादसे के बाद सरकार की ओर से तमाम दावे किए जाते हैं, मीडिया और जहां-तहां कमियों, खामियों को गिनाने में रात-दिन निकलने लगते हैं। बड़ी-बड़ी चर्चाएं होती हैं, सरकार संज्ञान लेती है। मंत्रियों और उनसे ऊपर बैठे ओहदेदारों के बयान आते हैं। निर्देश जारी होते हैं, अधिकारी सस्पेंड होते हैं। बिल्डिंग का ओनर गिरफ्तार होता है। कड़ी कार्रवाई के दावे किए जाते हैं और फिर एक दिन सब भूल जाते हैं, शायद एक नए हादसे के इंतजार में। दिल्ली के होटल में 3 जून को अग्निकांड हुआ था और अब 22 जून को लखनऊ के रिहायशी इलाके में इस कमर्शियल इमारत के अंदर आगजनी हो गई। यानी एक ही माह के अंदर उत्तर भारत में दो भीषण अग्निकांड।

**लखनऊ में जिस इमारत में यह अग्निकांड हुआ, उसमें भी नियमों का उल्लंघन सामने आ रहा है। बताया गया है कि यह इमारत रिहायशी इस्तेमाल के लिए थी लेकिन इसे प्रयोग किया जा रहा था कमर्शियल प्रयोग के लिए। यहां पर एनिमेशन ट्रेनिंग सेंटर बनाया हुआ था और जिस समय अग्निकांड हुआ, तब यहां 30 छात्र थे। इस हादसे के बाद राज्य सरकार ने अधिकारियों पर कार्रवाई की जो जल्दी दिखाई है, अगर समय रहते उन्हीं अधिकारियों ने इसकी जांच कर ली होती कि यह इमारत तय नियमों के अनुसार संचालित है या नहीं तो संभव है, यह 15 जिंदगियां आज सांस ले रही होतीं। लेकिन वह सिस्टम चाहे राजधानी दिल्ली का हो या फिर लखनऊ का, न एसी कमरों से बाहर आना चाहता है और न ही एसी गाड़ियों से पैर नीचे रखना चाहता है।**

लखनऊ में जिस इमारत में यह अग्निकांड हुआ, उसमें भी नियमों का उल्लंघन सामने आ रहा है। बताया गया है कि यह इमारत रिहायशी इस्तेमाल के लिए थी लेकिन इसे प्रयोग किया जा रहा था कमर्शियल प्रयोग के लिए। यहां पर एनिमेशन ट्रेनिंग सेंटर बनाया हुआ था और जिस समय अग्निकांड हुआ, तब यहां 30 छात्र थे। इस हादसे के बाद राज्य सरकार ने अधिकारियों पर कार्रवाई की जो जल्दी दिखाई है, अगर समय रहते उन्हीं अधिकारियों ने इसकी जांच कर ली होती कि यह इमारत तय नियमों के अनुसार संचालित है या नहीं तो संभव है, यह 15 जिंदगियां आज सांस ले रही होतीं। लेकिन वह सिस्टम चाहे राजधानी दिल्ली का हो या फिर लखनऊ का, न एसी कमरों से बाहर आना चाहता है और न ही एसी गाड़ियों से पैर नीचे रखना चाहता है। पूरे देश में सरकारी सिस्टम इसी तरह से काम करता है और सबसे दुखद यह है कि जिसकी जो जिम्मेदारी होती है, वह उसे पूरा करने से कतराता है। राजनीतिकों की मजबूरी है कि उन्हें पांच साल बाद फिर जनता के सम्मुख जाना है, वोट के लिए। इसलिए जब भी ऐसे कांड होते हैं तो वे वहां पहुंचते हैं और सधे हुए ऐसे बयान देते हैं, जैसे इस हादसे के बाद अब कहीं कोई और हादसा नहीं होगा। इस कोताही के बाद अब कहीं कोई और कोताही नहीं होगी। बेशक, वे भी जानते होते हैं कि अगर पब्लिक के सामने अभी रोना पड़े तो रो लो। जनता के सामने शोक के सागर में डूबने का नाटक करना पड़े तो कर लो। चाहे जितने भी अधिकारियों को सस्पेंड करना हो, कर लो। कुछ दिन की बात है। जनता सब भूल जाएगी। कौन पूछता फिरेगा कि जिस अधिकारी को सस्पेंड किया था, वह फिर से उसी कुर्सी पर काबिज क्यों हो चुका है। क्योंकि सरकारी सिस्टम है, जो इसी प्रकार चलता है। घूम कर फिर सब वहीं पहुंच जाता है।

दिल्ली के होटल में भी जमकर कोताही बरती जा रही थी। इसे सरकार की ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट स्कीम के तहत चलाया जा रहा था, इस स्कीम के तहत अग्निशमन, एमसीडी या पुलिस की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती। दिल्ली में इस समय ऐसे 1 हजार से ज्यादा बीएनबी संचालित किए जा रहे हैं। जाहिर है, नियमों में ढील का फायदा कारोबारी इस तरह से उठाते हैं, लेकिन उनकी भूल निर्दोषों पर भारी पड़ती है। लखनऊ में भी यही हुआ है, यहां इमारत का नक्शा आवासीय था लेकिन उसे बना दिया गया था व्यवसायिक। निश्चित रूप से अग्निकांड कहीं भी हो सकता है। यह भी संभव है कि जिस इमारत में सभी नियम पूरे किए जा रहे हों, वहां पर भी हादसा हो सकता है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि आखिर ऐसे हादसों के बाद सरकार की ओर से तुरंत बचाव की प्रभावी प्रणाली क्यों नहीं अमल में लाई जाती। फायर ब्रिगेड बाद में पहुंचती है, तब आग भड़क चुकी होती है और उसमें फंसे लोग जान बचाने को छलांग लगाने को मजबूर होते हैं। इस हादसे के पीड़ित भी फोन पर अपने परिजनों से बचाने की गुहार लगाते रहे लेकिन उस समय फायर ब्रिगेड न जाने कहां थी। जाहिर है, राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित किए जाने की जरूरत है कि अग्निकांड होने की स्थिति में कम से कम जनहानि हो, इसे यकीनी बनाया जाए। वहीं नियमों का उल्लंघन कर बनाई गई ऐसी इमारतों पर बुलडोजर चलाया जाए।

# यूएई की ब्रह्मोस में दिलचस्पी से बदलेगा खाड़ी का सामरिक समीकरण, भारत बनेगा नया रणनीतिक केंद्र

पश्चिम एशिया की बदलती शक्ति राजनीति के बीच भारत के लिए एक जबरदस्त रणनीतिक अवसर उभरता दिखाई दे रहा है। संयुक्त अरब अमीरात अब भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली खरीदने पर गंभीर बातचीत कर रहा है। यह खाड़ी क्षेत्र की बदलती सामरिक दिशा का खुला संकेत है। देखा जाये तो यह वही क्षेत्र है जहां पाकिस्तान दशकों तक इस्लामी सैन्य एकजुटता के नाम पर अपना प्रभाव जमाने की कोशिश करता रहा, लेकिन अब हालात तेजी से बदल रहे हैं।



भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच चल रही यह बातचीत उस समय सामने आई है जब सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हुआ है। दोनों देशों के बीच ऐसे समझौते हुए हैं जिनमें सुरक्षा सहयोग और सैन्य प्रतिक्रिया का पहलू भी शामिल है। ऐसे में सऊदी अरब के पड़ोसी संयुक्त अरब अमीरात का भारत की सबसे घातक और चर्चित मिसाइल प्रणाली में रुचि दिखाना केवल व्यापारिक फैसला नहीं माना जा सकता। इसके पीछे पश्चिम एशिया की गहरी शक्ति प्रतिस्पर्धा और पाकिस्तान को लेकर बदलती सोच साफ दिखाई देती है।

हम आपको बता दें कि ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज परिचालन सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल मानी जाती है। इसे जमीन, समुद्र और हवा तीनों माध्यमों से दागा जा सकता है। भारत और रूस ने मिलकर इसे विकसित किया है। फिलीपींस, वियतनाम और इंडोनेशिया के बाद यदि संयुक्त अरब अमीरात इसे खरीदता है तो यह भारत के रक्षा निर्यात इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल होगा। इससे भारत केवल हथियार बेचने वाला देश नहीं बल्कि वैश्विक सामरिक संतुलन बनाने वाला शक्ति केंद्र बनकर उभरेगा।

आकाशतीर प्रणाली की चर्चा भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह भारत की स्वदेशी स्वचालित वायु रक्षा नियंत्रण प्रणाली है, जिसे भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड ने विकसित किया है। हाल के संघर्षों में ड्रोन और मिसाइल हमलों ने जिस तरह युद्ध की तस्वीर बदल दी है, उसके बाद खाड़ी देश अपनी वायु सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क हो गए हैं। ईरान, इजराइल और क्षेत्रीय संघर्षों के कारण पूरा पश्चिम एशिया अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे माहौल में संयुक्त अरब अमीरात ऐसी रक्षा प्रणाली चाहता है जो तेज, सटीक और बहुस्तरीय सुरक्षा दे सके।

सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि संयुक्त अरब अमीरात अब केवल अमेरिका या पश्चिमी देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। वह अपने रक्षा आपूर्तिकर्ताओं का दायरा बढ़ा रहा है ताकि किसी एक शक्ति के दबाव में न आना पड़े। भारत उसके लिए आदर्श विकल्प बनकर उभरा है क्योंकि भारत तकनीकी रूप से सक्षम है, तेजी से उभरती सैन्य शक्ति है और पश्चिम के साथ भी उसके अच्छे संबंध हैं।

यहीं पर पाकिस्तान की बेचैनी शुरू होती है। दशकों तक पाकिस्तान खाड़ी देशों के लिए सैन्य सहयोगी बना रहा। पाकिस्तानी सेना ने सऊदी अरब और खाड़ी देशों में प्रशिक्षण से लेकर सुरक्षा तक में भूमिका निभाई। लेकिन अब वही खाड़ी देश भारत की सैन्य तकनीक पर भरोसा दिखा रहे हैं। यह पाकिस्तान की रणनीतिक हार है।

देखा जाये तो संयुक्त अरब अमीरात के पाकिस्तान से दूर जाने के पीछे केवल सामरिक कारण नहीं हैं, बल्कि भरोसे का संकट भी है। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली, कट्टरपंथी संगठनों को लेकर उसकी खराब छवि, आतंकवाद को लगातार समर्थन और राजनीतिक अस्थिरता ने खाड़ी देशों का विश्वास कमजोर किया है। संयुक्त अरब अमीरात को यह समझ आ गया है कि पाकिस्तान भरोसेमंद साझेदार नहीं रह गया, जबकि भारत एक स्थिर, मजबूत और तेजी से उभरती वैश्विक शक्ति बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच बनी व्यक्तिगत केमिस्ट्री ने दोनों देशों के रिश्तों को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। मोदी के कार्यकाल में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहे, बल्कि रक्षा, ऊर्जा, निवेश, आतंकवाद विरोधी सहयोग और समुद्री सुरक्षा तक फैल गए। यही वजह है कि आज अबू धाबी को भारत केवल हथियार बेचने वाला देश नहीं, बल्कि ऐसा रणनीतिक साथी नजर आ रहा है जो संकट की घड़ी में मजबूती से साथ खड़ा रह सकता है।

इसके अलावा, विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के रिश्तों में हाल के वर्षों में तनाव बढ़ा है। तेल उत्पादन, यमन नीति, क्षेत्रीय नेतृत्व और आर्थिक प्रतिस्पर्धा जैसे कई मुद्दों पर दोनों देशों के बीच मतभेद सामने आए हैं। ऐसे में यदि सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ गहरे रक्षा संबंध बना रहा है तो संयुक्त अरब अमीरात का भारत की ओर झुकाव एक संतुलनकारी रणनीति के रूप में देखा जा सकता है।

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब खाड़ी की राजनीति दो अलग ध्रुवों की तरफ बढ़ रही है। एक तरफ सऊदी अरब और पाकिस्तान का पारंपरिक सामरिक समीकरण है, तो दूसरी तरफ संयुक्त अरब अमीरात भारत के साथ नई रणनीतिक धुरी बनाता दिख रहा है। भारत के लिए यह स्थिति बेहद लाभकारी है क्योंकि इससे उसे पश्चिम एशिया में अभूतपूर्व सामरिक पहुंच मिल सकती है।

भारत के लिए एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पिछले वर्ष पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान ब्रह्मोस के प्रभावी उपयोग ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। इसके बाद कई देशों ने इस मिसाइल में रुचि दिखाई। थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और चिली जैसे देश भी इसे खरीदने की इच्छा जता चुके हैं। यानी भारत अब केवल हथियार आयात करने वाला देश नहीं रहा, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार का निर्णायक खिलाड़ी बन चुका है।

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि मार्च 2026 में समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात चार अरब डॉलर के पार पहुंच गया, जबकि 2013-14 में यह केवल 7.26 करोड़ डॉलर था। यह उछाल बताता है कि भारत की रक्षा तकनीक अब विश्व स्तर पर भरोसेमंद मानी जा रही है।

बहरहाल, यदि संयुक्त अरब अमीरात के साथ यह समझौता अंतिम रूप लेता है तो इसके कई दूरगामी परिणाम होंगे। एक तो इससे भारत की सामरिक साख अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचेगी। साथ ही पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि खाड़ी में उसका एकाधिकार खत्म हो चुका है।

इसके अलावा, पश्चिम एशिया में भारत की सैन्य और कूटनीतिक मौजूदगी और मजबूत होगी।

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर 5500 रुपए लेकर फरार

चंडीगढ़ स्थानीय सेक्टर 7 में एक कार चालक द्वारा धोखाधड़ी करके 5500 रुपए लेकर भाग जाने का समाचार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सैनी मोहल्ला बनूड के निवासी शान चंद के घर गत दिवस एक व्यक्ति एम्बेसडर कार से आया तथा कहने लगा कि वह उसकी (ज्ञान चंद की) बेटी के ससुराल लुधियाना से आया है। व्यक्ति कार सवार ने आते ही ज्ञान चंद जी कहा कि 5500 रुपए तैयार करो। तुम्हारे बेटे जीवन कुमार को चंडीगढ़ में नौकरी दिलानी है। ज्ञान चन्द ने तुर्त-फुर्त में 5500 रुपए लिए तथा अपने बेटे व एक पड़ोसी गुरपाल सिंह को उसी कार में बिठाकर चंडीगढ़ ले आया। चंडीगढ़ पुलिस में दायर रिपोर्ट में ज्ञान चंद ने बताया कि उस कार चालक ने उसे तथा गुरपाल को सेक्टर 7 में मकान नंबर 45 के निकट उतार दिया तथा उसके बेटे जीवन कुमार को लेकर यह कहकर कहीं चला गया कि मैं पैसे जमा करवाने है ज्ञान चंद ने आगे बताया कि कार चालक ने सेक्टर 7 के शोरूमों के नजदीक जीवन कुमार से पैसे लेकर कहा कि तुम रुको मैं अभी आया। इतना कहकर वह वहां से फरार हो गया।

### नहर निर्माण-एक सवालिया निशान

सतलुज यमुना संपर्क नहर का कार्य पंजाब तथा हरियाणा राज्यों के बीच खींचातानी के कारण पिछले कई सालों से मुकम्मल नहीं हो पाया है। नहर के कार्य बारे दोनों राज्यों के नेता समय-समय पर तरह-तरह के बयान देते रहते है, जिस कारण यह मसला सुलझने की जवाब और अधिक जटिल हो जाता है। गत दिवस पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह ने एक और बात कह डाली कि जिस प्रकार हरियाणा रावी नदी के पानी का हिस्सा मांगता है उसी तरह यमुना नवी जल में पंजाब का हिस्सा बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हरियाणा यमुना नदी से पंजाब के हिस्से का दे दे तो पंजाब भी हरियाणा की रावी नदी से जल उपलब्ध करा देगा। श्री बेअंत सिंह ने यह भी कहा कि अगर हरियाणा रावी नदी से अपने हिस्से की मांग छोड़ देगा तो पंजाब भी यमुना से अपने हिस्से का पानी नहीं मांगेगा। श्री बेअंत सिंह की इन शर्तों के पीछे भले ही राजनीतिक कारण रहे हो, लेकिन इसके बावजूद दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों को चाहिए कि वे अपने राजनैतिक हितों को प्राथमिकता न दें बल्कि सामाजिक आवश्यकताओं तथा जनता के हितों का भी ध्यान रखें।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1314- बैनॉकबर्न की लड़ाई-रॉबर्ट द ब्रूस ने एडवर्ड द्वितीय को हराकर स्कॉटलैंड को हराया।
1340 - एक सौ साल का युद्ध- एडवर्ड III ने फ्रांसीसी नौसेना को नष्ट कर दिया।
1441 - ईटन कॉलेज की स्थापना।
1497 - जॉन कैबट न्यूफ़ाउंडलैंड पहुंचे।
1564 - महारानी दुर्गावती मुगलों से जंग के दौरान शहीद हुई।
1571 - मनीला की स्थापना मिगुएल लोपेज़ डी लेगाज़पी ने की।
1664 - न्यू जर्सी कॉलोनी की स्थापना हुई।
1692 - किंग्स्टन शहर की स्थापना हुई।
1793 - फ्रांस ने अपना पहला गणतंत्रात्मक संविधान अपनाया।
1812 - नेपोलियन बोनापार्ट ने रूस पर आक्रमण किया।
1821 - काराबोबो की लड़ाई।
1913 -ग्रीस और सर्बिया ने बुल्गारिया के साथ संधि को तोड़ा।
1916 - द्वितीय विश्व युद्ध- सोम की लड़ाई।
1922 - वेमर गणराज्य के विदेश मंत्री वाल्टर रथेनाउ की हत्या कर दी गई। हत्यारों को 17 जुलाई को गिरफतार कर लिया गया।
1940 - द्वितीय विश्व युद्ध- फ्रांस और इटली में अवसर।
1948 - सोवियत संघ ने बर्लिन के साथ मैत्रीपूर्ण जमीनी संपर्क खो दिया।
1961 - भारत के पहले स्वदेशी एचएफ 24 सुपरसोनिक लड़ाकू विमान ने उड़ान भरी।
1986 - भारत सरकार ने अविवाहित महिलाओं के लिए भी मातृत्व लाभ को स्वीकृति दी।
1996 - माइकल जॉनसन ने 19.66 सेकंड में 200 मीटर दौड़कर विश्व रिकॉर्ड बनाया
2002 - इगांडू, तंजानिया के पास ट्रेन दुर्घटना। 281 मारे गए।
2004 - न्यूयॉर्क राज्य में मौत की सजा को असंवैधानिक घोषित किया गया।
2004 - जॉन नेग्रोपोटे ईराक में अमेरिका के पहले राजदूत बने।
2005 - अमेरिका ने भारत की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन करने की घोषणा की।
2006 - फ़िलिपीन्स ने अपने यहाँ मृत्युदंड को समाप्त कर दिया।
2008 - नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
2012 - मिस्र में पहली बार हुए राष्ट्रपति चुनाव में मुस्लिम ब्रदरहुड के मुहम्मद मुर्सी निर्वाचित हुए।
2016 - ब्रिटेन में यूरोपीय संघ से संबंध के प्रश्न पर हुए 23जून के जनमत-संग्रह में आधे से ज्यादा लोगों ने अलगाव के पक्ष में मत दिया।

## बोल ब्यूटीफुल



**मिलिंद खांडेकर:** ब्रिटेन में राजनीतिक उठापटक का आलम यह है कि पिछले 10 वर्षों में छह प्रधानमंत्री बन चुके है। प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दो साल पहले उनकी लेबर पार्टी भारी बहुमत से चुनाव जीती थी। सरकार की लोकप्रियता लगातार कम हो रही थी, जिसके चलते उनके खिलाफ बगावत हुई।

**दिलीप मंडल:** ब्रिटेन में सत्ताधारी पार्टी को जब ये लगता है कि उसका प्रधानमंत्री अलोकप्रिय हो रहा है और अगला चुनाव नहीं जितवा पाएगा तो पार्टी उसे हटा देती है। जबकि भारत की वंशावादी पार्टियों में पार्टी को बार-बार हराने वाला भी नेता बना रहता है। इस बीमारी से मुक्त होने के कारण ही भाजपा में गतिशीलता बनी रहती है। सीएम से लेकर पीएम पर लोकप्रिय बने रहने और जीतने का दबाव बना रहता है।

**अशोक श्रीवास्तव:** अपने सांसदों की बगावत से परेशान उद्धव ठाकरे ने कहा है कि उनसे गलती हुई कि उन्होंने गद्दारों को टिकट दिया, जो बाहरी थे, उन्हें टिकट दिया। जब वे गद्दार थे, बाहरी थे तो सवाल यही है कि उन्होंने ऐसे लोगों को आखिर क्यों टिकट दिया?

# हर शहर में सुलगती लापरवाही : क्या अगला लखनऊ आपका होगा?

दैनिक अर्थ प्रकाश

जब कागजों की मंजूरियां और बंद लिफाफे सच को ढकने लगते हैं, तब आग केवल इमारतों तक सीमित नहीं रहती, वह व्यवस्था की आत्मा को भी झुलसा देती है। लखनऊ के अलीगंज की घटना किसी एक दिन की दुर्घटना नहीं, बल्कि उस लंबी लापरवाही का विस्फोट थी जिसमें सुरक्षा को हमेशा बाद में टाल दिया गया। इसी पृष्ठभूमि में एक तीखा सवाल उभरता है—जो अब फुसफुसाहट नहीं, बल्कि कठोर सामाजिक आरोप बन चुका है। यह सिर्फ एक घटना का वर्णन नहीं, बल्कि उस ढांचे का दर्पण है जहाँ शिक्षा धीरे-धीरे जोखिम और लाभ के बीच झूलता हुआ बाजार बन गई है।

22 जून 2026 की दोपहर ने लखनऊ के अलीगंज की एक साधारण सी इमारत को मौत के मंजर में बदल दिया। नीचे पेट शॉप और क्लिनिक की रोजमर्रा की हलचल थी, जबकि ऊपर कोचिंग सेंटर में भविष्य संवारने के सपने बुने जा रहे थे। लेकिन कुछ ही पलों में वह इमारत धुएं और आग के भयानक जाल में कैद हो गई। छात्र जान बचाने के लिए भागे, खिड़कियों तक पहुंचे, कुछ ने मजबूरी में छलांग लगाई, पर अधिकांश घने धुएं की दीवार में फंस गए। चीखें धीरे-धीरे खामोशी में घुल गईं। कम से कम 15 युवा जीवन, जो अभी सपनों को पूरी तरह समझ भी नहीं पाए थे, ÷लखनऊ आग में 15 जवान सपनों की राख÷ बनकर हमेशा के लिए मिट गए।



यह हादसा किसी अचानक तकनीकी खराबी का नतीजा भर नहीं था, बल्कि उस व्यवस्था की उपज था जिसने वर्षों तक चेतावनियों को अनसुना किया। जिस भवन में कोचिंग संचालित हो रही थी, उसे 2016 में अवैध निर्माण पर एलडीए द्वारा ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी हुआ था, जिसे दो महीने बाद वापस ले लिया गया था। फायर एनओसी मौजूद नहीं था, और आपातकालीन निकास या तो बंद पड़े थे या केवल औपचारिकता बनकर रह गए थे। खिड़कियों पर लगी लोहे की जालियां/ग्रिल्स बाहर निकलने में बाधक बनीं। प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार एसी में संभावित शॉर्ट सर्किट सिर्फ एक चिंगारी थी, असली आग तो उस लापरवाही में थी जो वर्षों से सुलग रही थी। नीचे व्यापार की रफ्तार जारी थी और ऊपर जीवन दम तोड़ रहा था।

जैसे-जैसे हादसे की परतें खुलती गईं, वही पुराना और असहज करने वाला सवाल फिर सामने खड़ा हो गया—आखिर यह सब हुआ कैसे? अनुमति किसने दी, निरीक्षण किसने किया, और किसने जानबूझकर नजरें फेर लीं? यह केवल प्रशासनिक लापरवाही भर नहीं दिखती, बल्कि एक ऐसे तंत्र की ओर इशारा करती है जहाँ नियमों की कीमत तय होती है और सुरक्षा सिर्फ कागज़ों तक सीमित रह जाती है। यह पैटर्न नया नहीं है। कोटा की आत्महत्याएं, दिल्ली के राजेंद्र नगर की बेसमेंट बाढ़ और अब लखनऊ की यह अग्निकांड—हर जगह कहानी एक ही जैसी दिखती है- भीड़ बढ़ाओ, मुनाफा कमाओ और सुरक्षा को बाद के लिए छोड़ दो।

आज के दौर में छात्र केवल सीखने वाला नहीं रह गया, बल्कि एक चलती-फिरती आर्थिक इकाई में बदल चुका है। माता-पिता कर्ज के बोझ तले फीस चुकाते हैं, अपनी उम्मीदें गिरवी रखकर बच्चों का भविष्य 'खरीदने' की कोशिश करते हैं। कोचिंग उद्योग इस मानसिक दबाव को बखूबी समझता है, इसलिए उसकी संरचना भी उसी अनुरूप गढ़ी जाती है—ऊंची दीवारें, नियंत्रित प्रवेश और अक्सर बंद पड़े आपात निकास। यही वह व्यवस्था है जिसने शिक्षा को धीरे-धीरे ऐसे तंत्र में बदल दिया है, जहाँ जीवन से अधिक महत्व उपस्थिति और फीस को मिलने लगता है।

हादसे के बाद प्रशासनिक प्रतिक्रिया भी उसी पुराने, परिचित ढर्रे पर आगे बढ़ी। जांच के आदेश जारी हुए, शोक संदेश दिए गए, मुआवजे की घोषणाएं हुईं, कुछ गिरफ्तारियां और निलंबन भी हुए—जैसा हर बार होता आया है। मुख्यमंत्री स्तर से कार्रवाई के निर्देश आए, प्रधानमंत्री ने संवेदना व्यक्त की, लेकिन यह संवेदना भी कुछ ही समय में औपचारिकता बनकर रह गई। असली प्रश्न फिर भी अनुत्तरित रहे—क्या यह अंतिम हादसा होगा, या अगली त्रासदी की नींव पहले से ही रखी जा रही है? क्योंकि हर दुर्घटना के बाद यही चक्र दोहराया जाता है और समय के साथ समाज उसे भुला देने की आदत डाल लेता है।

अब प्रश्न व्यवस्था की कार्यप्रणाली नहीं, उसकी नींव की ईमानदारी पर है। कोचिंग सेंटरों को 'शिक्षा का मंदिर' नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से व्यावसायिक इकाई मानकर सख्त नियंत्रण में लाना होगा। हर भवन का फायर ऑडिट और संरचनात्मक सुरक्षा प्रमाणपत्र अनिवार्य होना चाहिए। बेसमेंट में कक्षाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। खिड़कियों पर लगी ग्रिलें रोकने का माध्यम बनने पर दंडनीय अपराध हों, और किसी भी मौत की स्थिति में प्रबंधन पर सीधे आपराधिक हत्या का मुकदमा चले। साथ ही एक स्वतंत्र 'नेशनल कोचिंग सेफ्टी अथॉरिटी' बनाई जाए, जो राजनीतिक दबाव से मुक्त हो।

सुधार की सीमा केवल कोचिंग संस्थानों तक नहीं हो सकती। समस्या उस व्यापक शिक्षा ढांचे में छिपी है, जो छात्रों पर एकतरफा दबाव डालकर सफलता का सीमित रास्ता दिखाता है। जब सफलता का एकमात्र मानक प्रतियोगी परीक्षाएँ बन जाती हैं, तो कोचिंग उद्योग स्वतः ही अनियंत्रित बाजार में बदल जाता है। इसलिए स्कूल-कॉलेज स्तर पर सुधार, परीक्षा प्रणाली का संतुलन और मानसिक दबाव में कमी केवल शैक्षणिक सुधार नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले जरूरी कदम हैं।

अगर अब भी यह चेतावनी अनसुनी रही, तो हर शहर किसी न किसी दिन लखनऊ की ही पुनरावृत्ति बन जाएगा। हर इमारत किसी अंधेरी रात में 'लखनऊ आग में 15 जवान सपनों की राख' जैसी दर्दनाक कहानी दर्ज करती रहेगी। हम तब भी सिर्फ खबरें पढ़ेंगे, जांचें देखेंगे और अगले हादसे के आने का इंतजार करते रहेंगे। लेकिन उस समय शायद सवाल पूछने वाला कोई नहीं बचेगा—क्योंकि तब तक सपने, उम्मीदें और जीवन, सब कुछ पहले ही राख में बदल चुका होगा, और व्यवस्था केवल पछतावे के पन्ने पलटती रह जाएगी।

## ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती के अवसर पर आज शिमला के रिज पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने राज्य के विकास में वीरभद्र सिंह के योगदान को स्मरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभद्र सिंह कांग्रेस पार्टी के एक महान नेता थे जिन्होंने छः बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में सेवाएं दी। उन्होंने प्रदेश के सभी क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और आज हम उनके अमूल्य योगदान को स्मरण कर रहे हैं।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनय कुमार, विधायक हरीश जनारथा एवं चंद्र शेखर, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, पार्षदगण, राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव जैनब चंदेल, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, हिमको फेडरेशन के अध्यक्ष विक्रम शर्मा तथा अन्य गणमान्यों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर मुख्यमंत्री ने ओलंपिक मैराथन का किया शुभारंभ

# सुक्खू ने दिखाई हरी झंडी, 200 खिलाड़ी दौड़े

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर अपने आधिकारिक निवास 'ओक ओवर' से ओलंपिक मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ सीटीओ मार्ग से होते हुए इंदिरा गांधी खेल परिसर, शिमला में संपन्न हुई। इस मैराथन में पुरुष एवं महिला वर्गों में लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल भी शिक्षा का एक स्वरूप है। जिस प्रकार विद्यार्थी शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, उसी प्रकार खिलाड़ियों को भी खेलों में उपलब्धियां हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रयास निरन्तर जारी रखने चाहिए।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश में 'खेलो इंडिया' प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए लगातार प्रयास कर रही है। युवाओं के हित में बिलासपुर, कांगड़ा, ऊना और हमीरपुर जिलों में सुदृढ़ खेल अवसंरचना विकसित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, हमीरपुर जिले के नादौन में 150 करोड़ रुपये की लागत से खेलों के लिए एक उत्कृष्टता का केन्द्र स्थापित किया जा रहा है, जिसके इस वर्ष अक्तूबर महीने तक पूरा होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन और टीम भावना का विकास करते हैं, जो जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से राज्य सरकार के नशा-विरोधी अभियान का सक्रिय समर्थन करने तथा नशामुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का भी आह्वान किया। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। ओलंपिक, पैरालंपिक और शीतकालीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि को तीन करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने शिमला के ऑकलैंड टनल में कार पार्किंग सुविधा का उद्घाटन किया



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला शहर में ऑकलैंड टनल के निकट नवनिर्मित बहुमंजिला कार पार्किंग सुविधा का उद्घाटन किया। इस पार्किंग का निर्माण 7.60 करो? रुपये की लागत से किया गया है जिसमें 145 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आधुनिक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा सुनियोजित शहरी विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पार्किंग सुविधा ऑकलैंड टनल क्षेत्र और उसके आसपास की प्रमुख स?कों पर यातायात का दबाव कम करने, स?क किनारे होने वाली पार्किंग की समस्या से छुटकारा पाने तथा वाहनों की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजधानी शिमला को अधिक सुलभ, व्यवस्थित और यात्रियों के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। यातायात प्रबंधन में सुधार और पर्याप्त सार्वजनिक अवसंरचना का निर्माण सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला में वाहनों की संख्या में तेजी से हुई वृद्धि के कारण यातायात नियंत्रण और पार्किंग प्रबंधन गंभीर चुनौतियों के रूप में उभरी है।



## आंगनबाड़ी रेडीनेस मेला-1 में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, खेल-खेल में सीखने का दिया संदेश

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 23 जून।** बाल विकास परियोजना ऊना के वृत्त बाबा रुद्रू के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र धमान्दरी मंसोह एवं डठवाड़ा-2 द्वारा रेडीनेस मेला-1 का सफल आयोजन डठवाड़ा सामुदायिक भवन में किया गया। यह मेला पर्यवेक्षक नानकी देवी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था

मेले का शुभारंभ नवनिर्वाचित प्रधान चनन सिंह, उपप्रधान गुरजीत सिंह, बीडीसी सदस्य पूनम कुमारी, वार्ड पंच जीत सिंह, रेणु वाला, सन्तोष, उर्मिला, महिला मंडल प्रधान निशा देवी तथा एनजीओ प्रथम से मधु द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। पर्यवेक्षक नानकी देवी ने कहा कि इस प्रकार के रेडीनेस मेले बच्चों में आत्मविश्वास रचनात्मकता एवं सीखने की रुचि को बढ़ावा देते हैं। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक बच्चा स्वस्थ, शिक्षित और संस्कारित बने तथा भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित हो।

मेले में बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, भाषाई, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही गणितीय पूर्व तैयारी और सीखने की बुनियादी क्षमताओं को विकसित करने के लिए आकर्षक एवं रोचक गतिविधियां आयोजित की गई।

## अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करें : डी.सी. राहुल

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 23 जून।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने की।

बैठक में अधिनियम के तहत जिला में दर्ज मामलों तथा पीड़ितों को प्रदान की गई राहत राशि की समीक्षा की गई। बताया गया कि वर्ष 2026-27 के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत छह एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से एक मामले में जांच पूर्ण होने के उपरांत न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जा चुका है, जबकि चार



मामलों में जांच प्रक्रिया जारी है। एक मामले को जांच के उपरांत बंद कर दिया गया है।

बैठक में यह भी अवगत करवाया गया कि अधिनियम के तहत सभी छह पीड़ितों को कुल 2 लाख 45 हजार रूपए की राहत राशि प्रदान की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त जिला बिलासपुर में अधिनियम के अंतर्गत न्यायालयों में विचाराधीन मामलों की संख्या 43 है। उपायुक्त राहुल कुमार ने जिला न्यायवादी को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत लंबित सभी मामलों की प्रभावी एवं सुदृढ़ पैरवी सुनिश्चित की जाए ताकि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिल सके। उन्होंने संबंधित विभागों को भी अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

## मंडी जिला की महिला होमगार्ड भर्ती, कल से शुरू होगी, 2,689 अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर, 23 जून।** जिला मंडी के जासन (चैलचौक) स्थित छठी वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र में कल से महिला होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। होमगार्ड भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष कुशल चन्द कटोच ने बताया कि 29 रिक्त पदों के लिए कुल 2,689 महिला अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया लगातार तीन दिनों तक चलेगी। भर्ती कार्यक्रम के अनुसार 24 जून को 900, 25 जून को 900 तथा 26 जून को 889 महिला अभ्यर्थियां शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में भाग लेंगी। भर्ती को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा सुरक्षा, चिकित्सा एवं पेयजल की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।



उल्लेखनीय है कि इस भर्ती प्रक्रिया में केवल जिला मंडी की महिला अभ्यर्थियां ही भाग ले रही हैं। वहीं हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में अपने-अपने स्तर पर होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया संचालित की जा रही है। होमगार्ड भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष कुशल चन्द कटोच ने सभी अभ्यर्थियों से निर्धारित समय पर भर्ती स्थल पर पहुंचने तथा अपने आवश्यक दस्तावेज साथ लाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जाएगी।

## सतपाल सत्ती ने नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 23 जून।** ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने मंगलवार को नगर निगम ऊना के आयुक्त पृथी पाल सिंह से मुलाकात कर शहर से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की समस्या तथा आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग उठाई।

विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि जिला मुख्यालय ऊना में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा अन्य नागरिकों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। हाल के दिनों में कई लोगों पर आवारा कुत्तों द्वारा हमले की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से आवारा कुत्तों के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए प्रभावी कदम उठाने



तथा इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की।

इसके अलावा विधायक ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र के सभी नालों, नालियों और ड्रेनेज सिस्टम की व्यापक सफाई करवाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से बचने और लोगों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाना बेहद जरूरी है। कई स्थानों पर नालियां गाद और कचरे से भरी हुई हैं, जिन्हें तत्काल साफ किए जाने की आवश्यकता है।

सत्ती ने कहा कि नगर निगम को बरसात शुरू होने से पहले एक विशेष अभियान चलाकर ड्रेनेज व्यवस्था को पूरी तरह सुचारू बनाना चाहिए, ताकि जलभराव, गंदगी और संभावित नुकसान की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि नगर निगम प्रशासन दोनों मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करेगा और शहरवासियों को राहत प्रदान करेगा।

इस अवसर पर अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**बद्दी।** महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस समन्वयक मीनाक्षी गिल के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप सिंह वालिया, प्रो-चांसलर प्रो. आर.के. गुप्ता, चांसलर नॉमिनी श्री सुरेश गुप्ता तथा रजिस्ट्रार प्रो. पंकज नांगलिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के डीन, निदेशक, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और सामूहिक रूप से विभिन्न योगासनों तथा प्राणायाम का अभ्यास किया। कुलपति प्रो. प्रदीप सिंह वालिया ने अपने संदेश में कहा कि नियमित योगाभ्यास तनावमुक्त एवं अनुशासित जीवन का आधार है तथा युवाओं को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। प्रो-चांसलर प्रो. आर.के. गुप्ता ने योग को वैश्विक स्तर पर भारत की महत्वपूर्ण देन बताते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं चांसलर नॉमिनी सुरेश गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एनएसएस इकाई के प्रयासों की सराहना की तथा सभी प्रतिभागियों से स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन के लिए योग को नियमित रूप से अपनाने का आह्वान किया।

### सिरमौर जिला परिषद की अध्यक्ष बनी शिवानी

**नाहन /सोलन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सिरमौर जिला परिषद में भाजपा समर्थित शिवानी के जिला परिषद अध्यक्ष तथा बलदेव भंडारी के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल दो व्यक्तियों की जीत नहीं है, बल्कि सिरमौर की जनता के विश्वास, विकास और सुशासन के प्रति आस्था की जीत है। डॉ. बिंदल ने कहा कि जिला परिषद चुनावों में जनता ने भाजपा समर्थित उम्मीदवारों पर जो विश्वास व्यक्त किया है, वह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, वादाखिलाफी और कुशासन से पूरी तरह निराश हो चुकी है। सिरमौर जिला परिषद में भाजपा समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचित होना आने वाले राजनीतिक परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों के दौरान जो गारंटियां दी थीं, उनमें से अधिकांश आज भी अधूरी हैं। महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों, किसानों और आम जनता से किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं। परिणामस्वरूप प्रदेश की जनता का कांग्रेस सरकार से विश्वास उठ चुका है और लोग भाजपा को एक मजबूत विकल्प के रूप में देख रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि नव निर्वाचित जिला परिषद अध्यक्ष शिवानी और उपाध्यक्ष बलदेव भंडारी सिरमौर जिले के समग्र विकास, ग्रामीण क्षेत्रों के सशक्तिकरण और जनसमस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव विकास, सेवा और जनहित की राजनीति में विश्वास रखती है और इसी संकल्प के साथ प्रदेश में जनता के बीच कार्य कर रही है।

## सीएम सुख्खू बताएं कि 2 साल से तैयार मेडिकल कॉलेज भवन क्यों धूल फांक रहा, अभी तक कक्षाएं और सुविधाएं क्यों नहीं हुई शुरू : अनुराग

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में हमीरपुर के गांधी चौक पर जिला भाजपा द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित विधायक आशीष शर्मा, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री कमलेश कुमारी, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री एवं डॉ. अनिल धीमान और जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा में निरंतर वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती यूपीए शासन के दौरान भ्रष्टाचार और नीतिगत अस्थिरता के कारण देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई थी, जबकि वर्तमान सरकार ने सुशासन, पारदर्शिता और विकास को प्राथमिकता दी है। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा दिए जा रहे बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनावों में मिली निराशा के बाद मुख्यमंत्री तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसी परियोजना की घोषणा करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उसके लिए वित्तीय प्रावधान और गंभीर प्रयास भी आवश्यक होते हैं। उनके अनुसार आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले मेडिकल कॉलेज की घोषणा तो कर दी गई थी, लेकिन उसके लिए बजट का कोई समुचित प्रबंध नहीं किया गया था।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को भोटा के समीप पटेरा चौक पर हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस सेवाओं में लगातार की जा रही कटौती के विरोध में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे पिपलू मेले का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**बंगाणा (ऊना), 23 जून।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह 24 जून को जिला स्तरीय ऐतिहासिक पिपलू मेला-2026 का शुभारंभ करेंगे। निर्जला एकादशी के अवसर पर 24 से 26 जून तक भगवान श्री नरसिंह देव मंदिर, पिपलू में आयोजित होने वाले इस मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल एवं मनोरंजक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मेले के तहत 26 जून को बंगाणा के भलेत में कुटलैहड़ महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। उपमंडलाधिकारी बंगाणा एवं मेला समिति के अध्यक्ष सोनू गोयल ने बताया कि मेले के शुभारंभ अवसर पर 24 जून को सुबह 10 बजे बंगाणा में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें लोक निर्माण मंत्री श्री विक्रमादित्य सिंह शामिल होंगे। इसके उपरांत वे पिपलू स्थित भगवान श्री नरसिंह देव मंदिर में पूजा-अर्चना एवं ध्वजारोहण की रस्म के साथ जिला स्तरीय ऐतिहासिक पिपलू मेला-2026 का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के तौर पर गगरेट के विधायक श्री राकेश कालिया और कुटलैहड़ के विधायक श्री विवेक शर्मा (विक्कू) भी उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनी, खेलकूद प्रतियोगिताएं, स्थानीय एवं उभरती प्रतिभाओं की प्रस्तुतियां तथा सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। 24 जून को प्रसिद्ध लोक गायक काकू राम ठाकुर, 25 जून को सुप्रसिद्ध गायक कुमार साहिल और सुनील मस्ती तथा 26 जून को हिमाचली गायक इंशांत भारद्वाज और मोहित गर्ग अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## शूलिनी विवि में एआई और ह्यूमन-कंप्यूटर इंटरेक्शन पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी के योगानंद स्कूल ऑफ़ ऐ आई , कंप्यूटर्स एंड डेटा साइंसेज ने IIIT ऊना और IIT रोपड़ के टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब के साथ मिलकर सोमवार को ह्यूमन-कंप्यूटर इंटरेक्शन और कॉग्निटिव कंप्यूटिंग पर दूसरी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की।

इस कॉन्फ्रेंस में भारत और विदेशों से एकेडेमिशियन, रिसर्चर, इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स शामिल हुए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ह्यूमन-कंप्यूटर इंटरेक्शन, कॉग्निटिव कंप्यूटिंग, हेल्थकेयर और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में हालिया डेवलपमेंट और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसके बाद इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी फैकल्टी के डीन प्रो. वीरेंद्र रिहानी ने स्वागत भाषण दिया। उद्घाटन सत्र में यूनिवर्सिटी के लीडर्स, आमंत्रित एक्सपर्ट्स और विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागी शामिल हुए। शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. पी. के. खोसला ने असल दुनिया की समस्याओं को हल करने में रिसर्च और इनोवेशन के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने स्टूडेंट्स और रिसर्चर्स को ऐसी टेक्नोलॉजी और समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जिनसे समाज को लाभ हो। कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि प्रो. एच. एस. बावेजा ने अलग-अलग क्षेत्रों और संस्थानों के बीच सहयोग के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान को आगे बढ़ाने और जटिल चुनौतियों का सामना करने के लिए एकेडेमिया, इंडस्ट्री और रिसर्च संगठनों के बीच साझेदारी ज़रूरी है।

## भाजपा संगठन की मजबूती से विपक्ष के हौसले पस्त : सुरेंद्र

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**बंजार (कुल्लू), 23 जून।** बंजार विकास खंड के अंतर्गत आज पंचायत समिति बंजार के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न हुए। सैंज घाटी के सुचैहन वार्ड से समिति सदस्य लता ठाकुर अध्यक्ष तथा तीर्थन घाटी के तुंग वार्ड से युवा सदस्य पवन सिंह उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर भाजपा ने पंचायत समिति बंजार पर ऐतिहासिक एवं निर्विरोध विजय दर्ज करते हुए अपना परचम लहराया। 15 सदस्यीय समिति में भाजपा समर्थित 12 सदस्य मतदान प्रक्रिया के लिए उपस्थित रहे, जबकि कांग्रेस नामांकन तक दाखिल नहीं कर पाई।

परिणामस्वरूप अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों पदों पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस जीत पर बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को



शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम भाजपा संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की मेहनत और क्षेत्र की जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति और नगर पंचायत दोनों संस्थाओं में भाजपा को मिला जनसमर्थन स्पष्ट संकेत देता है कि क्षेत्र की जनता विकास और सुशासन की राजनीति के साथ खड़ी है। विधायक शौरी ने कहा कि बंजार भाजपा संगठन आज पहले से अधिक मजबूत और संगठित होकर कार्य कर रहा है। जनता ने केवल चुनावी मौसम में दिखाई देने वाले नेताओं और भ्रामक राजनीति करने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दे रही है और आने वाले समय में यह जनभावना और अधिक स्पष्ट होकर सामने आएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति बंजार की नई टीम के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने, ग्रामीण आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। विधायक ने आशा व्यक्त की कि नई समिति जनहित को सर्वोपरि रखते

हुए विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने पंचायत समिति पर मिली इस ऐतिहासिक जीत का स्वागत करते हुए इसे संगठन की सामूहिक मेहनत और जनता के विश्वास की विजय बताया।

# 'प्रदेश के निर्माण में राजा वीरभद्र सिंह का अतुलनीय योगदान'

## राज्यपाल ने वीरभद्र सिंह की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/संवाददाता




**शिमला।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की 93वीं जयंती के अवसर पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह का आधुनिक हिमाचल प्रदेश के निर्माण एवं विकास में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच, दृढ़ नेतृत्व एवं जनकल्याणकारी नीतियों के परिणामस्वरूप आज हिमाचल प्रदेश विकास के विभिन्न क्षेत्रों में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना चुका है। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की राजनीति में वीरभद्र सिंह एक अत्यंत सम्मानित और प्रभावशाली व्यक्तित्व रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके लंबे एवं सफल कार्यकाल ने राज्य के विकास को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसके कारण उन्हें व्यापक सम्मान प्राप्त हुआ। कवीन्द्र गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का सार्वजनिक जीवन, नेतृत्व क्षमता तथा जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों एवं मार्गदर्शन को अपने जीवन में आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर बिंदु गुप्ता, लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह, शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### राजा वीरभद्र विकास के मसीहा थे : सत्यप्रकाश ठाकुर

**कुल्लू (अशेष शर्मा)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व लाखों दिलों पर राज करने वाले राजा वीरभद्र सिंह की जयंती आ? भुट्टिको सभागार में मनाई गई। उनकी जंयती पर भुट्टिको के अध्यक्ष एवं पूर्व वागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि



राजा वीरभद्र सिंह एक युग पुरूष, विकास के मसीहा थे। राजा वीरभद्र सिंह हिमाचल प्रदेश के कई वार लोकप्रिय मुख्यमंत्री रहें हैं, उन्होनें पूरे प्रदेश का समग्र विकास किया तथा वे सभी को साथ लेकर चलतें थें। उन्होनें हिमाचल प्रदेश को देश के विकसित राज्यो में अग्रणी राज्य वनाया। प्रदेश में शिक्षा, वागवानी परिवार नियोजन, जैसे अन्य कार्यो वो वढवा दिया। उन्होनें हिमाचलियो को अलग पहचान दिलाई जिससे हिमाचलियो को मेहनती, देशभक्त, वीरता व प्राकृतिक सौदर्य के लिये पहचान मिली। उनके प्रयासो से हिमाचल फल राज्य वना जिससे लागो की आमदनी में वृद्धि हुई तथा उन्होनें न ही हिमाचली टोपी को देश व विदशों में पहचान दिलाई। इसके साथ-2 वे केन्द्र में भी केविनेट मंत्री रहें तथा कई बार लोकसभा सदस्य के रूप में देश व प्रदेश की सेवा की है। वे सहकारिता आदोलन के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। भुट्टिको सहकारी सभा के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय रहा है। जब भी वे कुल्लू आते थे तो भुट्टिको को अपना परिवार की तरह समझते और हमेश भुट्टिको के उत्पादों को सहराते थे। इस अवसर पर सत्य प्रकाश ठाकुर ने सभी को युग पुरूष स्व0 राजा वीरभद्र सिह के पद चिन्हों पर चलने का आहवान किया। उनकी जंयती पर भुट्टिको के उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर, निदेशक मदन लाल, सोहन सिंह , ईन्द्रा देवी, आत्मा राम, कार्यवाहक मुख्यमहाप्रबंधक सूरती देवी महाप्रबंधक किशन चन्द, दिनेश ठाकुर, अनिका ठाकुर, कविता ठाकुर शालिनी, शशी, ओम प्रकाश, सुनील, ,गौरव, वीना, महेन्द्र सिंह, व सैक?ो बुनकरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

# भुंतर में कांग्रेस के साथ खेला, नगर पंचायत पर भाजपा ने किया कब्जा

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा




**भुंतर (कुल्लू), 23 जून।** भुंतर नगर पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में बेहद रोचक घटनाक्रम देखने को मिला। दोनों पदों के लिए हुए मतदान में भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को बराबर-बराबर मत मिले। इसके बाद चुनाव का फैसला टॉस के जरिए किया गया। टॉस में भाजपा की सोनी शर्मा के पक्ष में फैसला आया और वह नगर पंचायत भुंतर की नई अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भी भाजपा की मीना शर्मा ने बाजी मारते हुए जीत दर्ज की। इस तरह नगर पंचायत भुंतर में भाजपा ने दोनों प्रमुख पदों पर कब्जा जमा लिया।

चुनाव परिणाम कांग्रेस के लिए बड़ा झटका साबित हुआ। कांग्रेस को नगर पंचायत में सत्ता मिलने की उम्मीद थी, लेकिन बराबरी की स्थिति बनने के बाद किस्मत ने भाजपा का साथ दिया और टॉस के जरिए भाजपा के खाते में दोनों पद चले गए। परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और समर्थकों ने जीत का जश्न मनाया। वहीं कांग्रेस खेमे में मायूसी देखने को मिली।

भुंतर नगर पंचायत का यह चुनाव अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि सत्ता का फैसला मतों से नहीं बल्कि टॉस से हुआ। भाजपा इसे अपनी जीत बता रही है, जबकि कांग्रेस के हाथ निराशा लगी है।

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को वित्तीय सहायता, सरकारी योजनाओं और बाजार से जुड़ने के अवसरों की दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 23 जून।** जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी), ऊना द्वारा आज डीआरडीए हॉल ऊना में एक दिवसीय फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट तथा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन निटकॉन लिमिटेड के माध्यम से किया गया, जिसमें ऊना एवं आसपास के क्षेत्रों से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डीआईसी के ईआई संजय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को वित्तीय सहायता के विभिन्न माध्यमों, सरकारी योजनाओं, ऋण सुविधाओं तथा विपणन अवसरों के बारे में जागरूक करना रहा। इसके माध्यम से महिलाओं को अपने स्वरोजगार एवं उद्यमों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं, ऋण प्रक्रिया, विभिन्न सब्सिडी एवं प्रोत्साहन योजनाओं, बीमा योजनाओं, उद्यम पंजीकरण तथा डिजिटल माध्यमों से ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया की विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी दी गई।

फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। उनकी सक्रिय सहभागिता और सीखने की इच्छा ने यह दर्शाया कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित रहकर महिलाओं का मार्गदर्शन किया। इसमें पंजाब नेशनल बैंक के डिप्टी एलडीएम सुमित कुमार वर्धन, पीएनबी के वरिष्ठ प्रबंधक अंशुल जैन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की डीपीएम ज्योति, आरसेटी ऊना के निदेशक सुधीर शर्मा तथा डीआईसी के ईआई संजय कुमार ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

यह कार्यक्रम रैम्प परियोजना के घटकङ्क7 'सामाजिक समावेशन' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं की वित्तीय पहुंच को मजबूत बनाना, उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध करवाने की दिशा में सहयोग प्रदान करना है।

# मॉनसून के दौरानआपात स्थिति में त्वरित मदद पहुंचाएगा कंट्रोल रूम

अर्थ प्रकाश/सलीम कुरैशी

**नालागढ़।** मानसून की होने वाली बरसात में आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन ने पूरे एहतियातन कदम उठा लिए है। बारिश होने की सूरत में किसी भी प्रकार की आपदा व आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाने के दृष्टिगत उपमंडल प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है, जहां इसके लिए नोडल आफिसर नियुक्त किए जा रहे है, वहीं उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटियों को सुनिश्चित बनाया जा रहा है, जो आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाने का काम करेंगे। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रहेगा और किसी भी प्रकार की स्थिति व परिस्थितियों से निपटने में पूरी मदद करेगा।

इस बार की बरसात से निपटने के लिए मॉनसून में किसी भी प्रकार की विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए उपमंडल प्रशासन ने तैयारियों को मूर्त रूप दे दिया है। औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में बरसात में भारी वर्षा से कई क्षेत्र जलमग्न हो जाते है और नदी नालों व खडडों का जलस्तर बढ़ जाता है। गत वर्ष भी बरसात ने क्षेत्र में खासा कहर बरपाया था जिससे कई मार्ग अवरुद्ध हो गए थे और कई मार्ग क्षतिग्रस्त होने से यातायात व्यवस्थाएं कई दिन ठप्प रही थी।

एसडीएम नालागढ़ का कार्यभार संभाल रहे एसडीएम बद्दी संजीव धीमान ने कहा कि मिनी सचिवालय में कंट्रोल रूम स्थापित करके नोडल आफिसरों व कर्मचारियों की जिमेवारियों को सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात में किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में कंट्रोल रूम तुरंत सहायता मुहैया करवाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी व अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि बरसात में किसी भी प्रकार की आपदा व आपात स्थिति की सूरत में तुरंत ही कंट्रोल रूम को संपर्क करें, ताकि समय रहते राहत व मदद पहुंचाई जा सके।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 12 वर्षों के कार्यकाल में पूरे विश्व ने माना भारतवर्ष का प्रभुत्व : गोविंद सिंह

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा




**कुल्लू, 23 जून।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि ÷एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे÷ का उनका संकल्प आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे सच्चे अर्थों में अखंड भारत के विचार के जनक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 सफल वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन , गरीब कल्याण और राष्ट्रवाद के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वर्ष 2014 से प्रारंभ हुई यह अखंड विकास यात्रा देशवासियों के विश्वास, पारदर्शिता और जनकल्याण पर आधारित रही है और देश की जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास करते हुए उन्हें लगातार तीसरी बार देश का नेतृत्व प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास÷ का मंत्र आज जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है और निरंतर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे उसके लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण को प्रभावी ढंग से जमीनी स्तर पर उतार कर करोड़ों लाभार्थियों के खातों में सीधे सहायता राशि पहुंचा कर बिचौलियों और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया गया जिससे सरकारी धन की बड़ी बचत हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा गरीब कल्याण की योजनाओं को इन 12 वर्षों में सफल क्रियान्वयन किया गया जिससे करोड़ों लोग गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के कल्याण, जनजातीय विकास, आधुनिक आधारभूत संरचना, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में केंद्र सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं जिसका सीधा असर लगातार मजबूत हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था से जान पड़ता है।

## न्यूज ब्रीफ

### ई.वी.एम. व वी.वी.पैट. के भण्डारण कक्ष का निरीक्षण

**सोलन (यशपाल)।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने आज कथे? में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) व वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वी.वी.पैट.) के भण्डारण कक्ष का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिव दत्त ठाकुर व कंचन राणा, भारतीय जनता पार्टी के चंद्रकांत व विजय ठाकुर, बहुजन समाज पार्टी की सुनीता चंद्रा, नायब तहसीलदार निर्वाचन संजीव कुमार इस अवसर पर उपस्थित थे।

### राजा वीरभद्र सिंह की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अन्नपूर्णा लंगर चलाया

**कुल्लू, 23 जून (अशेष शर्मा)।** हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती के अवसर पर ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में कांग्रेस जिला



अध्यक्ष सेस राम आजाद एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने अन्नपूर्णा लंगर सेवा में मरीजों के तिमारदारों और जरूरत मंद लोगों को आज दिन का भोजन परोसा गया। मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि राजा वीरभद्र सिंह एक युग पुरुष थे और उनके कार्यकाल में उन्होंने आम जनता की दिल से सेवा की थी जिसके कारण वह आज भी आम जनता के दिलों में राज करते हैं और वह प्रत्येक वर्ग का विशेष ध्यान रखते थे और आम जन मानस के लिए उन्होंने बहुत से सराहनीय कार्य किए थे और आज उनकी जयंती पर कांग्रेस पार्टी कुल्लू के पद अधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अन्नपूर्णा लंगर सेवा में भोजन व्यवस्था कर उनको सच्ची श्रदांजलि दी गई।

# हिमाचल में 28 जून को आयोजित होगा पल्स पोलियो अभियान

**राज्य स्तरीय प्रतिरक्षण कार्यबल ने की पोलियों अभियान से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा**

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 28 जून, 2026 को आयोजित किए जाने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज यहां राज्य स्तरीय प्रतिरक्षण कार्यबल समिति की बैठक सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न विभागों की भूमिका एवं दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि अभियान के लिए आवश्यक पोलियो वैक्सीन की आपूर्ति प्रदेश के सभी जिलों को कर दी गई है तथा अभियान के सफल संचालन के लिए अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

स्वास्थ्य सचिव ने अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने पात्र बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध करवाने, बच्चों की अधिकतम संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने, बूथ गतिविधियों के प्रभावी संचालन, घर-घर जाकर जागरूकता एवं सत्यापन कार्य तथा समुचित पर्यवेक्षण एवं निगरानी पर विशेष बल देने के निर्देश दिए।

बैठक में औद्योगिक इकाइयों को भी अपने कर्मचारियों एवं श्रमिकों को पल्स पोलियो अभियान तथा बूथ दिवस की जानकारी देने के निर्देश जारी करने पर बल दिया गया, ताकि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। इसके अतिरिक्त, अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के लिए महिला मंडलों, स्थानीय संस्थाओं तथा समर्पित क्षेत्रीय कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

# दुगरईं का भारत भूषण व तुन्ना की युवती लापता, मामला दर्ज

**गोहर, 23 जून (सुभाग सचदेवा)।** पुलिस थाना थाना गोहर के अंतर्गत आजकल एक अनोखा मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुगराई निवासी भारतभूषण, जो कि ग्राम पंचायत बासा में चौकीदार के पद पर कार्यरत है जिसका बेटा जमा 1 में पड़ रहा है और तुन्ना गांव की टमाटरी देवी (काल्पनिक नाम), जिसकी बेटी भी जमा 1 में पड़ रही है। बेशक, दोनों ही अलग अलग स्कूल के स्टूडेंट हैं। भारत, भूषण व टमाटरी देवी जो अलग अलग गांव के रहने वाले हैं मगर पिछले 4 दिनों से दोनों ही अपने अपने अपने घरों से गायब गायब चल रहे हैं। दोनों के घरवालों ने पुलिस थाना गोहर में आकर दोनों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई है कि दोनों पिछले 4 दिनों से घर से लापता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उन दोनों की ही मोबाइल लोकेशन पुणे महाराष्ट्र के ट्रेस की गई है। थाना प्रभारी ने उन दोनों से वापिस घर आने के लिए बोला है ताकि उन पर किसी दूसरी प्रकार की कार्रवाई अमल में न लाई जा सके। वो दोनों अपने घर आकर जो भी उनके मन की दशा है वो लोगों को बताएं।अपने परिवार के साथ अपनी मानसिक स्थिति साझा करें, अगर वह समय पर अपने घर अपने गांव वापस नहीं आते तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। दूसरी तरफ ये मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है, मगर हैरानी की बात है कि दोनों पहले से ही शादीशुदा है और अपने परिवार के साथ ही रह रहे हैं। ऐसे में उन्होंने ये कदम क्यों उठाया? ये तो अब उनके आने के बाद ही पता चलेगा मगर क्षेत्र में आजकल ये मामला काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।



# सुबे में 140 करोड़ की 45 योजनाएं क्रियाशील

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा

**शिमला।** जल शक्ति विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने सोमवार देर सायं पेयजल एवं सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विभाग का लक्ष्य हर घर और खेत तक प्राथमिकता के आधार पर जल आपूर्ति सुनिश्चित करना है। विभाग के सतत् प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश में 66.52 करो? रुपये व्यय कर 134 योजनाओं में बिजली आपूर्ति एवं उपकरणों संबंधी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, राज्य में लगभग 140 करोड़ रुपये व्यय कर 45 योजनाओं को क्रियाशील किया गया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के क्रियाशील होने से प्रदेश की ब?ी आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी और अन्य 89 योजनाओं जिनमें बिजली आपूर्ति की गई है को भी 10 दिन में क्रियाशील कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभाग पेजयल एवं सिंचाई योजनाओं के सफल संचालन की दिशा में कार्य कर रहा है। विभाग जल प्रबन्धन को मजबूत करने के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित रणनीति को केन्द्र में रखकर कार्य कर रहा है। विभाग द्वारा प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाण पत्रों की संख्या में भी 201 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य में 119 करो? रुपये की 388 योजनाओं के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। विभाग के प्रभावी वित्तीय प्रबन्धन, समयबद्ध परियोजना क्रियान्वयन के फलस्वरूप राज्य में अब लम्बित योजनाओं की प्रतिशतता 54.25 प्रतिशत कम हो गई है।

# लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें : अनुराग चंद्र

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू, 23 जून।** उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में 'एड्स सुरक्षा हेतु जन-सक्रियता अभियान' (एमएएस) एवं राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) द्वारा निर्धारित 95¬95¬99 लक्ष्यों तथा एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस-बी के मां से शिशु में संक्रमण की रोकथाम (त्रिस्तरीय संक्रमण उन्मूलन) की प्रगति की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 1 दिसंबर, 2026 तक जिले में 95¬95¬99 के लक्ष्यों को हर हाल में प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख कार्ययोजना तैयार कर उसे धरातल पर सख्ती से लागू किया जाए, ताकि कार्यक्रम के क्रियान्वयन में आने वाली कमियों को समय रहते दूर किया जा सके।

बैठक में बताया गया कि नाको द्वारा इसे चार श्रेणियों 'सुरक्षित प्लस', 'सुरक्षित', 'सक्षम' और 'संघर्षशील' में वर्गीकृत किया गया है। अप्रैल 2026 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कुल्लू जिला वर्तमान में 'संघर्षशील' श्रेणी में है। उपायुक्त ने कहा कि जिले को 'सुरक्षित' तथा आगे चलकर 'सुरक्षित प्लस' श्रेणी में लाने के लिए मिशन मोड में कार्य करना होगा। उन्होंने प्रसव पूर्व देखभाल के अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस-बी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मां से शिशु में संक्रमण के मामलों को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

# डॉ. श्यामा प्रसाद का बलिदान राष्ट्र की एकता का अमर प्रतीक : अमित सूद

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संघर्षों के परिणामस्वरूप देश में राष्ट्रीय अखंडता की भावना हुई मजबूत : भीम सेन शर्मा**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा




**कुल्लू, 23 जून।** भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू द्वारा जिला अध्यक्ष अमित सूद की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक गोविंद सिंह ठाकुर ,अखिलेश कपूर, भीमसेन शर्मा, दानवेंद्र सिंह, युवराज बोध,आदित्य विक्रम सिंह,अर्चना ठाकुर, नवल नेगी,नरेश चौहान,विनोद कायस्था,डॉक्टर अभिलाषा ठाकुर,प्रकाश चौधरी, शरबन लाल,सुनील राणा,अनुपमा कंबोज,लता भारद्वाज,चेतना शर्मा एवं रेखा गुलेरिया सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे । कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, साहस और दृढ़ संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने ऐसे समय में राष्ट्रहित की आवाज बुलंद की, जब देश अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा था। भारत की एकता और अखंडता के प्रश्न पर उन्होंने कभी समझौता नहीं किया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया।

अमित सूद ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का मत था कि भारत एक है और इसकी संप्रभुता, एकता तथा अखंडता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। जम्मू-कश्मीर में लागू दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था के विरोध में उन्होंने जो संघर्ष किया, वह भारतीय लोकतंत्र और राष्ट्रवाद के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है। उनका विचार ÷एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे÷ आज भी करोड़ों देशवासियों को राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरित करता है।

प्रदेश मीडिया सह प्रभारी भीम सेन शर्मा ने इस मौके पर कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान केवल एक व्यक्ति का बलिदान नहीं था, बल्कि यह भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने के लिए दिया गया एक ऐतिहासिक योगदान था। उनके विचारों और संघर्षों के परिणामस्वरूप देश में राष्ट्रीय अखंडता की भावना और अधिक मजबूत हुई।

उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा, सुशासन और जनकल्याण के कार्यों में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को भी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# बसताड़ा टोल पर आज से बिना रुके कटेगा टोल, एमएलएफएफ सिस्टम लागू

घरौंडा में टोल प्लाजा पर 23-24 जून की आधी रात से एमएलएफएफ शुरू होने की संभावना, ना होगा बेरियर और न होगा बूथ, हाईटेक कैमरे और सेंसर डिटेक्ट करेंगे फास्टैग कार्ड

अर्थ प्रकाश/ईशा



**घरौंडा, 23 जून।** बसताड़ा टोल प्लाजा पर मल्टी लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) सिस्टम 23-24 की दरमियानी रात 12 बजे से शुरू हो सकता है। बसताडा टोल पर एमएलएफएफ सिस्टम शुरू करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है, इंतजार है तो सिर्फ नोटिफिकेशन जारी होने का। सिस्टम शुरू होने के बाद वाहन बिना रुके गुजरेंगे और टोल अपने आप कटेगा। इसके साथ ही टोल छूट के नियमों को लेकर भी सख्ती कर दी गई है। अब केवल नियमों में शामिल चुनिंदा लोगों और वाहनों को ही छूट मिलेगी, जबकि कई पुराने दावों को खत्म कर दिया गया है।

टोल से मिली जानकारी के अनुसार, एनएचएआई के चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय ने 3 जनवरी 2020 को एक आदेश जारी कर 23 दिसंबर 2019 के उस पत्र को वापस ले लिया था, जिसमें सशस्त्र बलों के कर्मियों को टोल छूट देने की बात कही गई थी। यह फैसला सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के 17 जून 2014 के निर्देशों के आधार पर लिया गया। नियमों के अनुसार अब केवल वही सैन्य कर्मी टोल छूट के पात्र होंगे जो ड्यूटी पर होंगे। रिटायर्ड कर्मियों को किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। यदि कोई अधिकारी निजी वाहन में है और वह सरकारी कार्य में उपयोग नहीं हो रहा, तो उसे भी टोल देना होगा। छूट का लाभ लेने के लिए संबंधित व्यक्ति को 1942 के नियमों के अनुसार जारी किया गया वैध पास दिखाना जरूरी होगा। बिना पास के किसी भी स्थिति में छूट नहीं दी जाएगी।

एनएचएआई के जनरल मैनेजर (सीओ) द्वारा 16 दिसंबर 2019 को जारी पत्र में साफ किया गया था कि टोल केवल उन्हीं को माफ होगा जो राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम 2008 (संशोधित 2010 और 2016) में शामिल हैं। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया कि वकीलों को टोल छूट देने का कोई प्रावधान नहीं है।

### इन लोगों और वाहनों को मिलेगी छूट

इसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद और विधायक (अपने राज्य में पहचान पत्र के साथ), सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जज, सेना प्रमुख और उच्च अधिकारी, परमवीर चक्र, अशोक चक्र, वीर चक्र जैसे पुरस्कार विजेता। इसके अलावा ड्यूटी पर सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बल, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, अंतिम संस्कार वाहन, एनएचएआई और सरकारी निरीक्षण वाहन। ऐसे वाहन जो दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से बनाए गए हैं, उन्हें भी टोल शुल्क से छूट दी गई है।

### एमएलएफएफ सिस्टम से बदलेगी व्यवस्था

बसताडा टोल पर ऑप्रेशन मैनेजर प्रदीप मलिक बताते है कि बसताड़ा टोल प्लाजा पर लागू होने वाला एमएलएफएफ सिस्टम टोल व्यवस्था को पूरी तरह बदल देगा। इसमें वाहन को रुकना नहीं पड़ेगा और कैमरा व सेंसर के जरिए टोल अपने आप कट जाएगा। इससे जाम की समस्या कम होगी और समय की बचत होगी। अधिकारियों के अनुसार, नए सिस्टम के साथ नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। यदि कोई वाहन बिना पात्रता के छूट लेने की कोशिश करता है या टोल नहीं भरता, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार का उद्देश्य टोल व्यवस्था को पारदर्शी और तेज बनाना है। नए सिस्टम के साथ छूट के नियम भी स्पष्ट कर दिए गए हैं, ताकि किसी प्रकार का भ्रम न रहे।ह्य

## निर्जला एकादशी पर व्रत, दान और भगवान विष्णु की आराधना का विशेष महत्वः अशोक शर्मा

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** 25 जून को आने वाली निर्जला एकादशी को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। उचाना के अग्रसेन मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी कहा जाता है। इसे सभी एकादशियों में सबसे श्रेष्ठ और फलदायी माना गया है। इस दिन श्रद्धालु बिना अन्न और जल ग्रहण किए भगवान विष्णु का व्रत रखते हैं। मान्यता है कि जो व्यक्ति वर्ष भर की सभी एकादशियों का व्रत नहीं कर पाता, उसे केवल निर्जला एकादशी का व्रत रखने से सभी एकादशियों के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। इस व्रत का उल्लेख महाभारत में भी मिलता है, जहां महर्षि वेदव्यास के कहने पर भीमसेन ने निर्जला एकादशी का व्रत रखा था। उन्होंने बताया कि निर्जला एकादशी के दिन प्रातः स्नान कर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए। विष्णु सहस्रनाम, गीता पाठ और भगवान के भजन-कीर्तन का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं को जरूरतमंद लोगों को जल, फल, वस्त्र, छाता, पंखा तथा अन्य उपयोगी वस्तुओं का दान करना चाहिए।

## करंट कॉर्नर- 'समाज और हम'





धर्मवीर सिंह,
दैनिक अर्थ प्रकाश चंडीगढ़

षड्यंत्र में बुरी तरह
जकड़ा हुआ समाज
काज वहाँ क्यों नही होते,
जहां जरूरी आज !
खत्म हो रहे नैतिक मूल्य,
आदर्शों की सांझ ढली !
सौहार्द के मोती बिखरे
सुनी दीखै आज गली ,
छोटी छोटी चिड़ियों को,
खूब खा रहे बाज !
षड्यंत्र में बुरी तरह
जकड़ा हुआ समाज
काज वहाँ क्यों नही होते,
जहां जरूरी आज !
बेईमान ईमान की,
बात करें दिन रात!
मौका पाते कर देते,
भीतर वाला घात !
अपना हो या कोई पराया,
करता ना कोई लाज
षड्यंत्र में बुरी तरह
जकड़ा हुआ समाज
काज वहाँ क्यों नही होते,
जहां जरूरी आज !
हां भरकर जो ना करते,
उनकी संख्या ज्यादा !
मतना उनका जिक्र करो,
करने से क्या फायदा !
वक्त सदा मचान पर,
कर्मों पर ही नाज !
षड्यंत्र में बुरी तरह
जकड़ा हुआ समाज
काज वहां कई नही होते,
जहां जरूरी आज !
उगती नही जड़ें उतनी,
जितनी काटी जाती !
मदद ढिंढोरा ज्यादा पिटता ,
पर कम ही बांटी जाती !
दोषी व्यक्ति कैसे बचते ?
निर्दोषों पर गाज !
षड्यंत्र में बुरी तरह
जकड़ा हुआ समाज
काज वहां क्यों नही होते,
जहां जरूरी आज !
धर्मवीर सिंह ध्वज हिंद का,
ऊंचा रहना चाहिए !
भ्रष्टाचार को खत्म करो
डटकर कहना कहनाचाहिए
धर्म धरा पर बजने चाहिए
मानवता के साज !
षड्यंत्र में बुरी तरह
जकड़ा हुआ समाज
काज वहां क्यों नही होते
जहां जरूरी आज !

## न्यूज ब्रीफ

### मनरेगा बहाली की मांग को लेकर भारतीय खेत मजदूर यूनियन का प्रदर्शन



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** भारतीय खेत मजदूर यूनियन (बीकेएमयू) के देशव्यापी आह्वान पर सोमवार को पानीपत में यूनियन कार्यकर्ताओं ने वीबी ग्राम जी योजना को रद्द करने तथा मनरेगा को बहाल करने की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उठाया। प्रदर्शन के उपरांत बीकेएमयू के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त पानीपत के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि वीबी ग्राम जी योजना मनरेगा का विकल्प नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण मजदूरों को काम मांगने का कानूनी अधिकार प्रदान करता है, जबकि नई व्यवस्था लागू होने से मजदूरों के अधिकारों तथा ग्राम सभाओं की भूमिका को कमजोर किया जाएगा। प्रधानमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में मनरेगा को पूर्ववत बहाल करने, साल में 200 दिन रोजगार की गारंटी देने, प्रतिदिन 700 रुपये मजदूरी निर्धारित करने तथा कार्यस्थल पर दुर्घटना के कारण मृत्यु या स्थायी अपंगता की स्थिति में 10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की गई। इसके अलावा योजना का विस्तार कर अधिक से अधिक ग्रामीण मजदूरों को लाभान्वित करने की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर यूनियन के जिला सचिव भूपेंद्र कश्यप, जिला कानूनी सलाहकार पवन कुमार सैनी एडवोकेट, ब्रेकथ्रू संस्था के संजय कुमार, शीशराम तोमर, ओमप्रकाश कश्यप, धनपत सुताना सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चोरी का खुलासा, आरोपी काबू, नकदी व मोबाइल बरामद

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** थाना सदर टोहाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए मिर्पुर (थाना अग्रोहा, जिला हिसार) निवासी सन्नी पुत्र कृष्ण को काबू किया है। उसके कब्जे से 40 हजार रुपये की नकदी तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। थाना सदर टोहाना प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता कुलां (तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद) निवासी मुकेश कुमार पुत्र रूपचंद ने शिकायत दी थी कि वह कुलां चौक पर कन्फेक्शनरी की दुकान चलाता है। शिकायत अनुसार ईश्वर सिंह पुत्र धर्मपाल, निवासी सिवानी बोलान ने दिनांक 17.06.2026 को 67,000 रुपये उसे दुकान पर दिए थे, जिन्हें उसने एक बैग में रखकर दुकान में सुरक्षित रखा था। दिनांक 18.06.2026 को लगभग 10 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान से उक्त बैग चोरी कर लिया गया। मामले में अभियोग संख्या 107 दिनांक 18.06.2026 धारा 305 ब्नहर के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान तकनीकी एवं गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने मिर्पुर (थाना अग्रोहा, जिला हिसार) निवासी सन्नी पुत्र कृष्ण को काबू किया तथा उसके कब्जे से 40 हजार रुपये की नकदी एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया मामले की जांच जारी है।

### रोटरी क्लब की इंस्टालेशन सेरेमनी 4 जुलाई को

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी की इंस्टालेशन सेरेमनी शनिवार 4 जुलाई को शाम साढ़े 7 बजे शहर के सफल पैलेस में आयोजित की जा रही है। जिसमें समाजसेवी भीम सिंह राठी मुख्यातिथि होंगे। यह जानकारी देते हुए क्लब के मुख्य सलाहकार डॉ. एससी सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में क्लब के नए प्रधान भारत माटिया, सचिव डॉ. शुभम सलूजा व अन्य पदाधिकारी नई कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में क्लब की ओर से नए नए प्रोजेक्टों पर कार्य करने के लिए रणनीति तय की जायेगी। इस अवसर पर प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी, सचिव भारत माटिया, डॉ. एससी सैनी, जसवंत सिंह बंचल, अशोक मिगलानी, आशु वर्मा, बलिंद्र, मास्टर देवीदयाल अरोड़ा, मास्टर गुरचरण सिंह, मोहित गर्ग, पंकज गोयल, संदीप सचदेवा, संदीप सैनी, ब्रह्मप्रकाश टंडन, सुनील माटिया, संदीप टोपरा, रविंद्र शर्मा, सुदेश बंसल, सुरेशपाल बंचल, संदीप अग्रवाल, डॉ. शुभम सलूजा, अशोक गर्ग आदि मौजूद रहे।

### निर्जला एकादशी पर महंत राजेंद्र पुरी करेंगे पूजन व अनुष्ठान

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** जग ज्योति दरबार में 25 जून को गायत्री जयंती मनाई जाएगी। साथ ही 25 जून को निर्जला एकादशी का पूजन व अनुष्ठान होगा। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि गायत्री जयंती पर गायत्री मंत्र जाप एवं गायत्री चालीसा का पाठ होगा। उन्होंने बताया कि जग ज्योति दरबार में 24 जून को गायत्री जयंती के अवसर पर अनुष्ठान प्रारम्भ होगा जिस का 25 जून को समापन होगा। उन्होंने बताया कि दो दिन तक जग ज्योति दरबार की तरफ से श्रद्धालुओं द्वारा सेवा जारी रहेगी। महंत राजेंद्र पुरी ने गायत्री जयंती एवं निर्जला एकादशी का महत्व बताया कि गायत्री जयंती और निर्जला एकादशी दोनों ही सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र और पुण्यकारी तिथियाँ हैं। दोनों का एक साथ होना आध्यात्मिक शुद्धि, ज्ञान प्राप्ति और भगवान विष्णु के आशीर्वाद के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। उन्होंने बताया कि गायत्री जयंती वेदों की माता और ज्ञान की देवी मां गायत्री के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस दिन गायत्री मंत्र का जप करने से आध्यात्मिक जागृति, बुद्धि और मानसिक शांति प्राप्त होती है। इस अवसर पर जगत प्रसाद आनंद, विजयकांत आनंद, भारत भूषण, कुलविंदर सिंह, सुरेंद्र श्योकंद, निरंजन सिंह, अजय राठी, विजय राठी, अक्षय राठी व कन्हैया लाल इत्यादि भी मौजूद रहे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** भाजपा की ओर से मंगलवार को गांव खेडी लक्खा सिंह में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष हैप्पी खेडी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर हैप्पी खेडी ने बताया कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में एक सम्पन्न परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम आशुतोष मुखर्जी था। ये अपने पिता की तरह बहुत कुशाग्र बुद्धि के व्यक्ति थे। वे 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता यूनिवर्सिटी के कुलपति बने। 1942 में बंगाल में मुस्लिम लीग की राजनीति से दूषित वातावरण के खिलाफ संघर्ष किया, तो ब्रिटिश सरकार ने इन्हें जेल में डाल दिया। ये देश के विभाजन के कट्टर विरोधी थे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले पार्षद मनीष बेनीवाल, स्कूल अपग्रेडेशन सहित कई मांगें रखीं

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 23 जून।** नगर परिषद समालखा के वार्ड नंबर-10 के पार्षद मनीष बेनीवाल ने युवा प्रतिनिधियों के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के विकास, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा स्थानीय समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान पार्षद मनीष बेनीवाल ने मुख्यमंत्री के समक्ष शहर के विभिन्न विकास कार्यों और जनसुविधाओं से संबंधित मांगें रखीं। उन्होंने विशेष रूप से माता पुली रोड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय को अपग्रेड कर प्लस-टू स्तर तक किए जाने की मांग उठाई, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

पार्षद मनीष बेनीवाल ने बताया कि क्षेत्र के युवाओं और आम नागरिकों की अपेक्षाओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देगी।

वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनप्रतिनिधि मनीष बेनीवाल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विषयों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, आधारभूत ढांचे और जनसुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा जनता के हित से जुड़े प्रत्येक उचित सुझाव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

## घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन सर्वे में जुटे पार्षद मनीष बेनीवाल



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 23 जून।** निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सत्यापन अभियान के तहत नगर परिषद समालखा के वार्ड नंबर-10 के पार्षद मनीष बेनीवाल घर-घर जाकर सर्वे कार्य को पूरा करवाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पार्टी द्वारा नियुक्त BLA-w (Booth Level Agent) की गैरमौजूदगी में भी वह पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ मतदाता सूची के सत्यापन कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

गौरतलब है कि चुनाव आयोग द्वारा मतदान केंद्र स्तर पर BLO (Booth Level Officer) नियुक्त किए जाते हैं, जबकि राजनीतिक दल उनकी सहायता और निगरानी के लिए अपने BLA (Booth Level Agent) नियुक्त करते हैं। ऐसे में पार्षद मनीष बेनीवाल स्वयं क्षेत्र में पहुंचकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन कराने और लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

इस दौरान पार्षद मनीष बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। इसी उद्देश्य से घर-घर जाकर लोगों की जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है तथा जिन मतदाताओं के नाम, पते या अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि है, उन्हें समय रहते ठीक करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे सर्वे टीमों और संबंधित अधिकारियों का सहयोग करें तथा अपने दस्तावेजों की सही जानकारी उपलब्ध करवाएं, ताकि भविष्य में मतदान के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## वियतनाम में हरियाणा का परचम, गुरवंश अरोड़ा ने जीता रजत पदक

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 23 जून।** मास रेसलिंग चैंपियनशिप में एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा की तरफ से वियतनाम में आयोजित एशियन मास रेसलिंग चैंपियनशिप में एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा के खिलाड़ी गुरवंश अरोड़ा ने रजत पदक जीत कर विदेश की धरती पर हरियाणा का नाम रोशन किया है। एसोसिएशन के महासचिव सतविंद्र ड्क्षसह ने बताया कि 7 से 9 जून तक वियतनाम में यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.एम.एच. व एम.एम.ऐ. चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिसमें आल इंडिया ट्रेडिशनल रेसलिंग एंड पेनक्रेसन फेडरेशन के तत्वाधान में प्रधान ओमर मुख्तार के नेतृत्व में एसोसिएशन की तरफ से हरियाणा के प्रतिभाशाली खिलाड़ी गुरवंश अरोड़ा ने अंडर 20 आयु वर्ग की मिक्स्ड मार्शियल आर्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे प्रदेश में खुशी और गौरव का माहौल है। शाहबाद निवासी गुरवंश अरोड़ा ने प्रतियोगिता के दौरान अपने दमदार खेल, अदम्य साहस और उत्कृष्ट तकनीक का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया तथा एशिया के लगभग 20 देशों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के बीच भारत का गौरव बढ़ाया।

एसोसिएशन के प्रधान राकेश खुराना ने गुरवंश अरोड़ा और उनके कोच अमित धारिवाल को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरवंश की यह सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सिद्ध करती है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्रधान राकेश खुराना ने कहा कि एसोसिएशन राज्य में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## विधायक अत्री की सादगी और जनसेवा की हो रही चर्चाः योगेश कसूहन

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने उचाना हलके के मतदाताओं से विकसित उचाना का जो वायदा किया था, उसे धरातल पर साकार करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। विधायक अत्री की सादगी, सहज उपलब्धता और जरूरतमंद लोगों की निरंतर मदद करने की भावना के चर्चे आज पूरे क्षेत्र में हैं। योगेश कसूहन ने कहा कि आमजन का कहना है कि पहले जनप्रतिनिधियों से मिलना आसान नहीं होता था, लेकिन वर्तमान विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र की जनता का उनके प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

## सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के 12 वर्षः विकसित भारत के संकल्प को नई गति मिली

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 23 जून।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय श्याम कमल, पानीपत में भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा एक भव्य बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक गोपाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं राजीव मल्होत्रा (डिप्टी एडवोकेट जनरल, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट एवं सह संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ हरियाणा), वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष सैनी, चैतन्य अरोड़ा, कार्यक्रम के जिला संयोजक रोशन लाल महला, भाजपा नेत्री आशु नंदा, तमन्ना सेठी, दीपक जयेष्ठ, अमित शर्मा तथा सागर कुंडू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आगंतुक अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के जिला संयोजक रोशन लाल महला द्वारा किया गया, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आजादी के बाद सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री पद पर रहकर एक नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों की यात्रा सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## धर्म की हानि जब जब होती है तब गुरुओं का अवतरण होता हैः खेहरा

### हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवनं एवं शहादत पर एक दिवसीय संगोष्ठी हुई

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 23 जून।** राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में महत्वपूर्ण दिवस समारोह कमेटी के तत्वाधान में हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, उपदेशों एवं शहादत पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचार्या श्रीमती कमलेश रानी के कुशल मार्गदर्शन में किया गयाञ इस अवसर पर मुख्य वक्ता, गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल के पूर्व प्राचार्य डॉ. मेजर खेहरा सिंह थे। उन्होंने अपनी बात की शुरुआत श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत से की तथा बताया कि जब धर्म की हानि होती है तब धर्म की स्थापना के लिए गुरुओं का अवतरण होता है।औरंगज़ेब के शासनकाल में हिंदुओं पर *जज़ि़ा कर* लगाया गया, जनेऊ और तिलक पर प्रतिबंध लगाए गए तथा मुस्लिम धर्म नहीं अपना लोगे तो लाखों लोगों को काटा जाएगा जैसे फरमान जारी किए गए। डॉ. खेहरा सिंह जी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पंडितों के नेता *पंडित कृपा राम जी* जब अमरनाथ यात्रा पर गए, तो वहाँ *आकाशवाणी* हुई कि इस संकट से केवल गुरु नानक जी की गद्दी पर बैठा गुरु ही बचा सकते है। गुरु नानक देव जी ने भी बाबर को जाबर कहा था। उसी परंपरा में पंडित कृपा राम जी गुरु तेग बहादुर जी के पास पहुँचे। मुख्य वक्ता डा मेजर सिंह जी ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन के बारे में बताते हुए कहा की उनके पूरे परिवार ने धर्म की रक्षा के लिए शहदात दी जिस कारण उनके परिवार को सरबंस दानी कहा जाता है।मुख्य वक्ता जी ने कहा कि गुरु साहिब ने संयम, सहनशीलता और अन्याय के विरुद्ध बोलने की शिक्षा दी। उनके 59 शबद श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज हैं जो चिंता नहीं और साधो मन का मान तिआगो का संदेश देते हैं। गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के 32 वर्ष बाद* पटना साहिब में दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश हुआ।मुख्य वक्ता डॉ. मेजर खेहरा सिंह ने छात्राओं से इन शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।निर्भयता - न डरना, न डराना *वाणी~ अन्याय के सामने कभी मत झुको। कमजोर को कभी मत डराओ। यही सच्चा साहस है।मोह-माया का त्याग।धन, पद, सुंदरता सब नश्वर है। अहंकार छोड़ो, विनम्र बनो। केवल अच्छे कर्म साथ जाएँगे।धर्म रक्षा हेतु बलिदान।अपने सिद्धांतों पर अडिग रहो। धर्म, सत्य और मानवता के लिए त्याग से मत डरो।समता और मानव गरिमा।जाति, धर्म, रंग, गरीब-अमीर का भेद मत करो। सब एक ही ईश्वर की संतान हैं। मृत्यु का भय त्यागो मृत्यु निश्चित है। इसलिए डरकर जीने की बजाय सम्मान से जियो। सत्य के लिए खड़े हो।सुख-दुख में समता परीक्षा में फेल या पास, तारीफ या आलोचना - मन को विचलित मत होने दो। संतुलन रखो। मन का अभिमान छोड़ो। मैं और मेरा का घमंड छोड़ दो। ज्ञान आते ही विनम्रता आनी चाहिए।

# श्री मुक्तसर साहिब में 'ब्राइट माइंड्स पंजाब' के तहत 1050 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

निजी स्कूलों के लिए वार्षिक फीस वृद्धि 5 प्रतिशत तक की सीमित: हरजोत सिंह बैंस

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अधिकार और राष्ट्रीय विकास का आधार: मनीष सिसोदिया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**श्री मुक्तसर साहिब, 23 जून।** शैक्षणिक उत्कृष्टता के ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उत्सव के अवसर पर पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस और आम आदमी पार्टी, पंजाब मामलों के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने आज 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 1050 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

श्री मुक्तसर साहिब में 'ब्राइट माइंड्स पंजाब 2026' कार्यक्रम के तहत आयोजित इस समारोह में स. बैंस ने कहा कि शिक्षा सभी सामाजिक चुनौतियों का सबसे प्रभावी समाधान है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दें, ताकि वे अपने पेशेवर जीवन में ऊंचाइयों को छूकर राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें।

सभा को संबोधित करते हुए हरजोत सिंह स. बैंस ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने पंजाब रेगुलेशन ऑफ फीस ऑफ अनएडेड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एक्ट में संशोधन के लिए एक अध्यादेश को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत फीस और फंड में वार्षिक वृद्धि अधिकतम 5 प्रतिशत तक सीमित कर दी गई है। यह अध्यादेश मंजूरी के लिए पंजाब के राज्यपाल को भेजा गया है। सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान फीस में 'अनुचित' वृद्धि करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया है। अभिभावकों से वसूली गई अतिरिक्त राशि उन्हें वापस की जाएगी।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में केरल को पीछे छोड़ते हुए पंजाब अब देश के शिक्षा सूचकांक में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। नीति आयोग की 2026 की रिपोर्ट और केंद्र सरकार की पीजीआई 2.0 रैंकिंग में राज्य के स्कूलों को देशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिससे परीक्षा प्रणाली में विश्वास और निष्पक्षता को और मजबूती मिलेगी।

युवाओं के कल्याण के प्रति सरकार की व्यापक सोच का उल्लेख करते हुए बैंस ने कहा कि पंजाब सरकार ने बिना किसी रिश्वत या सिफारिश के केवल योग्यता के आधार पर 68,000 से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। उन्होंने पंजाब के युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे भविष्य उन्मुख कौशलों से लैस करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, एआई पारंपरिक भूमिकाओं को नया स्वरूप दे रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। यह अत्यंत आवश्यक है कि हमारे विद्यार्थी इस तकनीकी क्रांति में सक्रिय भागीदार बनें।

इस अवसर पर श्री मुक्तसर साहिब के विधायक जगदीप सिंह काका बराड़, स्कूल शिक्षा (सेकंडरी) के निदेशक एस.एस. बल्ह तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा तक पहुंच प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार : सिसोदिया

मनीष सिसोदिया ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ खुली और रचनात्मक बातचीत की। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा तक पहुंच प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। किसी भी देश की प्रगति उसकी शिक्षा व्यवस्था की मजबूती से जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि जहां देश के कई राज्य अब भी गंभीर शैक्षिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, वहीं पंजाब शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है। समारोह का माहौल अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा। विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर और व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव देकर सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान नीति निर्माताओं और युवा विद्यार्थियों के बीच विचारों का सार्थक आदान-प्रदान देखने को मिला।

## सीईओ अनिंदिता मित्रा ने एसआईआर के तहत 25 जून से शुरू होने वाली घर-घर गणना के संबंध में राजनीतिक दलों से बैठक की

पंजाब राज्य में 86.02 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग हुई- सीईओ अनिंदिता मित्रा

अनमैप्ड मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 जून।** पंजाब राज्य में 25 जून 2026 से शुरू होने वाली विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के तहत घर-घर गणना चरण के संबंध में आज पंजाब की मुख्य चुनाव अधिकारी श्रीमती अनिंदिता मित्रा ने राज्य की मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर दौरे के समय गणना प्रपत्रों के वितरण, भरने तथा संग्रहण संबंधी जानकारी साझा की गई। बैठक के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार पंजाब राज्य में 25 जून 2026 से घर-घर गणना का कार्य प्रारंभ होगा, जो 24 जुलाई 2026 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के इस कार्य में 24,453 बी.एल.ओज़. 25 जून 2026 से 24 जुलाई 2026 तक राज्य के 2 करोड़ 14 लाख 61 हजार 43 मतदाताओं तक पहुंचेंगे।

मतदान केंद्रों के युक्तिकरण (रैशनलाइजेशन) का कार्य 24 जुलाई 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 3 अगस्त 2026 को किया जाएगा। मतदाता सूचियों के संबंध में दावे और आपत्तियां 3 अगस्त 2026 से 2 सितंबर 2026 तक पेश की जा सकेंगी। दावों और आपत्तियों का निपटारा 3 अगस्त 2026 से 28 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 1 अक्टूबर, 2026 को किया जाएगा। बैठक के दौरान उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि राज्य में 86.02 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है। अनमैप्ड मतदाताओं से संबंधित सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई।

श्रीमती मित्रा ने एस.आई.आर. को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों से सक्रिय भागीदारी और चुनावी अमले को अधिकतम सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन अनमैप्ड मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित करने के लिए चुनावी अमले की सहायता की जानी चाहिए।

इस अवसर पर उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एस.आई.आर. प्रक्रिया संबंधी शंकाओं का भी समाधान किया। बैठक में अतिरिक्त सीईओ श्री अमनदीप गर्ग, संयुक्त सीईओ श्रीमती नवनीत कौर बल्ह के अलावा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में आम आदमी पार्टी से फैरी सॉफ्ट, बहुजन समाज पार्टी से जसवंत राय और हरभजन सिंह, भारतीय जनता पार्टी से परमपाल कौर, कांग्रेस पार्टी से हरदीप सिंह किंगरा और हैप्पी खेड़ा तथा शिरोमणि अकाली दल से एडवोकेट अर्शदीप सिंह क्लेर और नछत्तर सिंह गिल उपस्थित थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एस.आई.आर. 2026: विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत पंजाब राज्य में 25 जून से शुरू होगी घर-घर गणना




**चंडीगढ़ (अप्रस)।** विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी प्रतीकात्मक शुरुआत में 2,000 से अधिक युवाओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर प्रदेश में इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न करने का संदेश दिया गया।

### यूथ कांग्रेस चुनाव में आराधना कांगड़ा की ऐतिहासिक जीत




**संगरूर (अप्रस/मोहन शर्मा)।** पंजाब यूथ कांग्रेस के चुनावों में संगरूर के प्रतिष्ठित कांग्रेसी कांगड़ा परिवार की बहू एवं पंजाब प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव श्रीमती आराधना कांगड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारी मतों के अंतर से पंजाब यूथ कांग्रेस की प्रदेश महासचिव का चुनाव जीत लिया है। उनकी इस जीत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पूर्व एस.सी. आयोग सदस्य मैडम पूनम कांगड़ा तथा पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एस.सी. विभाग की स्टेट एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य श्री दर्शन सिंह कांगड़ा की बहू आराधना कांगड़ा को मिली इस बड़ी जीत को कांग्रेस पार्टी के प्रति युवाओं के बढ़ते विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। देर रात घोषित हुए चुनाव परिणामों के बाद पंजाब भर से कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में युवाओं ने उन्हें बधाई दी। विशेष रूप से महिलाओं और युवा लड़कियों में इस जीत को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बातचीत करते हुए नवनियुक्त प्रदेश महासचिव आराधना कांगड़ा ने कहा कि पंजाब के युवाओं द्वारा उन पर जताए गए विश्वास को वह हर हाल में कायम रखेंगी। उन्होंने कहा कि युवाओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा तथा उनके रोजगार, शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका पूरा परिवार लंबे समय से समाज सेवा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जुड़कर जनकल्याण के कार्य करता आ रहा है। वह भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पार्टी को मजबूत बनाने, युवाओं के सशक्तिकरण और जनसेवा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी। आराधना कांगड़ा ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए पंजाब के सभी युवाओं, विशेष रूप से युवा लड़कियों का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका प्यार, साथ और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए निरंतर मेहनत करती रहेंगी।

### फैड्स लाइब्रेरी में विदेश में रहते युवक ने की 300 किताबें भेंट



**नाभा (अप्रस/अमन गर्ग)।** पटियाला के अरमनप्रीत सिंह जोकी आज कल कनाडा में रहते है कि और से समाज सेवक सुभाष बांसल प्रधान फैडस लाईब्रेरी नाभा से प्रभावित होते हुए नाभा की इस लाईब्रेरी कोलगभग 300 किताबें जोकि लगभग 3 लाख रूपए की है आज के युग की जनरल नॉलेज, आईपीएस, पीसीएस और भी ज्ञान में बढ़ोतरी करने वाली है को भेंट की गई। इस मौके सुभाष बांसल ने बताया की अरमनप्रीत सिंह जोकि कनाड़ा में है के मित्र हरप्रीत सिंह गॉव मैहस ने यह किताबे लाईब्रेरी को भेंट करने पर उनका धन्यवाद करते हुए बताया कि यह लाईब्रेरी पिछले 36 सालो से सेवा कर रही है और जीके प्रतियोगिता के 26 सालो से करवा रही है इसके साथ इस लाईब्रेरी में पढ कर आज कई बच्चे आईपीएस और पीसीएस भी बन चुकें है। इस मौके औरों के इलावा अश्वनी मदान सैक्रेटरी भी मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक एस.आर. कलेर ने सर्कल गालिब के नए पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**जगराओं (अप्रस/प्रदीप पाल)।** शिरोमणि अकाली दल के कार्यालय जगराओं में शिरोमणि अकाली दल के कोर कमेटी सदस्य, पूर्व विधायक और हलका प्रभारी एस.आर. कलेर के नेतृत्व में सर्कल गालिब के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयपाल सिंह खैला शेरपुर कलां को यूथ विंग अध्यक्ष, बेनजीर बीना गालिब कलां को स्त्री (महिला) विंग अध्यक्ष, कुलविंदर सिंह अमरगढ़ कलेर को आई.टी. विंग अध्यक्ष और रेशम सिंह गालिब खुर्द को एस.सी. विंग सर्कल अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एस.आर. कलेर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हुए पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जाए। इस अवसर पर एस.जी.पी.सी. सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, सर्कल अध्यक्ष मनदीप सिंह गालिब, दविंदर सिंह खैला शेरपुर कलां और सरबजीत सिंह शेरपुर कलां, गुरदीप सिंह गालिब खुर्द, हरदीप सिंह विक्की गालिब कलां भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## बरिंदर कुमार गोयल द्वारा फाजिल्का निवासियों को 46 करोड़ की सात सिंचाई एवं बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सौगात

कैबिनेट मंत्री ने 33.51 करोड़ की लागत वाली तीन परियोजनाओं का किया उद्घाटन

8.89 करोड़ रुपये की लागत वाले वी.आर. ब्रिज के निर्माण का रखा शिलान्यास



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फाजिल्का, 23 जून।** पंजाब के जल संसाधन एवं भूमि तथा जल संरक्षण मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज फाजिल्का विधानसभा क्षेत्र के निवासियों को लगभग 45.74 करोड़ रुपये की लागत वाली सात सिंचाई एवं बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 33.51 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुई तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके अलावा 8.89 करोड़ रुपये की लागत से नदी सतलुज क्रीक पर बनने वाले वी.आर. ब्रिज के निर्माण का शिलान्यास करने के साथ-साथ भूमिगत पाइपलाइन एवं वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम के माध्यम से सोलर पंपों द्वारा सेम-ग्रसित भूमि सुधार की 3.34 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में 42.56 किलोमीटर नहरों की कंक्रीट लाइनिंग, 81.36 किलोमीटर खालों को पक्का करना, साझा भूमिगत पाइपलाइन योजना सिंचाई परियोजना तथा सेम-ग्रसित भूमि के सुधार से संबंधित कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य नहरी पानी की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित करना और टेलों तक पानी की पहुंच को और मजबूत करना है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री के साथ फाजिल्का के विधायक श्री नरेंद्रपाल सिंह सवना भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके पश्चात अपने संबोधन में श्री बरिंदर कुमार गोयल ने बताया कि जल संसाधन विभाग के कैनाल सर्कल फिरोजपुर के अंतर्गत नहरों की लाइनिंग एवं खालों को पक्का करने के कार्य पूर्ण किए गए हैं, जिससे नहरों में पानी का बेहतर प्रवाह सुनिश्चित हुआ है और टेलों तक पानी की पहुंच में भी महत्वपूर्ण सुधार आया है। इसी प्रकार कच्चे खालों का नवीनीकरण कर उन्हें पक्का करने से किसानों को नहरी पानी अधिक मात्रा में मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार ने टेलों तक पानी पहुंचाने को प्राथमिकता दी है और टेलों पर पानी की उपलब्धता 26 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो पंजाब के इतिहास में पहली बार संभव हुआ है।

इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने गांव वल्ले शाह उताड़ (नूरशाह) से वल्ले शाह हिठाड़ (गुलाबा भैणी) को जोड़ने के लिए रिवर सतलुज क्रीक पर 8.89 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले वी.आर. ब्रिज के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि लगभग 370 फीट लंबा यह ब्रिज जून 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है। इस ब्रिज के बनने से वल्ले शाह हिठाड़, गुलाबा भैणी, रेते वाली भैणी, गट्टी नंबर-1 सहित 11-12 गांवों के लोगों की आवाजाही सुगम होगी और जलालाबाद तक की यात्रा लगभग 15-20 किलोमीटर कम हो जाएगी। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री ने भूमि एवं जल संरक्षण विभाग से संबंधित 3.64 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं में से एक का उद्घाटन किया तथा तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनमें साझा भूमिगत पाइपलाइन परियोजना मोघा नं. 67800 (30 लाख रुपये) का उद्घाटन किया गया, जबकि मोघा नं. 63997 (51 लाख रुपये), वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम (सोलर पंप के माध्यम से सेम-ग्रसित भूमि सुधार) परियोजना गांव खुईखेड़ा (83 लाख रुपये) तथा गांव लखेवाली ढाब (2 करोड़ रुपये) की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

## राजनीतिक पार्टियां विधानसभा और बूथ स्तर के एजेंटों की नियुक्ति जल्द सुनिश्चित करें: शिखा भगत



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**लुधियाना, 23 जून।** सह-अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा भगत ने मंगलवार को विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने 'विशेष गहन संसोधन (एसआईआर)-2026' के दूसरे चरण को सफल बनाने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की। शिखा भगत ने कहा कि सभी राजनीतिक दल विधानसभा स्तर पर बीएलए-1 और बूथ स्तर पर बीएलए-2 (बूथ स्तर के एजेंट) की नियुक्ति जल्द से जल्द पूरी कर इसकी जानकारी चुनाव कार्यालय को दें। उन्होंने बताया कि 25 जून से 24 जुलाई 2026 तक बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं की गणना का फॉर्म भरवाएंगे, जिसमें राजनीतिक दलों के बूथ एजेंटों का सहयोग बेहद जरूरी है।

इसके साथ ही 24 जुलाई तक मतदान केंद्रों के युक्तिकरण (पुनर्गठन) का काम भी पूरा किया जाएगा, जिसके तहत 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों की जगह नए मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। इस बैठक में चुनाव तहसीलदार लुधियाना राजन ढल्ल समेत आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## गांव कांझली और किला हकीमा में आयोजित किया गया लोक मिलनी कार्यक्रम

धूरी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में लोक मिलनियों के माध्यम से लोगों से सीधा संवाद कर रही है मान सरकार



अर्थ प्रकाश/मोहन शर्मा

**सुनाम, 23 जून।** पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने धूरी विधानसभा क्षेत्र के गांव कांझली और किला हकीमा में आयोजित ÷लोक मिलनी÷ कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार जनता के कल्याण और गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और लोक मिलनी कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, बल्कि उनकी समस्याओं को भी मौके पर सुनकर संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समाधान करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।इस अवसर पर पार्षद पुष्पिंदर शर्मा, अनिल मित्तल, जिला परिषद सदस्य हरजिंदर सिंह कांझला, जगतार सिंह बागड़ी, नरेंद्र सिंह, सरपंच सुखजीत सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य जगसीर सिंह, सरपंच अमरीक सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य गुरजीत सिंह, सूबेदार सुखवंत सिंह तथा गांवों के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मनप्रीत बांसल बनें नगर कौंसिल सुनाम के अध्यक्ष यादविंदर निर्माण सीनियर वाइस अध्यक्ष और मीना रानी वाइस अध्यक्ष चुनी गईं

कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी

शहीदों, पीरो फकीरों की धरती पर कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी: अमन अरोड़ा



अर्थ प्रकाश/मोहन शर्मा

**सुनाम, 23 जून।** आम आदमी पार्टी के पार्षद मनप्रीत बांसल को म्युनिसिपल काउंसिल सुनाम के चुनाव के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष यादविंदर निर्माण सीनियर वाइस अध्यक्ष और श्रीमती मीना रानी वाइस अध्यक्ष चुनी गईं। इस मौके पर आम आदमी पार्टी पंजाब के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने नए चुने गए पदाधिकारियों को बधाई दी और उनसे जनता की सेवा और विकास के लिए लगन से काम करने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि सुनाम के लोगों ने आम आदमी पार्टी पर जो भरोसा जताया है, उसे बनाए रखना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नई टीम कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के साथ म्युनिसिपल काउंसिल सुनाम का हर तरह का विकास और लोगों की भलाई पक्का करेगी। अरोड़ा ने कहा, ÷सुनाम शहर के विकास में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

पंजाब सरकार विकास के कामों के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होने देगी और हर लोगों की भलाई के प्रोजेक्ट को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

उन्होंने सुनाम में पहले से चल रहे करोड़ों रुपये के विकास के कामों का ज़िक्र किया और कहा कि सरकार आने वाले समय में और भी विकास के कामों के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी भरोसा जताया कि सभी म्युनिसिपल पार्षद पार्टी लेवल से ऊपर उठकर शहर के हितों को प्राथमिकता देंगे और विकास को तेज़ी से आगे बढ़ाएंगे।

## वार्ड 26 से कांग्रेस उम्मीदवार मनी फरवाहा ने लिवासा अस्पताल के सहयोग से लगाया मुफ्त मेडिकल कैंप, 153 मरीजों ने उठाया लाभ

आम आदमी पार्टी पर बरसे मनी फरवाहा कहा- 'लोगों का 'आप' से हुआ मोहभंग, पैसे के लालच में ना आएं वोटर'



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 23 जून।** वार्ड नंबर 26 से कांग्रेस पार्टी के सुलझे हुए, निडर और प्रगतिशील युवा उम्मीदवार मनी फरवाहा द्वारा वार्ड वासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशाल मुफ्त मेडिकल कैंप लगाया गया। लिवासा अस्पताल के सहयोग से लगाए गए इस कैंप में डॉक्टर सकलेर हुसैन और उनकी टीम, जिसमें अमनदीप कौर, अर्शदीप कौर, देवेंद्र कुमार और नमन कुमार आदि शामिल थे, द्वारा मरीजों की बारीकी से जांच की गई और मुफ्त दवाइयां दी गईं। कैंप के दौरान मरीजों के बी.पी., शुगर और ई.सी.जी. (श्वष्टत्र) जैसे महत्वपूर्ण टेस्ट भी बिल्कुल मुफ्त किए गए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कांग्रेस के उम्मीदवार मनी फरवाहा ने बताया कि इससे पहले भी उनके द्वारा भगत नगर में लिवासा अस्पताल की टीम के सहयोग से एक सफल कैंप लगाया गया था, जहां अनेक लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया था। उन्होंने कहा, 'मैं अपने वार्ड नंबर 26 के निवासियों की सेवा के लिए दिन-रात तत्पर हूं और वार्ड वासियों की हर मुश्किल को हल करना मेरा मुख्य उद्देश्य है।'

लिवासा अस्पताल के डॉक्टर सकलेर हुसैन ने बताया कि इस विशाल कैंप में 153 मरीजों की जांच करके उन्हें मुफ्त दवाइयां बांटी गईं। इसके साथ ही लिवासा टीम द्वारा 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के विशेष हेल्थ कार्ड भी बनाए गए। उन्होंने बताया कि इन हेल्थ कार्डों के माध्यम से मरीजों को लिवासा अस्पताल में इलाज कराने के समय बहुत बड़े फायदे और रियायतें मिलेंगी।

इस अवसर पर मनी फरवाहा के साथ सनी फरवाहा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## जीरकपुर में हरियाणा रोडवेज बस की टक्कर से महिला घायल, चालक पर केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 23 जून।** शहर में एक तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज बस की टक्कर से महिला के घायल होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहाली के सेक्टर-70 निवासी रेखा ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 15 जून को वह अपनी भांजी रिद्धि के साथ खरीदारी के लिए डी-मार्ट जीरकपुर आई थीं। खरीदारी के बाद दोनों क्लियो होटल के पास सड़क किनारे अपनी बुक की गई कैब का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान चंडीगढ़ की ओर से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस (एचआर-58जीवी-4318) ने आगे चल रही कार को ओवरटेक करते समय उन्हें टक्कर मार दी। रेखा ठाकुर के अनुसार बस चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें पहले सिविल अस्पताल डेराबस्सी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच-32 चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। पीड़िता ने बताया कि दुर्घटना के बाद चालक बलविंदर कुमार निवासी नारायणगढ़, हरियाणा के साथ समझौते की कोशिश हुई, लेकिन बात नहीं बन सकी। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। जांच के बाद पुलिस ने चालक के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।




# स्वच्छ शहर के दावों के बीच सुखना चो में फेंका गया मेडिकल कचरा, सिस्टम पर सवाल

**वायरल वीडियो ने खोली पोल, खुले में संक्रमित कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 23 जून।** शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के दावों के बीच सुखना चो में मेडिकल वेस्ट फेंके जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें कुछ लोग कार से पहुंचकर मेडिकल वेस्ट से भरे बॉक्स सुखना चो के किनारे फेंकते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष है और लोग इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बनाई गई यह वीडियो अब शहरभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग वाहन से उतरकर बॉक्सों में भरा मेडिकल कचरा चो के किनारे फेंक रहे हैं और वहां से चले जाते हैं। लोगों का आरोप है कि यह कोई सामान्य कचरा नहीं बल्कि मेडिकल वेस्ट है, जिसे नियमों के अनुसार विशेष प्रक्रिया के तहत नष्ट किया जाना चाहिए था।

**बड़ा सवालः** गाजीपुर ड्रेन के बाद अब सुखना चो में मेडिकल वेस्ट मिलने से क्या जीरकपुर अवैध





मेडिकल कचरा फेंकने वालों का नया ठिकाना बनता जा रहा है, या प्रशासन इस बार दोषियों तक पहुंचकर सख्त कार्रवाई करेगा?

**वीडियो वायरल, लोगों में भारी रोषः** सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों की प्रतिक्रियाएं लगातार सामने आ रही हैं। शहरवासियों का कहना है कि एक तरफ सरकार और प्रशासन स्वच्छता अभियान चलाकर शहर को साफ रखने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम मेडिकल वेस्ट फेंक रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो यह प्रवृत्ति और बढ़ सकती है। कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय निवासियों ने भी मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को कानून के दायरे में लाने की मांग की है।

## पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा

विशेषज्ञों के अनुसार मेडिकल वेस्ट में दवाइयों के अवशेष, प्रयोग की गई चिकित्सा सामग्री, संक्रमित वस्तुएं और अन्य जैविक कचरा शामिल हो सकता है। ऐसे कचरे को खुले में फेंकना न केवल पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन है बल्कि इससे संक्रमण फैलने, जल स्रोतों के प्रदूषित होने और पशु-पक्षियों के प्रभावित होने का भी खतरा रहता है। सुखना चो क्षेत्र से गुजरने वाले पानी पर आसपास के इलाकों का पर्यावरण भी निर्भर करता है। ऐसे में यदि मेडिकल वेस्ट पानी में मिल जाता है तो इसका असर दूर-दराज के क्षेत्रों तक पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले से प्रदूषण की मार झेल रहे इस क्षेत्र में मेडिकल कचरा फेंकना बेहद चिंताजनक है।

## पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

यह पहली बार नहीं है जब जीरकपुर क्षेत्र में मेडिकल वेस्ट मिलने का मामला सामने आया हो। करीब 40 दिन पहले गाजीपुर क्षेत्र की ड्रेन में भी एक कट्टे में हजारों की संख्या में गोलियां मिली थीं। उस घटना के बाद भी मेडिकल कचरे के निपटारे को लेकर कई सवाल खड़े हुए थे। हालांकि उस मामले में क्या कार्रवाई हुई और जिम्मेदार लोगों तक प्रशासन पहुंच पाया या नहीं, यह अब भी चर्चा का विषय बना हुआ है। अब सुखना चो में मेडिकल वेस्ट मिलने की घटना ने यह आशंका और मजबूत कर दी है कि कहीं क्षेत्र में मेडिकल कचरे के अवैध निपटारे का कोई संगठित खेल तो नहीं चल रहा। यदि ऐसा है तो यह न केवल पर्यावरण बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा साबित हो सकता है।

'मामला हमारे संज्ञान में आया है। मेडिकल वेस्ट को जल्द उठवाकर उसका उचित निपटान करवाया जाएगा। जो लोग इस तरह खुले में मेडिकल वेस्ट फेंक रहे हैं, उन्हें ट्रेस कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।'

—डॉ. गगनदीप , एसएमओ, सीएचसी ढकोली

# हरियाणा में डेपुटेशन पर तैनात शिक्षकों को राहत, 30 सितंबर तक बढ़ी तैनाती अवधि

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 जून।** हरियाणा सरकार ने सरकारी स्कूलों में डेपुटेशन पर कार्यरत शिक्षकों और विद्यालय प्रमुखों को बड़ी राहत देते हुए उनकी तैनाती अवधि 30 सितंबर 2026 तक बढ़ा दी है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसे ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, ऐसे सभी प्राथमिक शिक्षक, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, स्नातकोत्तर शिक्षक, ईएसएचएम, मुख्याध्यापक और प्राचार्य, जिन्हें सक्षम प्राधिकारी अथवा मुख्यमंत्री की स्वीकृति से अन्य सरकारी विद्यालयों में डेपुटेशन पर भेजा गया था और जिन्हें अभी तक मूल विद्यालयों में कार्यमुक्त नहीं किया गया है, उन्हें इस निर्णय का लाभ मिलेगा।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि डेपुटेशन की अवधि 30 सितंबर 2026 तक अथवा संबंधित संवर्ग की ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी होने तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। इस दौरान सभी कर्मचारी पूर्व निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार अपने वर्तमान विद्यालयों में कार्य करते रहेंगे।






















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# अलीगंज अग्निकांड: 2016 में निरस्त किया गया था बिल्डिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण का आदेश

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। लखनऊ के अलीगंज में हुए भीषण अग्निकांड के बाद अब भवन से जुड़े पुराने दस्तावेज और प्राधिकरण की कार्रवाई गंभीर सवालों के घेरे में हैं। सोमवार को जिस भवन में आग लगने की यह दुःखद घटना हुई, उसके खिलाफ वर्ष 2016 में अवैध निर्माण को लेकर ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया गया था, लेकिन दो माह से कम समय में ही उस आदेश को निरस्त भी कर दिया गया।

अलीगंज योजना के सेक्टर-डी स्थित भवन संख्या एमएस/102/डी मूल रूप से 11 जुलाई 1980 को लॉटरी प्रणाली के तहत विजय कुमार पुत्र रामेश्वर सहाय को किराया-क्रय पद्धति पर आवंटित किया गया था। 4 नवंबर 1980 को अनुबंध निष्पादित होने के बाद भवन का कब्जा आवंटी को सौंप दिया गया। 2005 में यह भवन विक्रय विलेख के जरिए विजय कुमार और उनकी पत्नी उषा के नाम दर्ज हुआ। वहीं 19 जनवरी 2013 को इन लोगों ने यह भवन वीरेन्द्र प्रताप शुक्ला और सुरेन्द्र प्रताप शुक्ला के नाम बेच दिया। 7 अगस्त 2014 को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने वीरेन्द्र व सुरेन्द्र के पक्ष में नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की। करीब 1992 वर्गफीट क्षेत्रफल वाले इस भवन का मानचित्र 20 अगस्त 2014 को स्वतः मानचित्र योजना के तहत आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत किया गया था।

हालांकि, बाद में भवन में अनधिकृत निर्माण की बात सामने आई। इसके बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण ने वीरेन्द्र प्रताप शुक्ला के खिलाफ मुकदमा संख्या-08/2016 दर्ज कराया। जांच के बाद विहित प्राधिकारी ने 10 मई 2016 को अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण आदेश पारित कर दिया लेकिन ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के दो माह के अंदर ही 5 जुलाई 2016 को इस आदेश को निरस्त भी कर दिया गया।

# मुख्यमंत्री ने दी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि



अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रखर राष्ट्रवादी व जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बलदेव सिंह औलख, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, लालजी प्रसाद निर्मल, अवनीश सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, भाजपा नेता नीरज सिंह आदि ने भी राष्ट्रनायक डॉ. मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा- 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, नहीं चलेंगे' के उद्घोषक, प्रखर राष्ट्रवादी और जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। भारत की एकता व अखंडता के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक देशवासी के हृदय में सदैव राष्ट्रवाद की लौ प्रज्ज्वलित करता रहेगा।

जीरकपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई:

# 410 ग्राम हेरोइन और 2.20 लाख ड्रग मनी समेत आरोपी गिरफ्तार

बलटाना में वेलवेट क्लार्क होटल के पास नाकाबंदी दौरान पकड़ा गया आरोपी, इलेक्ट्रॉनिक कंडा भी बरामद; पहले भी दर्ज हैं कई मामले



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। नशे के खिलाफ चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत जीरकपुर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बलटाना क्षेत्र में स्थित वेलवेट क्लार्क होटल के नजदीक नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ और मोटी रकम बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अर्शदीप सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से श्री मुक्तसर साहिब का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए जीरकपुर थाना के एसएचओ सतिंदर सिंह ने बताया कि इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने और नशा तस्करों पर नकेल कसने के लिए पुलिस पार्टी द्वारा लगातार गश्त की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने बलटाना एरिया में वेलवेट क्लार्क इन होटल के पास नाकाबंदी की हुई थी। नाके के दौरान पुलिस कर्मियों ने देखा कि एक युवक पैदल आ रहा है, जो पुलिस टीम को सामने देखकर घबरा गया और पीछे मुड़ने का प्रयास करने लगा। युवक की संदिग्ध हरकतों को देखते हुए मुस्तैद पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उसे तुरंत रोक लिया और पूछताछ शुरू की। एसएचओ सतिंदर सिंह ने आगे बताया कि जब पुलिस टीम द्वारा युवक के पास मौजूद बैग की गहनता से तलाशी ली गई, तो उसमें से 410 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 2 लाख 20 हजार रुपये की भारतीय करंसी बरामद हुई, जिसे ड्रग मनी माना जा रहा है। इसके साथ ही बैग से एक इलेक्ट्रॉनिक कंडा भी बरामद हुआ है, जिसका इस्तेमाल नशीले पदार्थ को तौलने और उसकी छोटी-छोटी पुड़ियां (खुराक) बनाकर बेचने के लिए किया जाता था।

नशीले पदार्थ और ड्रग मनी की इतनी बड़ी खेप बरामद होने के बाद पुलिस ने आरोपी अर्शदीप सिंह को मौके पर ही हिरासत में ले लिया और सामान को जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है, थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच और पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर यह बात सामने आई है कि आरोपी अर्शदीप सिंह एक शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# मातृभाषा पंजाबी, गुरसिखी और कुशल युवा ही कौम की असली ताकत: हरमीत सिंह कालका



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से अखिल भारतीय सिख शिकलीगर समाज का राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने मातृभाषा पंजाबी, गुरसिखी जीवन, कौमी एकता और कौशल आधारित शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि गुरु साहिबानों द्वारा दी गई विरासत, भाषा, सिद्धांतों और शस्त्र विद्या को अपनाना आज समय की आवश्यकता है। उन्होंने सिख समाज से एकजुट होकर अपनी सामूहिक शक्ति को मजबूत करने का आह्वान किया। कालका ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से शिकलीगर समाज के प्रतिनिधियों का एक मंच पर एकत्र होना प्रेरणादायक और ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने संगतों से अपने बच्चों को गुरसिख, अच्छे चरित्र वाला और आधुनिक तकनीकी कौशल से युक्त बनाने की अपील की। उनका कहना था कि स्किल डेवलपमेंट और तकनीकी शिक्षा युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाएगी।

कालका ने घोषणा की कि देशभर के सिख उद्यमियों और औद्योगिक इकाइयों के सहयोग से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और व्यवसाय के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने मातृभाषा पंजाबी को सिख पहचान का आधार बताते हुए इसके संरक्षण और प्रचार का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही शिकलीगर समाज की जायज मांगों को सरकारों के समक्ष उठाने और सिखी के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान चलाने का भी आश्वासन दिया।

# पंचमुखी हनुमान मन्दिर के गल्ले सील, प्रशासक ने ली चाबियां रिकॉर्ड नही मिला

**अम्बाला छावनी (रवि पाहुजा)।** यदि घुटनों चलता बच्चा या बच्ची मन्दिर में रखे फल उठा खा ले तो उसे भगवान का रूप माना जाता है यदि कोई अन्य कुछ भी उठाए उसे डांट भी पड़ती है उठाया सामान भी वापिस रखवाया जाता है। पंचमुखी हनुमान मन्दिर दयालबाग जो लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है आजकल विवादों के घेरे में चल रहा है रजिस्ट्रार सोसायटीज को मिल रही शिकायतों के बाद नियुक्त प्रशासक विनय पाल अरोड़ा ने अभी तक 2 बार मन्दिर व उनके सदस्यों से मुलाकात भी की प्रथम बार तो मौका देख हो सकने वाली त्रुटियों व सदस्यों की प्रथम दृष्ट्या मंशा को मन मे सहेजा दूसरे राउंड में 29/6/2026 को आ कर रिकॉर्ड व वीडियोग्राफी करवाने की बात कही 29/6/2026 को देर शाम आ कर असंतुष्ट गुट व फाउंडर सदस्यों से मन्दिर से जु? सभी कागजात मांगे जिसके पास जो कागजात थे प्रशासक को सौंप दिए परन्तु अत्यंत महत्वपूर्ण रजिस्टर जिसमें प्रत्येक बैठक व गतिविधि का गवाह वाला रजिस्टर दोनों पक्षों द्वारा उनके पास नही का जवाब ही मिला, प्रशासक की पारखी नजरें भांप तो गई हैं कि रजिस्टर किसके पास है फिर भी मौका दिया कि समय रहते कार्यवाही का रजिस्टर बिना छेड़छाड़ के उन्हें सौंप दें।

# सही मतदाता सूची बनाने में बी.एल.ओ. का सहयोग करें जागरूक नागरिक: अशोक कुमार मैहता

एस.आई.आर. प्रक्रिया में अपनी वोट के साथ-साथ हर जायज वोट का सत्यापन और हर गलत वोट कटवाएं

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



नारायणगढ़। हरियाणा के पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक कुमार मैहता ने कहा कि एस.आई.आर. (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के दौरान जागरूक मतदाताओं का दायित्व केवल अपनी वोट तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सही मतदाता सूची तैयार करने में बी.एल.ओ. का सहयोग करना चाहिए, जिसमें उनकी अपनी वोट के साथ-साथ हर जायज वोट का सत्यापन और हर गलत वोट का कटना सुनिश्चित हो। हर मतदाता को इस प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में अशोक मैहता ने कहा कि हमारा भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर वोट का अपना विशेष महत्व है, इसलिए मतदाता सूची केवल एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आधारशिला है। यदि मतदाता सूची में त्रुटियां हों, पात्र मतदाताओं के नाम छूट जाएं अथवा गलत विवरण दर्ज हों तो इसका सीधा प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर पड़ता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि वह अपने मतदाता विवरण की जांच कर उसे सही करवाए।

अशोक मैहता ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) अभियान के तहत इन दिनों बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) हरियाणाभर में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं तथा गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। हर नागरिक को चाहिए कि वह इस प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करे और अपने परिवार से संबंधित हर आवश्यक जानकारी सही रूप में उपलब्ध करवाए, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि शेष न रहे।

हरियाणा के पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक कुमार मैहता ने सुझाव दिया कि एस.आई.आर. जैसे अभियानों में केंद्र सरकार एवं भारतीय निर्वाचन आयोग को देश के बेरोजगार युवाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर उनका सदुपयोग करना चाहिए। इससे देश को कई प्रकार से लाभ होगा।

अशोक मैहता ने कहा कि अभी तक इस प्रकार के अभियानों का जिम्मा सरकारी स्कूलों के अध्यापकों अथवा स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग आदि के कर्मचारियों को सौंपा जाता है, जिससे अपने से ही कर्मचारियों के अभाव से जूझ रहे इन विभागों का काम प्रभावित होता है। स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ता है और कार्यालयों में कर्मचारी न मिलने से आम जनता को अपने रोजमर्रा के कामों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि इन कामों में बेरोजगार युवाओं को लगाया जाए तो उन्हें न केवल प्रशासनिक कार्य का अनुभव मिलेगा, बल्कि आर्थिक तौर पर लाभ मिलने से उनका मनोबल भी बढ़ेगा। इससे वे समाज में अलग-थलग पड़ कर नशों एवं अपराध में पडने के बजाय अपनी दोगुनी शक्ति के साथ इस अनुभव का उपयोग करके अपना अच्छा रोजगार हासिल करने का प्रयास करेंगे और उन्हें जो काम मिलेगा, उसे भी पूरी जिम्मेदारी के साथ अंजाम देंगे।

# लालडू में नशा तस्करी पर पुलिस का वार, 1.5 किलो चरस समेत युवक गिरफ्तार

लैहली टी-प्वाइंट पर पुलिस ने एक्टिवा सवार युवक को पकड़ा, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर/लालडू। लालडू में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 1 किलो 500 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के मोहकमपुर गांव निवासी मोहम्मद कैफ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोमवार रात चौकी लैहली प्रभारी एसआई गुरविंदर सिंह अपनी टीम के साथ अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लैहली टी-प्वाइंट पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान अंबाला की ओर से एक्टिवा पर सवार एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस का दावा है कि नाकाबंदी देखकर युवक घबरा गया और अपने कंधे पर टंगा काला बैग सड़क किनारे खड्डु में फेंककर वापस लालडू की ओर भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को एक्टिवा समेत काबू कर लिया। इसके बाद पुलिस ने खड्डु में फेंके गए बैग को बरामद कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग से काले रंग का ठोस पदार्थ मिला, जिसकी ड्रग डिटेक्शन किट से जांच करने पर वह चरस निकली। मौके पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर बरामद चरस का कुल वजन 1 किलो 500 ग्राम पाया गया। पुलिस ने आरोपी से इस संबंध में लाइसेंस या परमिट मांगा, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को उसके अधिकारों की जानकारी दी और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान कोई अन्य नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। बरामद चरस को सील कर कब्जे में ले लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। जांच का मुख्य केंद्र यह पता लगाना है कि इतनी बड़ी मात्रा में चरस कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। मामले में नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# मानसून तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे एसडीएम बराड़ा, बाढ़ सुरक्षा कार्यों का किया निरीक्षण



अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

मुलाना। मानसून सीजन के मद्देनजर प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा के लिए एसडीएम बराड़ा सतीन्द्र सिवाच ने मंगलवार को क्षेत्र के गांव तंगेल, गोला गोली, तंदवाल तथा गोकलगढ़ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से बचाव एवं बरसाती पानी की निकासी से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया।

एसडीएम ने गांव गोकलगढ़ में निर्माणाधीन बांध का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे कर लिए जाएं।

दौरे के दौरान एसडीएम ने विभिन्न स्थानों पर पुलियों, पुलों तथा बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों और जल निकासी मार्गो की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्थानों पर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित रहे।

# वीआईपी रोड पर जल्द बनेगी पुलिस पोस्ट, एएसपी गजलप्रीत कौर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे पंजाब कांग्रेस नेता एडवोकेट वासु रंजन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। कार्उसिल ऑफ लॉयर्स के चेयरमैन पंजाब कांग्रेस नेता एडवोकेट वासु रंजन ने जीरकपुर की वीआईपी रोड पर बढ़ती आबादी और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस पोस्ट स्थापित करने की मांग उठाई। इस संबंध में उन्होंने एएसपी गजलप्रीत कौर से मुलाकात कर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

एडवोकेट वासु रंजन ने एएसपी से मुलाक़ात के दौरान कहा कि वीआईपी रोड ट्राईसिटी के सबसे तेजी से विकसित होने वाले क्षेत्रों में शामिल है, जहां बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं और प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही रिहायशी सोसायटियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और संस्थानों के कारण सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वीआईपी रोड पर पुलिस पोस्ट बनने से अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा, ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी तथा किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित सहायता उपलब्ध हो सकेगी। ज्ञापन मिलने के बाद एएसपी गजलप्रीत कौर ने एडवोकेट वासु रंजन को आश्वस्त किया कि वीआईपी रोड क्षेत्र में पुलिस पोस्ट स्थापित करने की आवश्यकता को पुलिस प्रशासन गंभीरता से देख रहा है तथा जल्द ही यहां पुलिस पोस्ट के निर्माण की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। एडवोकेट वासु रंजन ने कहा कि क्षेत्र के लाखों निवासियों की लंबे समय से यह मांग रही है और पुलिस पोस्ट बनने से लोगों में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े ऐसे निर्णय क्षेत्र के विकास और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्उसिल ऑफ लॉयर्स हमेशा जनहित और नागरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रही है और आगे भी जनता की आवाज प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य जारी रखेगी।

# आरेडिका में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का जिला स्तरीय योग शिविर संपन्न

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तर रेलवे के जिला संघ द्वारा आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय योग शिविर का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 19 से 23 जून तक जिला प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित इस शिविर में 46 स्काउट्स एवं गाइड्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर का उद्घाटन प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने योग जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया था। रैली के माध्यम से योग, स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। शिविर के दौरान प्रतिदिन योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किए गए। साथ ही योग नृत्य प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, स्लोगन एवं निबंध लेखन, योग प्रश्नोत्तरी तथा ''खेल-खेल में योग'' जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आभा जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं 22 जून को आयोजित कैम्प फायर कार्यक्रम में स्काउट्स एवं गाइड्स ने देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर एन.के. वर्मा मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर नीरज श्रीवास्तव, सुहता खान, अनिल श्रीवास्तव और दिनेश कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। शिविर का संचालन जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शबीना बानो के नेतृत्व में किया गया। समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन जीने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धन्यवाद ज्ञापन के साथ शिविर का समापन हुआ।

# ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार में बजरंगबली की आराधना में लीन हुई संगम नगरी

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर संगम नगरी बजरंगबली की भक्ति में लीन रही। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में भोर से ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई। संगम तट स्थित सुप्रसिद्ध श्री बड़े हनुमान मंदिर लेटे हनुमान जी में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। प्रातःकाल महंत बलबीर गिरी ने विधि-विधान से पंच द्रव्य से बजरंगबली का अभिषेक और स्नान कराया। इसके उपरांत लगभग 5.5 क्विंटल फलों से भगवान का दिव्य और आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस श्रृंगार में डेढ़ क्विंटल आम, ढाई क्विंटल सेब, एक क्विंटल संतरा, एक क्विंटल अनार तथा पचास दर्जन केले सहित विभिन्न प्रकार के फलों का उपयोग हुआ।

# आंध्र प्रदेश में परिवहन क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव, डिजिटल सेवाओं व पारदर्शिता से लोगों को मिल रही राहत: रामप्रसाद रेड्डी

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



अमरावती। आंध्र प्रदेश के परिवहन, युवा कल्याण एवं खेल मंत्री मंडीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी ने कहा है कि राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में व्यापक और ऐतिहासिक सुधार किए हैं। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व तथा उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के सहयोग से परिवहन विभाग ने तकनीक, पारदर्शिता और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनका लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है। सोमवार को अमरावती स्थित राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य परिवहन सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त बनाना है। इसी दिशा में ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, परमिट जारी करने, कर भुगतान और अन्य सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। इससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली है और सेवाएं पहले की तुलना में अधिक तेज और सुविधाजनक हो गई हैं।

उन्होंने बताया कि राज्यभर में 85 स्वचालित ड्राइविंग परीक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां आधुनिक तकनीक के माध्यम से ड्राइविंग टेस्ट लिए जा रहे हैं। इससे लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम हुआ है और पारदर्शिता बढ़ी है। शेष केंद्रों को भी अगले तीन महीनों में शुरू कर दिया जाएगा, जिससे पूरे राज्य में एक समान और आधुनिक सेवाएं उपलब्ध होंगी।

मंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा विकसित 'सारथी' मोबाइल एप डिजिटल गवर्नेंस का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर उभरा है। इस एप के माध्यम से नागरिक ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, परमिट, टैक्स भुगतान और आवेदन की स्थिति जैसी विभिन्न सेवाओं का लाभ एक ही मंच पर प्राप्त कर सकते हैं।

रामप्रसाद रेड्डी ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था की प्रभावी निगरानी के लिए अत्याधुनिक 24×7 कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से राज्य की बसों की लोकेशन, गति, यात्रा मार्ग और अन्य गतिविधियों पर वास्तविक समय में नजर रखी जाती है। किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत अलर्ट भेजा जाता है और आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं, दिव्यांगजनों, ऑटो चालकों, परिवहन कर्मचारियों और यात्रियों के कल्याण के लिए भी कई योजनाएं चला रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य लोगों को सुरक्षित, आधुनिक, तकनीक आधारित और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराना है, ताकि भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप एक मजबूत और विश्वसनीय परिवहन तंत्र विकसित किया जा सके।

# तिरुपति बालाजी : जहां आस्था के साथ जुड़े हैं कई चमत्कारी रहस्य

देश भर में कई ऐसे फेमस मंदिर हैं, जो अपने अपने आप में कई तरह के रहस्यों को समेटे हुए है। ऐसा ही एक मंदिर आंध्र प्रदेश राज्य के चित्तूर में तिरुमला पर्वत पर बसा तिरुपति बालाजी का मंदिर है। यह भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को समर्पित है। तिरुपति बालाजी मंदिर दुनिया के सबसे अमीर और प्रमुख हिंदू तीर्थ स्थलों में से शामिल है। तिरुमला का तिरुपति बालाजी मंदिर अपनी आस्था के अलावा गहरे तथ्यों के लिए भी पूरी दुनिया में विख्यात है।



**मंदिरों में बालों का दान:** तिरुपति बालाजी मंदिर में दान करने की अनोखी परंपरा है। यहां पर बालों का दान किया जाता है। माना जाता है कि भगवान विष्णु के धन और समृद्धि के देवता कुबेर देव जी से उधार लिया था। भगवान विष्णु ने कुबेर देव को वचन दिया था कि कलियुग का जब अंत होगा, तब तक पूरा उधार चुका दिया जाएगा। उसी उधार को चुकाने के लिए यहां पर आने वाले श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर बालों का दान करते हैं। तिरुपति मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा बाल का दान ऋण की किस्त का प्रतीक माना जाता है।

**चावल-दही प्रिय भोग:** दक्षिण भारत का तिरुपति बालाजी मंदिर जहां भगवान विष्णु की पूजा श्रीवेंकटेश्वर स्वामी के रूप में की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक, इस स्थान को कलयुग में श्रीविष्णु का निज निवास भी माना जाता है। मंदिर में आने वाले भक्तों की माने तो यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। बात जब वेंकटेश्वर स्वामी को भोग लगाने की आती है, तब प्रसाद के रूप में लड्डू या छप्पन तरह के पकवान नहीं, बल्कि दही-चावल का भोग लगाया जाता है।

**मंदिर की प्रतिमा से जुड़े रहस्य:** तिरुपति बालाजी मंदिर की मूर्ति भव्य होने के साथ काफी अहम भी है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक प्रतिमा के पीछे से हमेशा समुद्र की लहरों की आवाजें आती हैं। जिन भी श्रद्धालुओं ने इसको कान लगाकर सुनने की कोशिश की, उनको समुद्र की लहरों की आवाज सुनाई देती है।

इस मंदिर में मौजूद भगवान वेंकटेश्वर को मां लक्ष्मी और भगवान श्रीहरि विष्णु दोनों के ही वस्त्र पहनाए जाते हैं। क्योंकि मूर्ति को मां लक्ष्मी और श्रीविष्णु का अवतार माना जाता है।

**वेंकटेश्वर स्वामी के असली बाल:** बता दें कि तिरुपति बालाजी मंदिर में मौजूद भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की मूर्ति पर लगे बाल असली हैं। जोकि आपस में बिगड़ते या उलझते नहीं हैं। यह बाल हमेशा काले और चमकदार दिखाई देते हैं। इसके अलावा गर्मी के मौसम में श्री वेंकटेश्वर स्वामी की प्रतिमा को पसीना भी आता है। जोकि काफी रोचक होने के अलावा उनकी मौजूदगी का भी एहसास दिलाता है।

**चमत्कारी दीपक:** तिरुपति बालाजी मंदिर में हमेशा एक दीपक जलता रहता है। इस दीपक में कभी भी तेल या घी का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। लेकिन इसके बाद भी यह दीपक जलता रहता है। यह दीपक आज भी मंदिर में आने वाले हर भक्त के लिए रहस्य बना हुआ है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक त्रेतायुग में स्वयं भगवान ब्रह्मा ने इस दीपक को जलाया था। तब से यह दीपक बिना किसी रुकावट के लगातार जल रहा है। जिसको अनंत काल का भी प्रतीक माना जाता है।

**मंदिर में रखी छड़ी का रहस्य:** तिरुपति बालाजी मंदिर के मुख्य द्वार पर दरवाजे के दाईं ओर एक छड़ी है। इस छड़ी को लेकर कई लोक मान्यताएं हैं। माना जाता है कि बाल रूप में इसी छड़ी से बालाजी की पिटाई हुई थी। जिस कारण उनकी ठोड़ी पर चोट लग गई थी। तब से लेकर आज तक हमेशा उनकी ठोड़ी पर चंदन का लेप लगाया जाता है। जिससे कि उनका घाव सही हो जाए। तिरुपति बालाजी मंदिर से जुड़े चमत्कारों और रहस्यों का मुख्य स्त्रोत वराह पुराण, स्कंद पुराण, मंदिर के शिलालेख और सदियों से चली आ रही स्थानीय धार्मिक मान्यताओं पर आधारित हैं।

# नाहरी में अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर 12.5 एकड़ में की गई प्लॉटिंग ध्वस्त



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले में अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ प्रशासन का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी कड़ी में सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) ने बुधवार को गांव नाहरी की राजस्व भूमि पर विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। करीब 12.5 एकड़ क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान 100 से अधिक डीपीसी, बाउंड्री वॉल, निर्माणाधीन मकान और सड़क नेटवर्क तोड़े गए।जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि उपायुक्त नेहा सिंह के निर्देशानुसार अवैध निर्माणों को शुरुआती स्तर पर ही रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। टीम ने गांव नाहरी में 3.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में 45 डीपीसी, तीन बाउंड्री वॉल, दो निर्माणाधीन मकान तथा मिट्टी से बनाई गई सड़क को ध्वस्त किया। इसके अलावा नौ एकड़ क्षेत्र में विकसित दूसरी अवैध कॉलोनी में 55 डीपीसी, 10 बाउंड्री वॉल, दो निर्माणाधीन मकान और करीब 120 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग टाइल सड़क को भी जेसीबी से तोड़ दिया गया।

डीटीपी ने लोगों से अवैध कॉलोनियों में निवेश नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि ऐसी कॉलोनियों में सरकार की ओर से सड़क, पानी, सीवरेज और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जांच अवश्य करें। नियंत्रित क्षेत्र में बिना अनुमति निर्माण करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एचएसआईआईडीसी के एसडीओ विनोद कुमार, एसएमडीए की प्रवर्तन शाखा तथा पुलिस बल मौजूद रहा।





नोकरियां यहां देखें

**बीईएमएल लिमिटेड**
पोस्टः ऑपरेटर
कुल पदः 362
वेतनमानः 16,900 रुपये
आवेदनः 10 जुलाई तक
फीसः निःशुल्क
पात्रताः आईटीआई (संबंधित ट्रेड)
आयुः अधिकतम 29 वर्ष
वेबसाइटः
www.bemlindia.in

**दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी**
पोस्टः असिस्टेंट मैनेजर
कुल पदः 05
वेतनमानः 40,000-1,40,000 रुपये
आवेदनः 19 जुलाई तक
फीसः जारी नहीं
पात्रताः इंजीनियरिंग डिग्री, अनुभव
आयुः अधिकतम 28 वर्ष
वेबसाइटः
वेबसाइटः
deendayalport.gov.in

**बीआरओ (GREF भर्ती)**
पोस्टः GREF भर्ती
कुल पदः 899
वेतनमानः 5,200-20,200 रुपये
आवेदनः 4 जुलाई तक
फीसः 50 रुपये
पात्रताः 10वीं, 12वीं, आईटीआई, अनुभव
आयुः 18 से 27 वर्ष
वेबसाइटः
www.bro.gov.in

**डिफेंस मैनेजमेंट कॉलेज**
पोस्टः एमटीएस, अन्य
कुल पदः 08
वेतनमानः 18,000-81,100 रुपये
आवेदनः 20 जुलाई तक
फीसः निःशुल्क
पात्रताः 10वीं, 12वीं, आईटीआई
आयुः18 से 27 वर्ष
वेबसाइटः
www.indianarmy.nic.in

**पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट**
पोस्टः सफाई सेवक, माली
कुल पदः 167
वेतनमानः पद के अनुसार
आवेदनः 30 जून तक
फीसः 700 रुपये
पात्रताः हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान
आयुः 18 से 35 वर्ष
वेबसाइटः
www.highcourtchd.gov.in

**मध्य प्रदेश पुलिस**
कुल पदः 4164
पोस्टः सिपाही/सिपाही (कार्यवाहक)
रिक्त पदः 3991
वेतनमानः 37,500-76,100
आवेदन की अंतिम तिथिः 3 जुलाई
फीसः150 से 750
शैक्षणिक योग्यताः 12वीं पास
आयु सीमाः 18 से 33 वर्ष
वेबसाइटःesb.mp.gov.in

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें


# अविरल गंगा-निर्मल गंगा अभियान से जुड़ें लोग, पर्यावरण संरक्षण समय की मांग : निखिल मदान



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** गंगा समग्र विभाग की ओर से आयोजित की जा रही सद्भाव यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में सामाजिक कार्यकर्ता एवं हरियाणा प्रांत सह संपर्क प्रमुख मनीष राई तथा रमेश महीपुर ने विधायक निखिल मदान से मुलाकात कर उन्हें यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया।इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी जरूरत बन चुके हैं। बढ़ती आबादी और तेजी से हो रहे औद्योगिकीकरण के कारण वन एवं हरित क्षेत्र लगातार कम हो रहे हैं, जिससे वायु और जल प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। इसका असर देश की पवित्र नदियों पर भी पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि अविरल गंगा-निर्मल गंगा जैसी मुहिम समाज को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास है। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए नमामि गंगे मिशन के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसी प्रकार यमुना सहित अन्य नदियों को स्वच्छ बनाने के प्रयासों में भी समाज की भागीदारी जरूरी है। विधायक ने मनीष राई और रमेश महीपुर के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मनीष राई ने बताया कि 28 जून को दोपहर 12 बजे गांव जाट जोशी से सद्भाव यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा राई, खेवड़ा और बहालगढ़ से होते हुए गौरीपुर घाट पर संपन्न होगी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से अभियान में भाग लेने की अपील की।

# समय के साथ भक्ति के तरीके नहीं बदलते



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

समय के बदलने से या युगों के बदलने से प्रभु प्राप्ति के तरीके नहीं बदल गए हैं, साधन नहीं बदल गए हैं। जैसे दुनिया में पुराने समय से ही पानी प्यास बुझाने के लिए है। यह तो नहीं कि उस वक्त भोजन किया करते थे या कोई अच्छे वस्त्र पहन लिया करते थे, तो इससे उनकी प्यास बुझ जाती थी। प्यास पानी से ही तो बुझती थी। जिस सूरज की रोशनी से खेतों में अन्न पका करते थे, उसी सूरज की तपश से कीटाणुओं का नाश हुआ करताथा। सूरज जो काम उन युगों में कर रहा था, वही काम आज भी कर रहा है।

पुरातन युगों में जैसे साधन बने थे, वह आज तक चलते आ रहे हैं। तो क्या भक्ति में कुछ फर्क आ गया होगा? उन दिनों नम्रता भक्ति का एक अंग था और आजकल तो अभिमान भक्ति का अंग हो गया है। क्या उसीसे ही नहीं। जितने भी सन्त-महापुरुष पुरातन युगों में इस संसार में आए हैं, उन्होंने जो रास्ता तब अपनाया, वही रास्ता आज भी अपनाना होगा, आज भी उसी को अपने जीवन में, अपने मन में स्थान देना होगा। यह है प्यार, सत्कार, समदृष्टि और नम्रता वाला रास्ता। ये गुण जब तक हमारे जीवन में नहीं आयेंगे, हम कभी न तो प्रभु को प्राप्त कर सकते हैं और न ही सुख की सांस ले सकते हैं।

सुन्दर कृति को देखकर कलाकार के विषय में सभी जानना चाहते हैं। परमात्मा की कृति इतनी विचित्र और अनोखी है कि देख-देखकर आश्चर्य होता है। एक बार कोई इन्सान नारियल के पेड़ के नीचे कुछ ढूंढ रहा था। किसी ने पूछा, भाई साहब, क्या बात है, कुछ पैसे गिर गए, आप क्या ढूंढ रहे हैं? कोई वस्तु गिर गई है? कहता है, नहीं। फिर भी टटोल टटोल कर देख रहा था। उसने फिर पूछा, भाई साहब आप क्या देख रहे हैं? बताते क्यों नहीं? वह इन्सान कहने लगा, मैं यह देख रहा हूं कि वह पाईप कहां पर लगी हुई है, जो इन नारियलों में पानी भरती है। मैं उस पाईप को ढूंढ रहा हूं।

कहने का भाव प्रभु तो बिना पाईप के ही नारियलों में पानी भर देता है और कभी अभिमान भी नहीं करता। प्रभु के भक्त भी अभिमान नहीं करते।

इस संसार में इन्सान कोई छोटी सी वस्तु भी बना लेता है, तो गर्व से कहता है, देखो मैंने क्या कर लिया है? मैं तो बहुत बड़ा कलाकार बन गया हूं। मेरे में तो कितना हुनर है। अगर ईश्वर की एक-एक रचना को इन्सान देख लें, अपने शरीर को, नाखून से लेकर सिर के बाल तक देख लें, एक एक अंग केग कार्य को देख ले तो इन्सान दंग हो जाएगा। यह जो शरीर का सिस्टम बनाया है, यह क्या ऐसे ही बन गया है? इसके पीछे कलाकार है, इन्सान अज्ञानता में उसे ही भूल गया है, अपने आप को करने-करराने वाला मानता है और फिर मायावादी बनकर वह इन्हीं में उलझा हुआ, अपने इस जीवन को बेकार कर लेता है।

## पंचांग

बुधवार, 24 जून, 2026, सूर्योदयः 05:21 ए एम, सूर्यास्तः 07:29 पी एम, चन्द्रोदयः 02:47 पी एम, चन्द्रास्तः 01:33 ए एम, जून 25, शक सम्वतः 1948 पराभव, विक्रम सम्वतः 2083 सिद्धार्थी, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः ज्येष्ठ, पूर्णिमान्त महीनाः ज्येष्ठ, वारः बुधवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः दशमी - 06:12 पी एम तक, नक्षत्रः चित्रा - 01:59 पी एम तक, योगः परिघ - 10:23 ए एम तक, करणः तैतिल - 05:22 ए एम तक, द्वितीय करणः गर - 06:12 पी एम तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः तुला, राहुकालः 12:25 पी एम से 02:11 पी एम, गुलिक कालः 10:39 ए एम से 12:25 पी एम, यमगण्डः 07:07 ए एम से 08:53 ए एम, अभिजित मुहूर्तः कोई नहीं, दुर्मुहूर्तः 11:57 ए एम से 12:54 पी एम, अमृत कालः 07:01 ए एम से 08:46 ए एम, वर्ज्यः 08:10 पी एम से 09:56 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आज आपके कई कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। तनाव खत्म होने की वजह से आपके कार्य की गति बढ़ेगी। वाहन सुख मिल सकता है।

**वृष :** अगर आज आप नयी जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो प्लान कल तक टाल दीजिए।

**मिथुनः** चिंता के विचार आपकी खुशी को बर्बाद कर सकते हैं। क्योंकि इनमें अच्छी चीजों को खत्म करने की और समझदारी निराशा का बोने की क्षमता होती है।

**कर्कः** आज आपको पद प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। जिन लोगों से आपकी मुलाकात कभी-कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है।

**सिंहः** आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएंगी आप इनका डटकर मुकाबला करें सफलता हासिल होगी।

**कन्याः** जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके जरिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। बच्चों की उनसे जुड़े मामलों में मदद करना आवश्यक है।

**तुलाः** कोई अच्छी खबर या बड़ी सफलता अचानक फायदा हो सकता है। आपको जल्दी ही कुछ एक्स्ट्रा आमदनी होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिकः** आज आपका चंचल स्वाभाव आपके लिए थोड़ी परेशानी क्रिएट कर सकता है। बेहतर होगा आप बड़ों की राय को सुने और उनको माने।

**धनुः** बेहतर जिन्दगी के लिए अपनी सेहत और व्यक्तित्व में सुधार लाने कि कोशिश करें।

**मकरः** आज आपके व्यावसायिक स्थान पर कार्य भार बढ़ेगा। आपके घरेलू जीवन में अशांति का वातावरण देखने को मिल सकता है।

**कुंभः** आज आपके सारे पूराने काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**मीन :** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है। आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी।

# मोपेड व बाइक की भिडंत मोपेड चालक की मौत

गन्नौर । चटिया औलिया के पावर हाउस के पास पुरखास रोड पर मोपेड व बाइक की भिडंत में 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक वजीर पहचान गांव उदेशीपुर का रहने वाला था। वजीर अपने भाई सोनू के साथ सोनीपत में मजदूरी कर घर लौट रहा था। सोनू ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बाइक पर वजीर के पीछे आ रहा था। जब वजीर अपनी मोपेड पर पुरखास रोड पर पहुंचा, तो गांव पांची जाटान की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसकी मापेड को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वजीर अपनी मोपेड सहित स?क पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट लगी। हादसे के बाद अज्ञात बाइक चालक अपनी बाइक समेत मौके से फरार हो गया। सोनू ने तुरंत अपने भाई वजीर को संभाला, लेकिन तब तक चोटों के कारण उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर थाना गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दातौली-बेगा मार्ग उखाड़कर छोड़ा, राहगीर परेशान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** दातौली और बेगा गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग को निर्माण कार्य के लिए उखाड़ने के बाद अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी हुई मिट्टी और धूल के कारण लोगों का सफर मुश्किल हो गया है। इस रास्ते से प्रतिदिन दोनों गांवों के अलावा आसपास के क्षेत्रों के लोग भी आवागमन करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क को कई दिन पहले निर्माण के लिए उखाड़ा गया था, लेकिन इसके बाद कार्य की गति बेहद धीमी हो गई। मार्ग पर फैली मिट्टी और गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार वाहन चालक संतुलन खोकर गिरने से बाल-बाल बचे हैं।

धूल उ?ने से राहगीरों के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात होने पर मार्ग पर कीचड़ जमा होने की आशंका है, जिससे हालात और खराब हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग को जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा करना चाहिए। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि विभाग को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दें, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

# गोहाना-बरोदा-जुलाना सड़क को मिली मंजूरी, जल्द शुरू होगा पुनर्निर्माण कार्य

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



गोहाना। गोहाना से बरोदा होते हुए जुलाना तक की जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंजूरी दे दी है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने इस फैसले पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। करीब 20 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का निर्माण अगले एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस सड़क से हजारों ग्रामीणों, किसानों, वाहन चालकों और विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह मार्ग खानपुर खुर्द, बरोदा मोर, बरोदा ठुठान, बनवासा, छपरा, रिंढाना और लिजवाना सहित कई गांवों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है।

दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे निर्माण के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। नई योजना के तहत गोहाना क्षेत्र में सड़क को चौड़ा किया जाएगा, जबकि ग्रामीण हिस्सों में कंक्रीट सड़क बनाई जाएगी। इससे आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय एकता व अखंडता के प्रबल समर्थक थे : नेहरा



प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-17 स्थित बूथ संख्या 105 पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम शक्ति केंद्र प्रमुख नरेंद्र भारती के निवास पर हुआ, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने देशहित को सर्वोपरि मानते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद जम्मू-कश्मीर में लागू धारा 370 का डॉ. मुखर्जी ने पुरजोर विरोध किया था।

उन्होंने एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया था। नेहरा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिए जम्मू-कश्मीर गए थे, जहां उन्हें गिरफ्तार किया गया और रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। इस अवसर पर सहकारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अमित सैनी, मंडल अध्यक्ष अजय जैन, वीरेंद्र सिंह, सतबीर कोच, कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे।

# स्कूल के पीछे युवक से अवैध पिस्तौल व 29 जिंदा कारतूस बरामद

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार


**गन्नौर।** गन्नौर पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल, दो मैगजीन, 29 जिंदा कारतूस तथा एक स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गश्त और अपराध जांच के दौरान पुलिस टीम बादशाही रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक बादशाही रोड पर स्कूल के पीछे सड़क किनारे स्कूटी के साथ खड़ा है और उसके पास अवैध हथियार मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान अभिषेक उर्फ बिट्टू निवासी गन्नौर के रूप में बताई। जांच करने पर उसके अंदर एक देशी पिस्तौल, दो मैगजीन और 29 जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने हथियार और कारतूस कब्जे में लेकर मामन र्ज कर लिया है।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ, राई क्षेत्र में जागरूकता अभियान तेज

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत राई विधानसभा क्षेत्र में जागरूकता गतिविधियों को तेज कर दिया गया है। मंगलवार को निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) मनीष मलिक की अध्यक्षता में विभिन्न गांवों में जागरूकता एवं समन्वय बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में बीएलओ, बीएलए, सुपरवाइजर, सरपंच, ग्राम सचिव, पंच और गांवों के शिक्षित युवाओं ने भाग लिया।



मनीष मलिक ने बताया कि मीमारपुर, ताजपुर, मलिकपुर, टिकोला, जैनपुर और बख्तावरपुर गांवों में आयोजित बैठकों के दौरान लोगों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करवाएं और उन्हें सही तरीके से भरवाकर समय पर जमा कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं का रिकॉर्ड अपडेट करने तथा आवश्यक संशोधन करने का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ करें। सुपरवाइजरों को भी बीएलओ के कार्यों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में ईसीआईनेट एप के प्रभावी उपयोग, गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन और रियल टाइम मॉनिटरिंग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मनीष मलिक ने कहा कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिरहित बनाना है, जिसके लिए सभी नागरिकों का सहयोग जरूरी है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक, कांग्रेस नेता जय भगवान आंतिल मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशभर में वर्चुअल माध्यम से किया ऑटो म्यूटेशन सिस्टम और पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 का शुभारंभ

- जिला फरीदाबाद से डीसी आयुष सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े
- हरियाणा सरकार ने राजस्व सेवाओं में किया बड़ा डिजिटल बदलाव, नागरिकों को तहसील कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने के झंझट से मिलेगी मुक्ति
- नागरिकों को तेज, विश्वसनीय और पारदर्शी राजस्व सेवाओं का लाभ होगा प्राप्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद। दयाराम वशिष्ठ**

हरियाणा सरकार ने राजस्व प्रशासन को आधुनिक, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ऑटो म्यूटेशन सिस्टम तथा पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 का शुभारंभ कर दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा निवास चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इन दोनों डिजिटल पहलों का वर्चुअल माध्यम से विधिवत उद्घाटन किया।

जिला फरीदाबाद से उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा, जिला राजस्व अधिकारी विकास सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी गण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को तेज, सरल और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार तकनीकी नवाचारों को अपनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से भूमि एवं संपत्ति संबंधी कार्यों में आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता तथा जवाबदेही बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि ऑटो म्यूटेशन सिस्टम लागू होने के बाद संपत्ति की रजिस्ट्री होते ही संबंधित इंतकाल (म्यूटेशन) स्वतः दर्ज हो जाएगा, नागरिकों को अलग से इंतकाल दर्ज करवाने के लिए आवेदन नहीं करना पड़ेगा। जिन मामलों में किसी अतिरिक्त जांच या विभाजन की आवश्यकता नहीं होगी, उनमें 24 घंटे के भीतर इंतकाल स्वीकृत कर दिया जाएगा, जबकि जटिल मामलों का निपटान अधिकतम 10 दिनों के भीतर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विरासत, पारिवारिक बंटवारे तथा न्यायालय की डिक्री आधारित मामलों को भी समयबद्ध तरीके से निपटाया जाएगा।

डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि सरकार की इस डिजिटल पहल से नागरिकों को तहसील कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। लोग अपने इंतकाल की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे तथा संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां भी डिजिटल माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। इससे भूमि अभिलेखों का रिकॉर्ड तेजी से अपडेट होगा और किसानों तथा भूमि स्वामियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। उन्होंने पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 को राजस्व विभाग के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 1.0 के सफल संचालन और नागरिकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर नई प्रणाली को और अधिक उन्नत बनाया गया है। नई व्यवस्था में आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है तथा प्रथम और द्वितीय पक्ष के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी को अनिवार्य किया गया है।

डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 में डिजिटल हस्ताक्षर, बायोमेट्रिक सत्यापन, ऑनलाइन स्टेटस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड आधारित सत्यापन, अतिरिक्त दस्तावेज अपलोड सुविधा, ऑनलाइन रिकॉर्ड सत्यापन और विभिन्न विभागों के डाटा के एकीकरण जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल की गई हैं। इसके अलावा डीटीपी और एनओसी से संबंधित दस्तावेजों की भौतिक प्रतियां जमा कराने की आवश्यकता को समाप्त कर ऑनलाइन सत्यापन व्यवस्था लागू की गई है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि विभाग का लक्ष्य नागरिकों को न्यूनतम समय में अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराना है। नई प्रणालियों के माध्यम से विभागीय प्रक्रियाएं अधिक कुशल, पारदर्शी और जवाबदेह बनेंगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के उपयोग से फर्जीवाड़े पर प्रभावी रोक लगेगी, दस्तावेजों की प्रमाणिकता बढ़ेगी तथा स्टांप ड्यूटी की सही गणना सुनिश्चित होगी।

कार्यक्रम के दौरान दोनों प्रणालियों की कार्यप्रणाली का लघु फिल्म के माध्यम से प्रदर्शन भी किया गया। हरियाणा सरकार द्वारा ऑटो म्यूटेशन प्रणाली को लागू करने से पहले पायलट परियोजना के रूप में इसका परीक्षण किया गया, जिसमें हजारों मामलों का सफल निपटान किया गया। साथ ही लंबे समय से लंबित इंतकालों के समाधान के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।

डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि इन दोनों डिजिटल पहलों का उद्देश्य राजस्व सेवाओं को नागरिक हितैषी बनाना है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से रजिस्ट्रेशन और इंतकाल



प्रक्रियाओं में बेहतर समन्वय स्थापित होगा, लंबित मामलों में कमी आएगी और राजस्व प्रशासन की कार्यकुशलता में उल्लेखनीय सुधार होगा। हरियाणा सरकार का मानना है कि ऑटो म्यूटेशन सिस्टम और पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश में डिजिटल व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को तेज, विश्वसनीय और पारदर्शी राजस्व सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा। यह पहल हरियाणा को सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि दूसरे चरण में रजिस्ट्री के साथ इंतकाल प्रक्रिया को भी एकीकृत किया गया है। नई प्रणाली में आधार आधारित ई-केवाईसी, डिजिटल हस्ताक्षर और बायोमेट्रिक सत्यापन को अनिवार्य बनाया गया है, जिससे पहचान की शत-प्रतिशत पुष्टि सुनिश्चित होगी। अब रजिस्ट्री आवेदन प्रक्रिया पहले से अधिक सरल और यूजर फ्रेंडली होगी तथा नागरिक स्वयं, डीड राइटर, अधिवक्ता या हेल्प डेस्क के माध्यम से दस्तावेज तैयार कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि ऑटो इंतकाल प्रणाली के माध्यम से लाखों किसानों और भूस्वामियों को राहत मिलेगी तथा अधिकांश मामलों में इंतकाल 24 घंटे के भीतर स्वीकृत हो सकेगा। नागरिक अब अपने इंतकाल की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे और उसकी प्रति डाउनलोड भी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य शेष लंबित इंतकालों का शीघ्र निपटान कर राजस्व सेवाओं को पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है।

## 'जो करे योग, वो रहे निरोग - संजीवनी अस्पताल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'

### -अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल, पलवल में योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन




अर्थ प्रकाश/ पलवल। दयाराम वशिष्ठ/ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थानों में से एक श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल, पलवल (हरियाणा) में उत्साहपूर्वक योग दिवस मनाया गया। अस्पताल में ट्रस्ट के चेयरमैन श्री सी. श्रीनिवास जी, चिकित्सकों, कर्मचारियों तथा उपचाररत नन्हे हृदय रोगी बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल देशभर के बच्चों को जन्मजात हृदय रोगों की जीवनरक्षक सर्जरी, सुरक्षित मातृत्व सेवाएं तथा नवजात शिशु देखभाल की सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रसिद्ध योग प्रशिक्षिका श्रीमती कंचन महेश्वरी जी ने योग, प्राणायाम, मुद्राओं एवं ध्यान का प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए सभी को दैनिक जीवन में योग को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 'जो करे योग, वो रहे निरोग', और नियमित योगाभ्यास को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की कुंजी बताया। योग सत्र के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान प्रक्रियाओं का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में संजीवनी परिवार के सभी सदस्यों ने इस आयोजन की सराहना की। योग दिवस समारोह का समापन हल्के एवं पौष्टिक नाश्ते के साथ हुआ, जहां सभी ने स्वस्थ जीवन और समाज के कल्याण हेतु योग के महत्व को पुनः आत्मसात किया। *श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल परिवार ने सभी नागरिकों से स्वस्थ, प्रसन्न एवं संतुलित जीवन के लिए योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।*

## मनुष्य को भगवान के भजन में अत्यधिक समय व्यतीत करना चाहिए: कथा व्यास पंडित बृजभूषण

### -बघौला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में ज्ञान की गंगा में डूबे रहे श्रोतागण

अर्थ प्रकाश/पलवल। दयाराम वशिष्ठ/ बघौला गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित श्री बृज भूषण ने अपनी मधुर वाणी से विदुर मैत्रेय, जडभरत जी का प्रसंग, ध्रुव जी के पावन चरित्र का सुंदर वर्णन करते हुए अजामिल उपाख्यान के माध्यम से नाम महिमा का वर्णन किया। अंत में प्रहलाद जी की कथा सुनाई । इस दौरान श्रोतागण ज्ञान की गंगा में डूबे रहे। श्री देवीसहाय परिवार की ओर से आयोजित इस कथा में व्यास पंडित श्री बृजभूषण जी ने श्रोताओं को विदुर मैत्रेय संवाद का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि कामनाओं की अधिकता होने के कारण परिणाम में हमें दुख मिलता है।



व्यास ने जडभरत जी की सुंदर और ज्ञानात्मक प्रसंग की कथा सुनाते हुए कहा कि मनुष्य को अपने मन को शान्त करते हुए भगवान के भजन में ही अत्यधिक समय व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने गुरू की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि गुरू के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं है। भगवान को भी मृत्युलोक में गुरू की आवश्यकता हुई और ध्रुव जी ने मात्र 6 महीने में भगवान के दर्शन किए। कथा के दौरान श्रोतागण मंत्रमुग्ध नजर आए। इस कथा के पहले दिन पूरे गांव की परिक्रमा लगाई गई।

## डेराबस्सी यूथ कांग्रेस को मिला नया शहरी प्रधान, विशेष कुमार ने भारी बहुमत से जीता चुनाव

### -दीपिंदर सिंह ढिल्लों और उदयवीर ढिल्लों की मौजूदगी में हुआ चुनाव, युवाओं को संगठन से जोड़ने का लिया संकल्प

अर्थ प्रकाश संवाददाता/ जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)/ डेराबस्सी। कांग्रेस पार्टी के युवा संगठन को डेराबस्सी में नया नेतृत्व मिल गया है। पार्टी हाईकमान और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हुए यूथ हल्का डेराबस्सी शहरी प्रधान के चुनाव में विशेष कुमार ने भारी बहुमत से जीत दर्ज कर पद हासिल किया। यह चुनाव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपिंदर सिंह ढिल्लों और नगर परिषद के पूर्व प्रधान उदयवीर ढिल्लों की अगुवाई में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के दौरान युवा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विशेष कुमार को समर्थकों और पार्टी नेताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर नेताओं ने उम्मीद जताई कि विशेष कुमार युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने के साथ-साथ संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेंगे। नवनियुक्त शहरी प्रधान विशेष कुमार ने अपनी जीत का श्रेय पार्टी नेतृत्व, वरिष्ठ नेताओं और युवा कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि वह संगठन की मजबूती और युवाओं को कांग्रेस की नीतियों से जोड़ने के लिए पूरी मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि डेराबस्सी क्षेत्र में युवाओं के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा।

**न्यूज ब्रीफ**

## चंडीमंदिर टोल पर जाम और बदहाल सड़कें बनीं जनता की परेशानी: प्रदीप चौधरी

### -पेयजल संकट और बढ़ती बेरोजगारी को लेकर सरकार पर साधा निशाना

अर्थ प्रकाश/कालका जग्गी / पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि चंडीमंदिर टोल प्लाजा पर रोजाना लगने वाला लंबा जाम क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। पर्यटन सीजन के दौरान वाहनों का दबाव बढ़ने से लोगों को घंटों ट्रैफिक में फंसना पड़ रहा है। वहीं मल्ला मोड़ से कालका तक मुख्य सड़क की हालत भी काफी खराब बनी हुई है। जगह-जगह गड्ढों और टूटी सड़क के कारण वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को इन समस्याओं का स्थायी समाधान निकालना चाहिए। प्रदीप चौधरी ने कहा कि कालका विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों और शहरी इलाकों में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कई क्षेत्रों से नियमित जलापूर्ति नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए तत्काल प्रभाव से ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं। पढ़े-लिखे युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं, जबकि रोजगार कौशल केंद्रों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़े युवाओं को भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार रोजगार सृजन के दावों तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर युवाओं को अपेक्षित अवसर नहीं मिल रहे। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो युवाओं की समस्याएं और बढ़ सकती हैं।



## नयागांव पुलिस ने 2017 का एक्साइज ऐक्ट केस का भगोडा पकडा

अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता – न्यू चंडीगढ –खरड़/ नयागांव के थाना प्रभारी इंसपैक्टर शिवदीप सिंह बरार ने बताया कि पुराने केस मामला 34–17 का ऐकसाईज ऐक्ट 61–1–64 के मामले का फरार भगोडा लाल चंद वासी कुमाउ कलोनी को देर रात गिरफतार किया गया है ।

## नयागांव काउंसिल के प्रधान पद का किसके सिर ताज

### नयागांव काउंसिल के प्रधान पद को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज - 21 वार्डों में से 16 में जीत के बाद भाजपा पार्षदों में दावेदारी को लेकर जबरदस्त जोर-आजमाइश

अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता – न्यू चंडीगढ –खरड़/ नयागांव नगर काउंसिल में प्रधान पद के चुनाव को लेकर अब राजनीतिक गतिविधियां बहुत तेज हो गई हैं। नयागांव नगर काउंसिल के 21 वार्डो में से 16 वार्डो में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की प्रचण्ड जीत के बाद नयागांव नगर काउंसिल में भाजपा का स्पष्ट बहुमत है। ऐसे में प्रधान पद पर भी भाजपा का ही कब्जा तय माना जा रहा है। लेकिन नयागांव नगर काउंसिल प्रधान पद के चुनाव को लेकर सामान्य अधिसूचना जरनल केटेगरी की जारी होने के बाद भी दावेदारों ने अपने –अपने समर्थन को मजबूत करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। नयागांव नगर काउंसिल के चुनाव में गुज्जर बरादरी के आजाद सहित 6 पार्षदों ने जीत हासिल की है । गुज्जर बरादरी का कहना है कि इस बार हमारी गुज्जर बरादरी से ही कोई प्रधान बनना चाहिये । भाजपा के 16 पार्षदों में से कई नेता प्रधान पद के लिए अपनी दावेदारी जता रहे हैं। इनमें वरिष्ठ पार्षद मैडम तरूणजीत कौर बैंस तीसरी बार विजेता रही है । अब सुरेंद्र बबल भी अपनी दावेदारी ठोंक रहे है क्योंकि सुरेंद्र बबल व उनकी पत्नी इस बार पार्षद चुने गए हैं, इसके अलावा गुज्जर बरादरी के जोगिंदर पाल गुर्जर ज्यादा प्रधान पद के मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। पार्टी संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहने और जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ के कारण उनकी दावेदारी को गंभीरता से देखा जा रहा है। वहीं पूर्व पार्षद हरमेश नटटू भी अपनी भाभी एवं मौजूदा पार्षद करनैल कौर के माध्यम से मजबूत प्रधान पद की दावेदारी कर रहे हैं। नटटू परिवार का नयागांव की राजनीति में बहुत ज्यादा प्रभाव रहा है और वह दूसरी बार चुनावी सफलता हासिल कर चुके है। इसके अलावा श्याम लाल गुर्जर कांसल तथा पूर्व पार्षद गुरबचन सिंह भी सक्रिय नजर आ रहे हैं। गुरबचन सिंह दो बार पार्षद रह चुके हैं और इस बार उन्होंने भाजपा के टिकट पर अपनी वहू पार्षद सुखविंदर कौर को चुनाव जिताया है। सूत्रों के अनुसार अब वह भी प्रधान पद के लिए समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं।

**पार्षदों को एकजुट रखने की कवायद:–** प्रधान पद की दौड़ में शामिल दावेदार अपने समर्थक पार्षदों को एकजुट रखने के लिए लगातार बैठकें कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ दावेदार अपने समर्थक पार्षदों के साथ हिमाचल प्रदेश, पंजाब और चंडीगढ़ क्षेत्र में भी गए हुए हैं, ताकि मतदान के समय समर्थन सुनिश्चित किया जा सके। कुछ प्रधान पछ के दावेदार अपने साथी पार्षदो धमिक मंदिरो में लेजा कर साथ देने की कसमे खिला रहे है । प्रधान पद के चुनाव की आधिकारिक तिथि घोषित होने का सभी दावेदारों को इंतजार है।

## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता का अमर प्रतीक: पंकज पूजन रामपाल

- मोदी सरकार द्वारा धारा 370 हटाना, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि- पंकज पूजन रामपाल
- फरीदाबाद जिले के सभी 877 बूथों पर मनाया गया, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद। दयाराम वशिष्ठ**

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि ÷जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है, वो सारा का सारा है÷ केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र की अखंडता, एकात्मता और अटूट राष्ट्रीय संकल्प का उद्घोष है। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भारत की एकता और अखंडता के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का अमर प्रतीक है।

श्री रामपाल ने आगे कहा कि अगस्त 2019 में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा धारा 370 को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय सुनिश्चित करना, डॉ.मुखर्जी के सपने को साकार करने



वाला ऐतिहासिक कदम है और उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों से प्रेरणा लेकर एक सशक्त, समृद्ध और अखंड भारत के निर्माण के लिए संकल्पित है। भाजपा फरीदाबाद द्वारा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 'स्मरण पखवाड़ा' के अंतर्गत आज 23 जून मंगलवार को उनके बलिदान दिवस पर फरीदाबाद विधानसभा के बूथ नंबर 178 पर स्थित भाजपा जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की । भाजपा फरीदाबाद द्वारा सभी 877 बूथों पर डॉ.श्यामा प्रसाद का बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया, जहां सभी वरिष्ठ नेताओं मंत्री विधायकों, प्रदेश, जि़ला पदाधिकारियों एवं मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में %स्मरण पखवाड़ा% के तहत 23 जून (बलिदान दिवस) से 6 जुलाई (जयंती) इन 14 दिनों तक बूथ से लेकर जिला स्तर तक व्याख्यान, विचार गोष्ठियाँ, जिला सम्मेलन और राष्ट्र प्रथम के संदेश पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे । श्री रामपाल ने आगे कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने देश और समाज के लिए जो त्याग किया, हमें उनसे सीख लेकर राष्ट्र हित में सदैव कार्यरत रहना चाहिए। इस कार्यक्रम निमित जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री शोभित अरोड़ा, सह संयोजक भारती भाकुनी, राजन मुथरेजा, विनोद गुप्ता को बनाया गया है 7 इस अवसर पर पूर्व महामंत्री मूलचन्द मित्तल, जिला उपाध्यक्ष धरमबीर भडाना, जिला सचिव मनीष छोकर, गिर्राज त्यागी, कार्यलय सचिव राज मदान, खुशबू सिंह, शालिनी मंगला,संदीप बंसल,संजय अरोड़ा, सचिन गुप्ता, अभिषेक प्रताप सिंह एवं अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

## लखनऊ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना प्रदेश के लिए बड़ा सबक, फायर सेफ्टी मानकों से कोई समझौता नहीं: मुख्यमंत्री

- हर जनपद में विशेष टीम गठित कर व्यापक फायर सेफ्टी ऑडिट अभियान चलाया जाए- मुख्यमंत्री
- पहले जागरूकता, फिर कार्रवाई; अभियान के नाम पर किसी नागरिक का उत्पीड़न न हो- मुख्यमंत्री
- जो भवन जिस गतिविधि के लिए अनुमन्य, वहां वही गतिविधि होगी, बेसमेंट में कोचिंग/नर्सिंग होम स्वीकार नहीं- मुख्यमंत्री
- आपातकालीन सेवाओं को रिस्पॉन्स टाइम और कम करने के लिए उठाने होंगे ठोस कदम- मुख्यमंत्री
- वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर मुख्यमंत्री ने की लखनऊ अग्नि दुर्घटना की बिंदुवार समीक्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 23 जून-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अलीगंज में बीते दिनों आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को प्रदेश के लिए एक बड़ा सबक बताते हुए कहा कि इस पीड़ादायक घटना से सीख लेते हुए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए शासन, प्रशासन और आमजन को मिलकर अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में मिशन मोड में व्यापक फायर सेफ्टी ऑडिट अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जनपदों में अस्पतालों, नर्सिंग होमों, मेडिकल कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, शॉपिंग मॉल, सरकारी भवनों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर आवश्यक सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

मंगलवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह अभियान पूरी तरह जनहित में संचालित किया जाएगा। पहले व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के नाम पर किसी भी नागरिक का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद में विशेष टीम गठित कर फायर ऑडिट अभियान संचालित किया जाए। सभी कोचिंग संस्थानों का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा व्यावसायिक भवनों में अग्निशमन विभाग से प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) भवन परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन अथवा भूमि का उपयोग उसी उद्देश्य के अनुरूप होना चाहिए, जिसके लिए उसे स्वीकृति प्रदान की गई है। आवासीय भवनों में व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन नहीं होना चाहिए तथा निर्धारित उपयोग के विपरीत किसी भी प्रकार की गतिविधि स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में बेसमेंट में कोचिंग अथवा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन न होने पाए। यदि बेसमेंट पार्किंग के लिए स्वीकृत है तो उसका उपयोग केवल पार्किंग के लिए ही किया जाए।

मुख्यमंत्री ने व्यावसायिक भवनों के विद्युत भार (लोड) का आकलन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां विद्युत भार निर्धारित मानकों के विपरीत पाया जाए अथवा अन्य नियमों का उल्लंघन हो रहा हो, वहां तत्काल नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई की जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने बीते दिनों लखनऊ में घटित आग लगने की दुर्घटना के संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह, पुलिस महानिदेशक, महानिदेशक अग्निशमन सेवा, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा एसडीआरएफ के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन दल, एम्बुलेंस और एसडीआरएफ की टीमों द्वारा किए गए राहत एवं बचाव कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन सेवाओं का रिस्पॉन्स टाइम जितना कम होगा, संकट की परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्य उतने ही प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकेंगे। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को अपने रिस्पॉन्स टाइम को और कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने बैठक में बताया कि घटना की सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव कार्यों के लिए 14 एम्बुलेंस तत्काल मौके पर भेजी गई थीं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों, सरकारी एवं निजी अस्पतालों तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों की फायर सेफ्टी ऑडिट प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में नई दिल्ली में हुई



अग्नि दुर्घटना का उल्लेख करते हुए प्रदेश में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अग्निशमन विभाग को और अधिक सक्षम बनाने के लिए जिन आधुनिक उपकरणों, संसाधनों एवं तकनीकी सुविधाओं की आवश्यकता हो, उनकी उपलब्धता में किसी प्रकार का विलम्ब न किया जाए।

बैठक में महानिदेशक अग्निशमन सेवा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश की 350 तहसीलों में से 296 तहसीलों में 326 स्थायी अग्निशमन केंद्र संचालित हैं। 26 नए अग्निशमन केंद्र लोकार्पण के लिए तैयार हैं, जबकि 25 केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त 47 नए केंद्रों के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शेष तहसीलों में भी अग्निशमन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। सभी विभाग समन्वित प्रयासों के साथ कार्य करते हुए प्रदेश में सुरक्षित एवं उत्तरदायी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# हमने तमिल लोगों के दिलों में जगह बनाने कितना संघर्ष किया...अब यहां पर हैं

## –तमिलनाडु के सीएम विजय ने विधानसभा में आलोचकों को दिया करारा जवाब

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने उन आलोचकों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने उनकी तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) को एक्टर की पार्टी कहा है। मंगलवार सुबह विधानसभा में दिए भाषण में उन्होंने अप्रैल-मई के चुनावों में टीवीके की सफलता की ओर इशारा करते हुए आलोचकों को याद दिलाया कि उनकी पार्टी कितनी सफल रही है। अपने दमदार भाषण में उन्होंने कई मुद्दों पर बात की। केंद्र सरकार का गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपना और नीट को खत्म करने की मांग। उन्होंने टीवीके की राजनीतिक ताकत और अपनी प्रशासनिक समझ पर शक करने वालों और आलोचना करने वालों को आड़े हाथों लिया।



विजय ने विधानसभा को याद दिलाया कि उनकी पार्टी ने साजिशों और पाबंदियों का सामना किया है और न तो पार्टी और न ही उनका खुद का इरादा कभी खत्म होने का है। उन्होंने कहा कि हमें आसानी से सत्ता नहीं मिली। सिर्फ हम ही जानते हैं कि तमिल लोगों के दिलों में जगह बनाने के लिए हमने कितना संघर्ष किया। कुछ लोग ऐसा दिखावा करते हैं जैसे वे समझते नहीं हैं और हमारी आलोचना करते हैं, कहते हैं वह तो बस एक एक्टर की पार्टी है।

सीएम विजय ने कहा कि हम ऐसी आलोचनाओं की परवाह नहीं करते। हमारी राजनीति साफ़-सुथरी है। हमें 35 फीसदी वोट मिले। कुछ लोग कहते हैं कि हम बहुत आसानी से सत्ता में आ गए... लेकिन हमने साजिशों और पाबंदियों का सामना किया। हमने हर चीज़ का सामना किया...और आज हम यहां पर हैं। अभी लंबा सफ़र तय करना है। नीट जो देश में मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए एक ही क्वालिफाइंग परीक्षा है इस पर चल रहे विवाद पर विजय ने कहा कि यह सिस्टम असमानता पैदा करता है और उन्होंने इसे खत्म करने की मांग की।

पिछले कुछ सालों में नीट परीक्षा विवादों का केंद्र रही है, जिसमें परीक्षा के दबाव के कारण छात्रों की आत्महत्या से लेकर प्रश्न पत्रों के लीक होने तक की घटनाएं शामिल हैं, जिन्होंने देश में चिकित्सा शिक्षा की विश्वसनीयता को धूमिल किया है। तमिलनाडु ने बार-बार परीक्षा रद्द करने और 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर सीटें आवंटित करने की मांग की है और हिंदी को थोपने के मुद्दे पर दक्षिणी राज्य में एक संवेदनशील मुद्दा है और जिस पर अतीत में हिंसक दंगे भी हुए हैं। नए सीएम विजय ने जोर देकर कहा कि मौजूदा दो-भाषा नीति, यानी तमिल और अंग्रेजी पर्याप्त है।

# ढोल–नगाड़ों के साथ खुले बाबा महाकाल के कपाट, त्रिशूल, त्रिपुण्ड से हुआ श्रृंगार



उज्जैन (एजेंसी)। श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को बाबा महाकाल की भस्म आरती की गई। इस दौरान बाबा महाकाल के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। भक्तों ने देर रात से ही लाइन में लगकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। मंगलवार तड़के भगवान वीरभद्र की आज्ञा लेने के बाद ढोल–नगाड़ों के साथ बाबा महाकाल के कपाट खोले गए। महाकाल मंदिर के पट खुलने के साथ ही मंत्रोच्चार के बीच भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। भगवान महाकाल का रजत चंद्र, त्रिशूल, त्रिपुण्ड और ड्रायफ्रूट से राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। पहले महाकाल को शमशान की राख अर्पित की जाती थी लेकिन अब विशेष रूप से कपिला गाय के गोबर और औषधीय जड़ी–बूटियों से तैयार भस्म का इस्तेमाल होता है। भस्म आरती के दौरान पुरुषों के लिए पारंपरिक धोती–सोला और महिलाओं के लिए साड़ी पहनना जरुरी है। बाबा महाकाल की आरती देखने बड़ी हस्तियां भी आती हैं। इस दौरान मंदिर के आसपास व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती है।

## 10 साल की मासूम से रेप, हत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में गुब्बारे बेचने वाली 10 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह फुटपाथ पर सो रही बच्ची का टैक्सी ड्राइवर ने किडनैप किया था। इसके बाद उसने उसका रेप किया और हत्या कर लाश महरौली के जंगलों में फेंक दी थी। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे परिवार ने पीसीआर कॉल के जरिए महरौली थाने में बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से चार घंटे में ही बबलू नाम के टैक्सी ड्राइवर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

## ममता बनर्जी की शिकायत पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने दिया आदेश

### -भवानीपुर के ईवीएम-वीवीपैट सुरक्षित रखे जाएं, जरूरत पडऩे पर जांच होगी

कोलकाता (एजेंसी)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट के रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोपों पर सुनवाई की। कोर्ट ने मतगणना से जुड़े सभी अहम साक्ष्य सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि ईवीएम–वीवीपैट, सीसीटीवी फुटेज और अन्य संबंधित रिकॉर्ड संरक्षित रखे जाएं। जरूरत पडऩे पर उनकी जांच होगी। जस्टिस गौरांग कांत ने मतगणना केंद्र रहे शेखावाटी मेमोरियल स्कूल के अंदर और बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखने का भी आदेश दिया। अदालत ने मामले में सभी संबंधित पक्षों को शामिल करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री शुभेंदु उनके सलाहकार सुभ्रत गुप्ता और सुनील अग्रवाल को पक्षकार बनाने का आदेश दिया गया है। भवानीपुर सीट पर शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व सीएम ममता बनर्जी को 15,105 वोटों से हराया था।

## एक मोबाइल नंबर से खुला 3000 करोड़ का फर्जीवाड़ा

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ में सगे भाइयों द्वारा 3000 करोड़ से अधिक के विशाल फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। संगठित गिरोह ने बिना किसी वास्तविक खरीद–बिक्री के, केवल कागजों पर हजारों करोड़ का टर्नओवर दिखाया। आरोप है कि उन्होंने गरीब और ज़रूरतमंद लोगों के आधार, पैन और वोटर आईडी का दुरुपयोग कर 27 फर्जी कंपनियाँ बनाईं। इन कागजी कंपनियों के ज़रिए 720 करोड़ के फर्जी बिल काटे गए, जिससे सरकार से 108 करोड़ का अनुचित टैक्स लाभ लिया। हैरान करने वाली बात यह है कि इस पूरे खेल का भंडाफोड़ किसी मुखबिर ने नहीं, बल्कि अलग–अलग कंपनियों में इस्तेमाल हो रहे एक ही मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी ने किया। कुल 25 बैंक खातों से 3089 करोड़ नकद निकाले गए। यह घोटाला 2018 से 2024 तक चलता रहा। बैंक अधिकारियों की सूचना पर 2024 में डीजीजीआई ने जाँच शुरू की और 9 अक्टूबर 2024 को रेड कर मास्टरमाइंड भाइयों को गिरफ्तार किया। 9 महीने जेल में रहने के बाद उनकी जमानत हो गई। इसके उपरांत ईडी ने मामले की गहनता से जाँच की और 19 जून 2026 को लुधियाना पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी। कमिश्नर के आदेश पर अमित गोयल सहित पाँच नामजद आरोपियों और कुछ अज्ञात के खिलाफ थाना जमालपुर में एफआईआर दर्ज की गई है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को राष्ट्रव्यापी श्रद्धांजलि, पीएम मोदी, सीएम सुवेंदु ने किया याद

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम अधिकारी ने दक्षिण कोलकाता स्थित केओरतला श्मशान घाट में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि देकर उन्हें एक विशिष्ट राष्ट्रभक्त, विद्वान और राजनेता बताया, जिन्होंने अपना जीवन भारत के विकास के लिए समर्पित किया। उन्होंने पोस्ट में कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनकी अटूट निष्ठा, साहस और राष्ट्रीय हित के प्रति प्रतिबद्धता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने भी कोलकाता में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का निधन 23 जून,1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में श्रीनगर की एक जेल में हुआ था। उन्हें बिना परमिट जम्मू–कश्मीर में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## ईरान जंग में इजराइल–अमेरिका से ज्यादा भारतीय मरे

### -अमेरिका के 13, इजराइल के 24 तो भारत के 25 लोग मारे गए

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान युद्ध में इजराइल और अमेरिका से ज्यादा भारतीय नागरिक मारे जा चुके हैं। वो भी तब, जब भारत इस जंग में किसी भी तरह से शामिल नहीं है। सोमवार (22 जून) को कतर के रास लाफान पर हमले में 12 भारतीयों की मौत हो गई, जिसके बाद युद्ध की चपेट में आने से मरने वाले भारतीयों की संख्या 25 पर पहुंच गई है। वहीं इस युद्ध में अमेरिका के 13 तो इजराइल के 24 नागरिक मारे गए हैं। युद्ध में इजराइल के हमले से सबसे ज्यादा लेबनान के 4 हजार और ईरान के 3600 लोग मारे गए हैं। 28 फरवरी को जंग की शुरुआत हुई थी। इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई से लेकर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख मोहम्मद पाकपूर और ईरान सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी तक की हत्या हो चुकी है। कतर के रास लाफान के अलावा भारत के 6 नागरिक होर्मुज में मारे गए। इनमें 3 नागरिकों की मौत अमेरिकी हमले में हो गई। भारत ने इसको लेकर अमेरिका के खिलाफ कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। खुद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री को फोन कर इस पर प्रतिरोध जताया था। इसके अलावा कतर में ही पिछले दिनों एक हमले में एक भारतीय की मौत हो गई थी। एक भारतीय की मौत कुवैत में ईरान के हमले के दौरान हो गई थी। यूएई में भी भारतीय मारे जा चुके हैं। यानी कुल मिलाकर ईरान जंग में अब तक 25 भारतीयों की मौत हो चुकी है।



## अलका याग्निक समेत 65 हस्तियों को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया अलंकृत

### –शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण, ममूटी और विजय अमृतराज भी हुए सम्मानित

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'सिविल इन्वेस्टिचर सेरेमनी-2' में वर्ष 2026 के लिए 65 विशिष्ट हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। सम्मानित होने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री शिबू सोरेन, प्रसिद्ध गायिका अलका याग्निक, अभिनेता ममूटी और पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज प्रमुख रहे।

राष्ट्रपति भवन के भव्य दरबार हॉल में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों से नवाजा गया। इस दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में राष्ट्रपति ने कुल 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री शामिल हैं। इससे पहले मई में आयोजित पहले समारोह में भी 65 लोगों को पद्म सम्मान दिए गए थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के वरिष्ठ आदिवासी नेता शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी रूपी सोरेन ने राष्ट्रपति से यह सम्मान ग्रहण किया। वहीं, लोकप्रिय पार्श्व गायिका अलका याग्निक को भी उनके संगीत क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म सम्मान प्रदान किया गया।



राष्ट्रपति मुर्मू ने पी. नारायणन और सेवानिवृत्त न्यायाधीश के. टी. थॉमस को क्रमशः साहित्य एवं शिक्षा तथा जनसेवा के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के प्रोफेसर महेंद्र नाथ रॉय को विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया।

समारोह की एक विशेषता यह भी रही कि विदेशी नागरिकों को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अमेरिका के चिकित्सक डॉ. दत्तात्रेयुडु नोरी को पद्म भूषण दिया गया, जबकि रूस की ल्यूडमिला खोखलोवा को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। जॉर्जिया के व्लादिमीर मेस्तविरीश्विली को मरणोपरांत खेल क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार कला, साहित्य, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, खेल, समाज सेवा और जनसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

# महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी हलचल, एकनाथ शिंदे की विपक्ष को चेतावनी- 'अभी और भी झटके लगेंगे'

**मुंबई(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (उबाठा) के लोकसभा सांसदों के टूटने के बाद विधानसभा में दिखी फूट को लेकर मंगलवार को मखौल उड़ाते हुए कहा कि विपक्षी सदस्य 'जोर का झटका' लगने की वजह से अपना 'मानसिक संतुलन' खो बैठे हैं और उन्हें 'और भी झटके' लगने वाले हैं। विधानसभा में आदित्य ठाकरे नीत शिवसेना (उबाठा) और अन्य विपक्षी दलों के विधायकों ने मंत्रियों द्वारा दूसरे विभागों से जुड़े सवालों का जवाब दिये जाने पर आपत्ति जताई और सदन से बहिर्गमन किया, जिसके बाद शिंदे की यह तीखी प्रतिक्रिया आई है।



विपक्ष ने मॉनसून सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा कुछ विभागों की जिम्मेदारी कुछ मंत्रियों को सौंपने पर आपत्ति जताई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के सदस्य जयंत पाटिल ने विधानसभा अध्यक्ष से फैसला वापस लेने की मांग की, जबकि आदित्य ठाकरे ने कहा कि सदन में उठाए गए मुद्दों का जवाब केवल संबंधित विभाग के राज्य मंत्री ही दे सकते हैं। कांग्रेस के नितिन राउत (कांग्रेस) ने कहा कि ऐसी व्यवस्था पहले कभी नहीं देखी गई थी। शिंदे ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है और वह कार्यवाही में रचनात्मक रूप से भाग लेने के बजाय उसमें बाधा डाल रहा है।

उप मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष शिंदे ने कहा, ''सवालों के जवाब देने और 'ध्यानाकर्षण प्रस्तावों'' के लिए मंत्रियों को नियुक्त करने से यह सुनिश्चित हुआ कि सदस्यों को ज्यादा जानकारी मिले। सदन में मौजूद रहना और सदस्यों के सवालों का जवाब देना सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा,'' मैं खुद सदन में आता हूं और मुख्यमंत्री भी खुद आकर जवाब देते हैं। इसलिए, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।''

शिवसेना नेता ने विरोध कर रहे सदस्यों पर तंज कसते हुए कहा, ''जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरा किया जाना चाहिए। आप बस कुछ भी बोलते नहीं रह सकते, बेकार की बातें करके सदन का समय बर्बाद नहीं कर सकते।'' विपक्षी खेमे की खाली कुर्सियों की ओर इशारा करते हुए शिंदे ने कहा कि उन्हें (विपक्ष को) पता नहीं है कि उनके साथ क्या हो रहा है। उन्होंने संभवतः शिवसेना (उबाठा) के छह बागी सांसदों के बुधवार को पाला बदलकर शिवसेना में शामिल होने का संदर्भ देते हुए कहा, ''कल उन्हें ज़ोर का झटका लगा। उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और उन्हें आगे और भी झटके लगने वाले हैं।

## चार राज्यों में वांटेड कुख्यात सतपाल उर्फ सत्तू यूपी के मुजफ्फरनगर में ढेर

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। देश के चार राज्यों में वांटेड कुख्यात सतपाल उर्फ सत्तू उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस अब उसके माफिया डॉन छोटा राजन गैंग से ताल्लुकात होने की जांच में जुटी है। सत्तू को चार राज्यों पंजाब, यूपी, चंडीगढ़ और दिल्ली पुलिस तलाश कर रही थी। यूपी के मुजफ्फरनगर में कुख्यात बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू के साथ सोमवार देर रात सिविल लाइन थाना पुलिस और एसओजी टीम की मुठभेड़ हो गई, इसी दौरान वो मारा गया। पहले पुलिस को सूचना मिली थी कि 19 जून को एक नाबालिग युवती का अपहरण कर ले जाने वाला बदमाश क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसी को लेकर पुलिस सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रुड़की रोड पर बामनहेड़ी में जब संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने उसकी कार को रुकने का इशारा किया। इसी दौरान खुद को घिरता देख कार सवार बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जब आत्मरक्षा में ज़वाबी फायरिंग की। इसी पुलिस मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से वो घायल हो गया। इस मुठभेड़ में इस बदमाश की गोली से एक सब इंस्पेक्टर अजय गौड़ और सिपाही अंकित भी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने घायल बदमाश और दोनों पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से घायल बदमाश की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसमें इलाज के दौरान घायल हुए बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू ने मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू चंडीगढ़ का रहने वाला था। उस पर मुजफ्फरनगर पुलिस ने भी उस पर घोषित कर रखा था। इस शातिर बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू की गिरफ्तारी के लिए मुजफ्फरनगर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने 10 टीमों को लगाया था। इस दौरान 1000 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद ये जानकारी जुटाई थी कि ये शातिर बदमाश एक बड़ा क्रिमिनल है, जो पूर्व में 15 साल जेल में बिता चुका है और फरवरी 2026 में ये शातिर लुधियाना जेल से फरार हुआ था।

# राम मंदिर दान विवादः सलमान खुर्शीद ने सरकार से मांगी जवाबदेही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर कहा कि यह आस्था और जनता के भरोसे से जुड़ा गंभीर मामला है, जिस पर केंद्र सरकार को जवाबदेह होना चाहिए।

कांग्रेस नेता खुर्शीद ने कहा कि उन्होंने राम जन्मभूमि मामले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन किया था। उन्होंने कहा, क्या इससे बड़ी कोई त्रासदी हो सकती है? खुर्शीद ने कहा कि यह दान भगवान राम की संपत्ति है और लाखों भक्तों के भरोसे को तोड़ने वालों को सज़ा देकर मंदिर की पवित्रता बनाए रखना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि अगर उन्हें भगवान राम में ज़रा भी आस्था है, तब वह सबसे पहले इसतरह के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं करती।

इस विवाद की शुरुआत अयोध्या से पूर्व सपा विधायक पवन पांडे के आरोपों से हुई थी, जिन्होंने दावा किया था कि राम मंदिर के दान से 7 से 7.5 करोड़ का गबन हुआ है। इन गंभीर आरोपों के बाद, श्री राम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर, राज्य सरकार ने 14 जून को कथित घोटाले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया।



इस बीच, कथित वित्तीय गड़बड़ियों की कोर्ट की निगरानी में जांच कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। इस याचिका में एक प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के तहत एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने की मांग की गई है। इसका उद्देश्य ट्रस्ट के कामकाज, वित्तीय कुप्रबंधन, गायब धनराशि और अन्य अनियमितताओं की गहन जांच करना है।

सुप्रीम कोर्ट से दखल की मांग कर याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि संस्थागत ईमानदारी, कानून के शासन और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रशासन में जनता के भरोसे को बनाए रखने के लिए अदालत का हस्तक्षेप आवश्यक है। याचिका में यह भी कहा गया है कि वर्तमान एसआईटी जांच का दायरा स्पष्ट नहीं है और जांच के शुरुआती चरण सबूतों को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इसमें चेतावनी दी गई है कि किसी भी देरी से अहम सबूतों से छेड़छाड़ हो सकती है और निष्पक्ष जांच में बाधा आ सकती है। अतः, सच्चाई का पता लगाने और जवाबदेही तय करने के लिए एक स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच अनिवार्य है।

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में पुलिस अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज

### –एसडीपीओ और थानाध्यक्ष समेत कई पुलिसकर्मियों पर केस

### –परिजनों ने न्याय नहीं मिलने पर आत्मदाह की चेतावनी दी

**पटना (एजेंसी)।** भोजपुर जिले के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मामले में जगदीशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), शाहपुर थानाध्यक्ष समेत मुठभेड़ में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ शाहपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इस कार्रवाई के बाद मामले की जांच को नया मोड़ मिल गया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एनकाउंटर को लेकर उठे सवालों और मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले भी इस मामले की विभिन्न स्तरों पर जांच चल रही थी और राज्य सरकार न्यायिक जांच के आदेश दे चुकी है। गौरतलब है कि भरत तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने इसे फर्जी एनकाउंटर बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी। इस घटना को लेकर राज्य की राजनीति भी गर्मा गई और विभिन्न राजनीतिक दलों ने मामले की स्वतंत्र जांच की मांग उठाई।





मृतक के भाई चंदन तिवारी ने सरकार की ओर से घोषित न्यायिक जांच पर अविश्वास जताते हुए मीडिया के समक्ष कहा, परिवार को केवल जांच नहीं, बल्कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो पूरा परिवार आत्मदाह करने को मजबूर होगा। वहीं, भरत तिवारी के पिता काशीनाथ तिवारी ने आरोप लगाया कि घटना के समय उनके पुत्र के पास दो मोबाइल फोन थे। पुलिस ने एक मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल वापस कर दी है, लेकिन दूसरा निजी मोबाइल अब भी पुलिस के कब्जे में है। परिवार का कहना है कि यह मोबाइल मामले की जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हो सकता है।

# पाकिस्तान के दावों की पोल खुलीः सभी 36 राफेल लड़ाकू विमान सुरक्षित और ऑपरेशनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नभारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने आधिकारिक दस्तावेज जारी कर पाकिस्तान के उन मनगढ़ंत दावों को ध्वस्त किया है, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात कही जा रही थी। इस दस्तावेज़ से पुष्टि होती है कि भारत के पास फ्रांस से खरीदे गए सभी 36 राफेल विमान पूरी तरह से सुरक्षित और ऑपरेशनल हैं। इस तरह भारत के राफेल पर गलतबयानी करने वाले पाकिस्तान को फिर करारा तमाचा लगा है।

एयर मुख्यालय के डायरेक्टरेट ऑफ इंजीनियरिंग (राफेल) द्वारा 15 जून, 2026 को फ्रांस की सैफ्रान एयरक्राफ्ट इंजिन्स को भेज एक ब्रिज सपोर्ट प्रस्ताव (आरएफपी) में बताया गया हैं कि भारतीय वायुसेना 2016 के भारत-फ्रांस सरकारी समझौते के तहत प्राप्त सभी 36 राफेल विमानों का संचालन कर रही है। यह टेंडर सितंबर 2026 के बाद भी इन विमानों के निर्बाध रखरखाव और तकनीकी सहायता की आवश्यकता पर केंद्रित है, विशेषकर अगले पाँच महीनों की अंतरिम अवधि के लिए।

36 राफेल विमानों के पूरे बेड़े के लिए समर्थन पैकेज का यह प्रस्ताव पाकिस्तान के उन झूठे प्रचार को सिरे से खारिज करता है, जिसमें दावा किया रहा था कि भारत के कई राफेल विमानों को मार गिराया गया है। पाकिस्तान सेना और उसके समर्थक ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीन राफेल विमानों के नष्ट होने और यहां तक कि भारतीय महिला पायलट को पकड़ने जैसे बेबुनियाद आरोप लगाए थे। हालांकि, आईएएफ के हालिया दस्तावेज में बेड़े की संख्या में किसी भी कमी का कोई जिक्र नहीं है, बल्कि यह सभी 36 विमानों की निरंतर परिचालन आवश्यकताओं का हिसाब देता है।

दस्तावेजों के अनुसार, सपोर्ट पैकेज का उद्देश्य सभी 36 राफेल विमानों को चालू हालत में बनाए रखना है। इसके तहत प्रत्येक विमान के लिए औसतन सालाना 150 घंटे की उड़ान तय की गई है, जिससे पांच महीने की ब्रिज पीरियड के दौरान कुल 2,250 घंटे की उड़ान का अनुमान है। यह ब्रिज सपोर्ट 18 सितंबर, 2026 के बाद विमानों के संचालन को बिना किसी रुकावट के जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

रक्षा सूत्रों का कहना है कि रखरखाव और समर्थन अनुबंध आम तौर पर ऑपरेटर के पास मौजूद वास्तविक इन्वेंट्री पर आधारित होते हैं, और 36 विमानों के पूरे बेड़े का बार-बार उल्लेख पाकिस्तान के राफेल नुकसान के दावों पर और प्रश्नचिह्न लगाता है। आईएएफ चीफ एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहले ही पाकिस्तान के इन दावों को मनोहर कहानियां करार दिया था। वायुसेना के राफेल बेड़े के लिए ये सपोर्ट टेंडर सैफ्रन एयरक्राफ्ट इंजन को भेजा गया है, जो राफेल के एम88 इंजन बनाने वाली मूल कंपनी है। ये 36 राफेल विमान आईएएफ के नंबर 17 स्क्वाड्रन गोल्डन एरोज़ और नंबर 101 स्क्वाड्रन में तैनात हैं।



## नीट प्रतिबंध समाप्त, गूगल प्ले स्टोर पर टेलीग्राम बहाल

**नई दिल्ली ।**

बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने मंगलवार सुबह अपने प्ले स्टोर पर मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम को बहाल कर दिया। यह कदम सरकार द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) की पुनर्परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र लीक रोकने के उद्देश्य से लगाए गए अस्थाई प्रतिबंध की अवधि 22 जून की मध्यरात्रि को समाप्त होने के बाद उठाया गया है। गूगल द्वारा बहाली से पहले ही यह प्लेटफॉर्म कुछ मौजूदा उपयोगकर्ताओं के लिए चालू हो गया था। हालांकि, एप्पल के ऐप स्टोर पर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे तक टेलीग्राम उपलब्ध नहीं था, और कंपनी को भेजे गए ईमेल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला। सरकार ने 22 जून तक टेलीग्राम को ऐप स्टोर से हटाने का निर्देश दिया था, जिसका उद्देश्य 21 जून को आयोजित नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र लीक को रोकना था। पिछली परीक्षा 3 मई को प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के बाद रद्द कर दी गई थी। पुनर्परीक्षा में अब तक किसी धोखाधड़ी की खबर नहीं है। टेलीग्राम को 30 जून तक पहले से भेजे गए संदेशों के संपादन की सुविधा बंद करने को भी कहा गया है ताकि प्रश्न पत्र लीक मामलों में साक्ष्यों के दुरुपयोग को रोका जा सके। टेलीग्राम के सीईओ पावेल ड्यूरोव ने इस प्रतिबंध की आलोचना की थी और आरोप लगाया था कि यह लीक नहीं रोकेगा। उन्होंने रिलायंस समूह पर व्हाट्सऐप के साथ मिलकर भारत में ऐप प्रतिबंध के लिए पैरवी करने का भी आरोप लगाया था।

## एनएसई इमर्ज का मार्केट कैप 2.3 लाख करोड़ के पार

**731 कंपनियां सूचीबद्ध, 160 मुख्य बोर्ड में पहुंचीं; महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली का दबदबा**

**मुंबई ।**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के इमर्ज प्लेटफॉर्म ने अपने मार्केट कैपिटलाइजेशन में 2.3 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। यह उपलब्धि भारत के छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है और इस प्लेटफॉर्म को व्यवसायों के लिए एक प्रमुख लॉन्चपैड के रूप में स्थापित करती है। मई 2026 तक, इस प्लेटफॉर्म पर 731 कंपनियां सूचीबद्ध थीं, जिन्होंने आईपीओ के माध्यम से करीब 23,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इन कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये है। एनएसई ने पुष्टि की है कि इमर्ज प्लेटफॉर्म व्यवसायों के लिए एक प्रभावी लॉन्चपैड साबित हुआ है, जिसके तहत 160 कंपनियां सफलतापूर्वक मुख्य बोर्ड (मेनबोर्ड) में स्थानांतरित हो चुकी हैं। इस प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों में महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली का वर्चस्व रहा है। इन तीनों राज्यों की कंपनियों ने मिलकर कुल जुटाई गई धनराशि का लगभग दो-तिहाई हिस्सा जुटाया है। महाराष्ट्र 204 लिस्टेड कंपनियों के साथ अग्रणी है, जिन्होंने 6,256 करोड़ रुपये जुटाए हैं। गुजरात 182 कंपनियों और 4,846 करोड़ रुपये के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि दिल्ली की 102 एसएमई ने 3,745 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इन तीन राज्यों की कुल 488 कंपनियां इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध हैं।

## सोना 1,161 रुपए और चांदी 6,469 रुपए तक लुढ़की

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा भाव में मंगलवार को उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) और अंतर्राष्ट्रीय कॉमैक्स (कॉमेक्स) दोनों पर कीमती धातुओं के दाम गिरावट के साथ खुले, और खबर लिखे जाने तक नरमी बरकरार रही, जिससे निवेशकों में चिंता देखी गई। घरेलू बाजार में एमसीएक्स पर सोने का अगस्त बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट 2,093 रुपए की गिरावट के साथ 1,46,776 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट खबर लिखे जाने तक 1,161 रुपए की गिरावट के साथ 1,46,957 रुपए पर कारोबार कर रहा था, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,48,118 रुपए था। इस साल सोना 1,80,779 रुपए के सर्वोच्च स्तर को छू चुका है। इसी तरह चांदी का जुलाई बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट भी 3,903 रुपए की गिरावट के साथ 2,27,676 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 6,469 रुपए की भारी गिरावट के साथ 2,27,841 रुपए पर कारोबार कर रहा था। इसका पिछला बंद भाव 2,34,310 रुपए था।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 893 निफ्टी 278 अंक गिरा**




**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी , मेटल और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में भारी बिकवाली रही। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से भी बाजार टूटा। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 893.39 अंक करीब नीचे आकर 76,200.68 पर बंद हुआ जबकि एनएससई निफ्टी 278.80 अंक की गिरावट के साथ ही 23,824.10 पर पहुंच गया।वहीं व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.05 गिरावट दर्ज की गयी है। सेक्टरवार देखें, तो निफ्टी मेटल 3 फीसदी से ज्यादा नीचे आया। इसके अलावा निफ्टी आईटी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन भी कमजोर रहा, वहीं निफ्टी फार्मा और निफ्टी हेल्थकेयर के शेयर लाभ में रहे। निफ्टी50 इंडेक्स में इंफोसिस, विप्रो, टीसीएस और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर सबसे अधिक गिरे जबकि टाटा स्टील, हिंडाल्को, बीईएल और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही।

## रुपया गिरावट पर बंद


**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 11 पैसे की गिरावट के साथ ही 94.74 पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले आज सुबह विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर शुरुआत की वजह से रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में छह पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.69 पर खुला। डॉलर के मजबूत होने और करीब 13 महीने के उच्च स्तर के आसपास बने रहने से ही घरेलू मुद्रा पर दबाव है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.73 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में थोड़ा मजबूत होकर डॉलर के मुकाबले 94.69 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को 30 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.63 पर बंद हुआ था।

## आरेकल ने 21,000 नौकरियां घटाई, एआई को बताया मुख्य कारण

**एक साल में कार्यबल 1.62 लाख से घटकर 1.41 लाख हुआ**



**नई दिल्ली।**

दिग्गज टेक कंपनी आरेकल कार्प ने पिछले एक साल में अपने वैश्विक कार्यबल में लगभग 21,000 कर्मचारियों की भारी कटौती की है। कंपनी ने अपनी वार्षिक नियामक फाइलिंग में इस छंटनी का मुख्य कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकों को अपनाना और उनके व्यापक उपयोग को बताया है। सोमवार को जारी फाइलिंग में आरेकल ने स्वीकार किया कि उसके परिचालन में एआई तकनीकों के बढ़ते एकीकरण ने कुछ पदों की आवश्यकता कम कर दी है, जिसका असर कर्मचारियों की संख्या पर पड़ा। 31 मई को समाप्त हुए वित्त वर्ष के अंत तक कंपनी के वैश्विक पूर्णकालिक कर्मचारियों की संख्या घटकर 1.41 लाख रह गई, जो एक वर्ष पहले 1.62 लाख थी। इस बड़ी कटौती के चलते कंपनी को पुनर्गठन पर लगभग 1.8 अरब डॉलर (करीब 15,000 करोड़ रुपए) का महत्वपूर्ण खर्च उठाना पड़ा।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, ओपनएआई जैसे ग्राहकों के लिए महंगे एआई डेटा सेंटर विकसित करने से आरेकल पर वित्तीय दबाव बढ़ा है।

# रेड टेप को कैरी बैग चार्ज पड़ा भारी, उपभोक्ता आयोग ने ठोका 8,000 का जुर्माना

**50,000 का मुआवजा और 22,000 रुपए मुकदमेबाजी खर्च की मांग भी की गई**

**रोहतक ।**

हरियाणा के रोहतक स्थित उपभोक्ता आयोग ने जूते के प्रसिद्ध ब्रांड रेड टेप को एक कैरी बैग के लिए 10 रुपए वसूलने पर बड़ा झटका दिया है। आयोग ने इसे अनुचित व्यापार प्रथा मानते हुए कंपनी को ग्राहक से ली गई राशि वापस करने के साथ-साथ 8,000 रुपए का मुआवजा और मुकदमेबाजी लागत चुकाने का निर्देश दिया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कई कंपनियां मनमाने ढंग से अतिरिक्त शुल्क वसूलती हैं, और यह ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है। मामला 1 अप्रैल, 2023 का है, जब एक ग्राहक ने रेड टेप के रोहतक आउटलेट से 2,069.70 रुपए में जूते खरीदे थे। बिल के साथ स्टोर ने कैरी बैग के लिए 10 रुपए अतिरिक्त वसूले। ग्राहक ने इस शुल्क का विरोध करते हुए बिना शुल्क के बैग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, लेकिन कर्मचारियों ने कंपनी की नीति का हवाला देते हुए इनकार कर दिया। इसके बाद ग्राहक ने इसे कानूनी रूप से गलत मानते हुए उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया, जिसमें 10 रुपए की वापसी के साथ-साथ 50,000 का मुआवजा और 22,000 रुपए मुकदमेबाजी खर्च की मांग की गई। रेड टेप ने अपने बचाव में तर्क दिया कि यह शुल्क पर्यावरण को बढ़ावा देने और मुफ्त बैग के दुरुपयोग को कम करने के लिए लिया गया था। कंपनी ने यह भी कहा कि स्टोर के प्रवेश द्वार पर ग्राहकों को अपने बैग लाने के लिए सूचित करने वाले साइनबोर्ड लगे थे, कैरी बैग खरीदना वैकल्पिक था और उस पर कोई ब्रांड लोगो नहीं था। हालांकि, उपभोक्ता आयोग की पीठ, जिसमें अध्यक्ष नागेंद्र सिंह कादियन और सदस्य तृप्ति पन्नू व विजेंद्र सिंह शामिल थे, ने कंपनी के बचाव को पूरी तरह से खारिज कर दिया। आयोग ने बिल और कैरी बैग की जांच की, जिसमें 10 रुपए का शुल्क अलग से दिखाया गया था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि कंपनी के अपने हलफनामे में स्वीकार किया गया था कि उसने अनावश्यक रूप से एक कैरी बैग के लिए 10 रुपये वसूले हैं। आयोग ने इस बयान को ही कंपनी के बचाव को कमजोर करने वाला पाया और इसे सेवा में कमी तथा अनुचित व्यापार प्रथा करार दिया। आयोग ने रेड टेप को ग्राहक से लिए गए 10 रुपए वापस करने, मुआवजे के तौर पर 4,000 रुपए और मुकदमेबाजी



खर्चों के लिए 4,000 रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया। कुल मिलाकर, कंपनी को 8,010 रुपए का भुगतान करना होगा। आदेश का पालन करने के लिए 30 दिन का समय दिया गया है, अन्यथा कंपनी को हर सप्ताह 50 रुपए का अतिरिक्त जुर्माना देना होगा जब तक कि पूरी राशि का भुगतान नहीं हो जाता। यह निर्णय उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक होने और मनमानी वसूली के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# एयर इंडिया में प्रदीप सिंह खरोला की वापसी

**पूर्व सीएमडी को चेयरमैन का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया**

**नई दिल्ली।**

एयर इंडिया के पूर्व चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) प्रदीप सिंह खरोला की एक बार फिर एयरलाइन में वापसी हुई है। एयरलाइन सूत्रों के अनुसार, उन्हें चेयरमैन का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। कंपनी के शीर्ष प्रबंधन में संभावित बदलावों के बीच इस नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।प्रदीप सिंह खरोला वर्ष 2017 से 2019 तक एयर इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर रहे थे। उनके कार्यकाल के दौरान एयरलाइन कई परिचालन और वित्तीय चुनौतियों से गुजर रही थी। बाद में उन्हें नागरिक उड्डयन सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई, जहां उन्होंने विमानन क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों में भूमिका निभाई। एयर इंडिया के निजीकरण की प्रक्रिया में भी खरोला की अहम भूमिका रही थी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय में रहते हुए उन्होंने एयरलाइन के विनिवेश और पुनर्गठन से जुड़े कई प्रशासनिक एवं नीतिगत कार्यों का नेतृत्व किया था। कंपनी में उनकी वापसी ऐसे समय हुई है, जब एयर इंडिया के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव की चर्चा तेज है। एयर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने पहले ही आने वाले महीनों में पद छोड़ने की घोषणा कर दी है। ऐसे में खरोला



की नियुक्ति को संगठनात्मक स्थिरता और प्रबंधन के अनुभव को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## सरकारी तेल कंपनियों के मुनाफे में सुधार की उम्मीद

**कच्चे तेल की घटती कीमतों से ईंधन विपणन मार्जिन बेहतर होने का अनुमान**

**नई दिल्ली ।**

सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए मुनाफे में सुधार की उम्मीद जगी है। जेपी मॉर्गन की एक रिपोर्ट के अनुसार, कच्चे तेल की घटती कीमतों से ईंधन विपणन मार्जिन में सुधार इसका मुख्य कारण है। हालांकि, बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता इस क्षेत्र की लंबी अवधि की कमाई की संभावनाओं को सीमित कर सकती है। जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट बताती है कि सरकारी रिफाइनरियों और खुदरा ईंधन विक्रेताओं के पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर संयुक्त मार्जिन अब पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले के स्तर से ऊपर है। यह कच्चे तेल की कम कीमतों और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती का परिणाम है। संघर्ष के दौरान वैश्विक कीमतों में उछाल के बावजूद घरेलू कीमतें स्थिर रहने से कंपनियों को घाटा हुआ था, लेकिन अब स्थिति सुधर रही है। एलपीजी पर अभी भी नुकसान अधिक है, लेकिन तेल कीमतों के साथ इसमें भी कमी आने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में माल भंडार के नुकसान का असर दिखेगा, लेकिन दूसरी तिमाही में लाभ बेहतर होने की उम्मीद है।

# ईंधन खुदरा विक्रेताओं को मार्जिन में राहत पर कर अनिश्चितता बनी चुनौती

**मुंबई ।**

एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय ईंधन विपणन कंपनियों (ओएमसी) के मार्जिन में सुधार हुआ है, जिससे उन्हें कुछ राहत मिली है। हालांकि, रिपोर्ट ने बढ़ते कर्ज के बोझ और ईंधन पर कर नीति को लेकर अनिश्चितता के कारण इस क्षेत्र की दीर्घकालिक कमाई की संभावनाओं को सीमित बताया है। रिपोर्ट बताती है कि कच्चे तेल की कीमतों में कमी और केंद्र सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क में कटौती के चलते सरकारी तेल विपणन कंपनियों के पेट्रोल और डीजल बिक्री पर संयुक्त मार्जिन अब पश्चिम एशिया संघर्ष-पूर्व स्तर से ऊपर पहुँच गया है।

संघर्ष के दौरान वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बावजूद देश में खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रहीं।

एलपीजी पर होने वाला नुकसान भी तेल कीमतों में गिरावट के साथ जल्द ही कम होने की उम्मीद है।

जिससे कंपनियों की वित्तीय स्थिति में और सुधार होगा। हालांकि, रिपोर्ट ने मार्जिन में इस सुधार को लेकर सतर्कता बरती है। पिछले कुछ महीनों में ओएमसी पर काफी कर्ज चढ़ा है।

जिससे उनके मूल्यांकन पर असर पड़ा है। इसके अतिरिक्त, लाभ का एक बड़ा हिस्सा सरकार द्वारा मार्च में की गई 10 रुपये प्रति लीटर की उत्पाद शुल्क कटौती के कारण है।

जो वैश्विक तेल कीमतें स्थिर होने पर भविष्य में फिर से लगाया जा सकता है।

सरकार ने खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी को रोकने के लिए यह कटौती की थी।

यदि कच्चे तेल की कीमतें कम रहती हैं, तो भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को निकट भविष्य में सबसे अधिक लाभ होने की उम्मीद है।

# तरलता संकट से जूझते बैंकों को आरबीआई का सहारा

**जीएसटी और अग्रिम कर भुगतान से गहराया नकदी दबाव, केंद्रीय बैंक ने डाले 1.41 लाख करोड़**

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग प्रणाली में नकदी की कमी से निपटने के लिए मंगलवार को सात-दिवसीय परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) नीलामी के जरिए 1,41,171 करोड़ रुपए का निवेश किया। यह हस्तक्षेप ऐसे समय हुआ है जब प्रणाली में नकदी अधिशेष से घटकर घाटे में चली गई। आरबीआई की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत पर डाली गई। विशेषज्ञों के मुताबिक, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और अग्रिम कर भुगतान के कारण धन की निकासी से बैंकिंग प्रणाली 21 जून को 30,685.11 करोड़ रुपए के अधिशेष से 22 जून को 19,971.89 करोड़ रुपए के घाटे में आ गई। इस नकदी संकट ने ओवरनाइट मनी मार्केट दरों पर दबाव बढ़ा दिया है, जहां भारित औसत कॉल मनी दर 5.43 प्रतिशत पर रही, जो आरबीआई की रेपो दर से 0.18 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह, ट्राइ-पार्टी रेपो (टीआरईपीएस) दरें भी नीतिगत ब्याज दर से अधिक पर



कारोबार कर रही थीं। नकदी दबाव को कम करने और ओवरनाइट मनी मार्केट दरों को नियंत्रित रखने के लिए, केंद्रीय बैंक पिछले कुछ दिनों से सक्रिय है। आरबीआई ने विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामियों के माध्यम से कुल लगभग 2.43 लाख करोड़ रुपए की अस्थायी नकदी बैंकिंग प्रणाली में डाली है। यह आरबीआई का एक माध्यम है जिसके जरिये वह बैंकिंग प्रणाली में नकदी की अस्थायी कमी या अधिकता को संतुलित करता है।

## जरुरत पड़ने पर ऐसे बढ़ाएं पर्सनल लोन की लिमिट, टॉप-अप विकल्प हो सकता है मददगार

**मौजूदा पर्सनल लोन पर बिना नई अर्जी के पाएं अतिरिक्त फंड्स**

**मुंबई।**

पर्सनल लोन वित्तीय जरूरतों को पूरा करने का एक लोकप्रिय साधन है। कई बार बड़े खर्चों या आपातकालीन स्थितियों के लिए ली गई शुरुआती लोन राशि कम पड़ जाती है। ऐसे में, यदि आपको और पैसों की जरूरत पड़ती है, तो पर्सनल लोन टॉप-अप सुविधा आपके लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। यह आपको बिना नया लोन आवेदन किए, अपने मौजूदा लोन पर अतिरिक्त फंड्स प्राप्त करने का अवसर देती है। पर्सनल लोन टॉप-अप सुविधा उन लोगों के लिए एक सुविधाजनक समाधान है, जिन्हें अपने मौजूदा पर्सनल लोन के ऊपर अतिरिक्त पैसों की आवश्यकता होती है। यह आपको ओरिजिनल लोन से ज्यादा फंड्स देती है और इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके लिए किसी नई एप्लिकेशन की जरूरत नहीं होती। टॉप-अप लोन भी स्टैंडर्ड पर्सनल लोन की तरह ही काम करता है, जहां बॉरोअर पैसे को किसी भी काम के लिए इस्तेमाल कर सकता है और इसके लिए कोई कोलैटरल (गिरवी) देने या खर्च पर कोई लिमिट तय करने की जरूरत नहीं होती। जब आप टॉप-अप लेते हैं, तो मौजूदा और टॉप-अप लोन अमाउंट को मिलाकर आपकी ईएमआई को रिवाइज्ड लोन अमाउंट और टर्म के हिसाब से दोबारा कैलकुलेट किया जाता है। हालांकि, इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तों का पालन करना पड़ता है। बैंक या वित्तीय संस्थान टॉप-अप राशि स्वीकृत करने से पहले आपकी पात्रता (इनकम, मौजूदा डेट्स, क्रेडिट स्कोर और लोन रीपेमेंट हिस्ट्री) की दोबारा जांच करेंगे। इसके लिए आपको अपने वित्तीय संस्थान से संपर्क करना होगा और लोन अमाउंट बढ़ाने के लिए एक रिक्वेस्ट लेटर जमा करना होगा। इसके साथ आवश्यक दस्तावेज और प्रोसेसिंग फीस भी देनी पड़ सकती है। अप्रूवल के बाद, कुछ मामलों में आपको मौजूदा लोन को बंद करके एक नया एग्रीमेंट साइन करना पड़ सकता है, जिसमें बदली हुई राशि, ईएमआई और ब्याज दर का उल्लेख होगा। टॉप-अप लोन की कोई तय सीमा नहीं होती; यह बॉरोअर के रीपेमेंट हिस्ट्री और प्रोफाइल पर निर्भर करता है। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि टॉप-अप पर्सनल लोन का टेन्योर ओरिजिनल लोन के बचे हुए टेन्योर से ज्यादा नहीं हो सकता। यदि आप लंबा लोन टेन्योर चाहते है।

# स्पेसएक्स शेयर रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**कंपनी 20 अरब डॉलर के बॉन्ड जारी कर एआई का करेगी विस्तार**



**नई दिल्ली ।**

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में लगातार तीसरे कारोबारी दिन भारी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को शेयर 16 फीसदी टूटकर 154.60 पर बंद हुए, जो लिस्टिंग के बाद का सबसे निचला स्तर है। इस गिरावट के साथ, कंपनी का बाजार मूल्य तीन दिनों में 600 अरब डॉलर से अधिक घट गया है। यह गिरावट मुख्य रूप से कंपनी की एक नई फंडिंग योजना के कारण मानी जा रही है, जिसके तहत स्पेसएक्स अपनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए 20 अरब डॉलर तक के निवेश-योग्य बॉन्ड जारी करने की तैयारी में है। स्पेसएक्स ने हाल के महीनों में एआई कारोबार पर तेजी से ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें फरवरी में एलन मस्क की एक्सएआई का अधिग्रहण और सोमवार को एआई स्टार्टअप रिफ्लेक्शन एआई के साथ कंप्यूटिंग संसाधन समझौते की घोषणा शामिल है। हालांकि, अपने 135 रुपए के आईपीओ मूल्य से शेयर अभी भी लगभग 15 फीसदी ऊपर है। शुरुआती लिस्टिंग में खुदरा निवेशकों की भारी दिलचस्पी दिखी थी। कीबैंक कैपिटल मार्केट्स ने होल्ड के समान रेटिंग दी है, मानते हुए कि कंपनी अंतरिक्ष में अग्रणी है, पर लंबी अवधि की संभावनाएँ पहले से मूल्य में शामिल हैं। हालांकि, इसका बाजार पूंजीकरण अभी भी 2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है, जो इसे शीर्ष छह सबसे मूल्यवान कंपनियों में रखता है। निवेशकों की निगाहें अब कंपनी के एआई निवेश से मिलने वाले रिटर्न पर टिकी हैं।

# एसआईटी ने की अग्निकांड स्थल की पड़ताल, घायलों से भी मिला जांच दल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तेज गति से जारी है जांच

घायलों से मिली जानकारी व साक्ष्य के आधार पर कई लोगों से होगी पूछताछ- अमृत अभिजात

एफएसएल की टीम ने मौके से जुटाए महत्वपूर्ण साक्ष्य, निर्धारित समय में आएगी जांच रिपोर्ट- प्रवीण कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 23 जून।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश पर अलीगंज अग्निकांड की समग्र जांच तेज गति से जारी है। मंगलवार को दो सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) घटनास्थल पर पहुंचा। टीम ने इसके बाद केजीएमयू में भर्ती घायलों से भी मुलाकात की और उनसे घटना के संबंध में जानकारी ली। उत्तर प्रदेश विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने भी घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं।

एसआईटी के सदस्य अपर मुख्य सचिव (पर्यटन एवं संस्कृति विभाग) अमृत अभिजात और एडीजी (लखनऊ जोन) प्रवीण कुमार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने करीब एक घंटे से अधिक समय तक बारीकी से पूरी बिल्डिंग का निरीक्षण किया। अमृत अभिजात ने कहा कि घटनास्थल की विभिन्न प्रकार से फोटो ली गई हैं। साक्ष्य जुटाकर जांच को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है। अग्निकांड से संबंधित व्यक्तियों व विभागों से भी पूछताछ होगी। उसके बाद जांच रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा।

एडीजी प्रवीण कुमार ने बताया कि हम लोगों ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया है। साथ में फॉरेंसिक की टीम ने सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं, जिनके आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ की जाएगी। घटना से संबंधित हर विभाग के दायित्व को जांच दायरे में शामिल किया गया है। अग्निकांड पीड़ितों से भी जानकारी ली जाएगी। इसके बाद निर्धारित समय सीमा में जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी। घटनास्थल से निकलने के बाद एसआईटी ने केजीएमयू में भर्ती घायलों से भी मुलाकात की।

**एफएसएल ने जुटाए घटनास्थल से नमूने**

घटनास्थल पर एफएसएल डायरेक्टर आदर्श कुमार और विशेषज्ञों की टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। इसमें मलबा, जले हुए उपकरण और तार समेत अन्य नमूने शामिल हैं। गौरतलब है कि हादसे की सूचना मिलते ही सीएम योगी ने अलीगढ़ दौरा बीच में रद्द कर घटनास्थल का मुआयना किया था। उन्होंने केजीएमयू में पीड़ितों से भी मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एसआईटी गठित करने



का निर्देश दिया। एसआईटी को 7 दिन में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपनी है। अब तक मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं चार अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है।

## दिल्ली- बाल्मीकि बस्ती में भीषण आग, चपेट में आईं कई झुग्गियां



अर्थ प्रकाश संवाददाता /अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली/ जून 23, नई दिल्ली। दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज के पीछे स्थित बाल्मीकि बस्ती, तकिया काले खां इलाके की कुछ झुग्गियों में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना आधी रात के आसपास फायर कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। गनीमत यह रही कि दमकल विभाग की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई के चलते आग पर समय रहते काबू पा लिया गया. फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रभावित क्षेत्र में बड़ी मात्रा में लकड़ी का सामान और अस्थायी ढांचे मौजूद थे, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई।

## रेखा गुप्ता ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अर्पित की पुष्पांजलि

अर्थ प्रकाश/ अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली / जून 23, नई दिल्ली। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के मौके पर देश भर में जगह जगह कार्यक्रम हो रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर आज दिल्ली गेट स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली गेट स्थित शहीदी पार्क में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। दिल्ली बीजेपी की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा,अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा सहित प्रदेश इकाई के तमाम लोग शामिल हुए। इस मौके पर सीएम रेखा गुप्ता ने पार्क में वृक्षारोपण भी किया। गौरतलब है कि राष्ट्र की एकता,अखंडता और स्वाभिमान के लिए उनका संघर्ष और बलिदान हमेशा प्रेरणास्रोत है। इस मौके पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि श्यामा प्रसाद वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने राष्ट्र प्रथम की नींव रखी है।



## माता श्री काली देवी मंदिर का निर्माण जल्द पूरा होगा चैयरमेन हरपाल जुनेजा



अर्थ प्रकाश/ पटियाला, 23 जून (मोहन शर्मा) आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर श्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की कोशिशों से माता श्री काली देवी मंदिर का निर्माण तेज़ी से चल रहा है। इस बारे में पी आर टी सी के चेयरमैन हरपाल जुनेजा ने स.ध.ज.स. सभा के अध्यक्ष श्री बाल कृष्ण सिंगला के साथ दौरा किया। इस मौके पर चेयरमैन हरपाल जुनेजा ने कहा कि माता श्री काली देवी मंदिर का कंस्ट्रक्शन का काम बहुत तेज़ी से और मॉडर्न तरीके से चल रहा है और इसे जल्द ही भक्तों को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भक्त बड़ी आस्था के साथ माता के दर्शन करने आते हैं। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष बाल कृष्ण सिंगला ने कहा कि मंदिर के कंस्ट्रक्शन के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री की कोशिशों को भक्त पूरी दुनिया में याद रखेंगे। इससे पहले दूसरी सरकारों ने सिर्फ वादे किए थे लेकिन मान सरकार ने जो कहा वो किया, जिसके लिए पूरा समाज उनका शुक्रगुजार है। इस मौके पर सभा के पदाधिकारी संजय सिंगला, देवी दास गोयल, राजीव गोयल, कुलदीप गर्ग, विजय गोयल, उर्मिला पुरी, नीना गुप्ता, पवन गोयल और राजेश सिंगला भी मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति एवं अवैध मादक पदार्थ तस्करी विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर आयोजित

अर्थ प्रकाश/ भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी, महासचिव डॉ. सुनील कुमार के निर्देशानुसार तथा आयुष सिन्हा उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के मार्गदर्शन में एवं सचिव बिजेंद्र सोरोत के नेतृत्व में 26 जून को प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति एवं अवैध मादक पदार्थ तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर 23 जून से 30 जून 2026 तक आयोजित किए जा रहे जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आज राजकीय कन्या आईटीआई, ऊँचा गांव में एक विशेष नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह दिवस समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त जीवन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। कार्यक्रम में राजकीय कन्या आईटीआई की प्रधानाचार्य श्री श्याम जी, बी.के. अस्पताल से श्रीमती अनुक्रम भाटी, श्रीमती ममता एवं श्रीमती सुमंत्रा ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के परियोजना निदेशक श्री धर्मेंद्र कसाना ने नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज के विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें तथा समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु संकल्प लिया तथा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेडर्स कमीशन द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : अनुप्रिता जौहल

-व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु एडीसी ने ट्रेडर्स कमीशन के साथ बैठक की

-पंजाब ट्रेड कमीशन व्यापारियों को दरपेश समस्याओं का लगातार समाधान कर रहा है : वाइस चेयरमैन गुरप्रीत सिंह धमोली



अर्थ प्रकाश/पटियाला, 23 जून (मोहन शर्मा)/ पटियाला जिले के व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान तथा ट्रेडर्स कमीशन द्वारा उठाए गए मुद्दों की समीक्षा के लिए अतिरिक्त उपायुक्त (ज) अनुप्रिता जौहल ने पंजाब ट्रेड कमीशन पटियाला के चेयरमैन एडवोकेट विनोद कुमार सिंगला, पंजाब के वाइस चेयरमैन गुरप्रीत सिंह धमोली तथा अन्य सदस्यों के साथ बैठक की। एडीसी अनुप्रिता जौहल ने बताया कि बैठक के दौरान पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 55 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जबकि 30 शिकायतें अभी लंबित हैं और उन पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल के नेतृत्व में, इन मुद्दों के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर चेयरमैन एडवोकेट विनोद सिंगला ने कहा कि जल्द ही राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पटियाला जिले के व्यापारियों से मिलने पहुंचेंगे। वाइस चेयरमैन गुरप्रीत सिंह धमोली ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार व्यापारियों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कमीशन व्यापारियों के साथ खड़ा होकर उनकी समस्याओं का लगातार समाधान कर रहा है। चेयरमैन ने आगे कहा कि व्यापारियों द्वारा उठाई जाने वाली प्रत्येक समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभागों के सहयोग से उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने व्यापारिक समुदाय से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सीधे ट्रेडर्स कमीशन से संपर्क करें, ताकि उनकी मांगों का समय पर निपटारा किया जा सके। इस दौरान ट्रेडर्स कमीशन के सदस्य संजीव गुप्ता, भूपिंदर कौशल, सदस्य ट्रेड कमीशन घनौर कीरत सिंह सिहरा, गुरप्रीत सिंह मन्नण, टिंकू बंसल, राजेश छाबड़ा, एसडीएम, सहायक कमिश्नर हरजोत कौर तथा नगर निगम और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### जगराओं और सिधवां बेट पुलिस की बड़ी कार्रवाई- दो अलग-अलग मामलों में हेरोइन सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/जगराओं 23 जून नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत लुधियाना ग्रामीण पुलिस ने दो अलग-अलग थानों के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**मामला 1- सिधवां बेट क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर 10 ग्राम हेरोइन बरामद**

पहली सफलता सिधवां बेट पुलिस को मिली। मिली जानकारी के अनुसार, चौकी गिद्दरविंडी के इंचार्ज एएसआई (ASI) राजवरिंदरपाल सिंह 448 अपनी पुलिस पार्टी और साथी कर्मचारियों के साथ बस अड्डा गिद्दरविंडी पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग के संबंध में मौजूद थे।

इसी दौरान एक मुखबिर ने एएसआई के पास आकर बेहद गोपनीय तरीके से सूचना दी कि गुरजंट सिंह उर्फ गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (पुत्र जोगिंदर सिंह), निवासी शेरेवाल (थाना सिधवां बेट, जिला लुधियाना), बड़े स्तर पर हेरोइन बेचने का अवैध धंधा करता है।

कार्रवाई व बरामदगी- मुखबिर की सूचना को पुख्ता और विश्वसनीय मानते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी गुरजंट सिंह उर्फ गोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**मामला 2- जगराओं के सेम नाला मलक के पास 7.2 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर काबू**

दूसरी कार्रवाई जगरों क्षेत्र में अमल में लाई गई, जहां पुलिस ने एक तस्कर को रंगे हाथों दबोचा। एएसआई (ASI) धर्मेंद्र सिंह 706 अपने साथी पुलिस कर्मचारियों के साथ गश्त और चेकिंग के संबंध में गांव मलक के सेम नाला (सेम ड्रेन) की सीमा में मौजूद थे।

इस दौरान पुलिस पार्टी ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली। पकड़े गए आरोपी की पहचान धर्मपाल सिंह (पुत्र महिंदर सिंह), निवासी रामपुरा मोहल्ला, नजदीक शेरपुर लंडा फाटक (जगरों) के रूप में हुई है।

कार्रवाई व बरामदगी- मौके पर मुस्तैदी दिखाते हुए पुलिस टीम ने आरोपी धर्मपाल सिंह को काबू किया। जब उसकी जामा-तलाशी ली गई, तो उसके पास मौजूद एक प्लास्टिक की लिफाफी में से 7.2 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने नशीले पदार्थ और लिफाफी को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**पुलिस का बयान-** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे यह हेरोइन कहां से खरीद कर लाए थे और इलाके में किन-किन लोगों को सप्लाई करने जा रहे थे। नशा तस्करों के खिलाफ यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# कर्णप्रयाग में निहंगों के साथ मारपीट के मामले में रेजिडेंट कमिश्नर के मार्फ़त सीएम को ज्ञापन

अर्थ प्रकाश संवाददाता/अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

दिल्ली: गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब से लौट रहे निहंग सिंहों के साथ कर्णप्रयाग में हुई मारपीट और उसके बाद पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ सिख पंथ में भारी रोष व्याप्त है। इस मामले को लेकर शिरोमणि अकाली दल (दिल्ली इकाई) के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने आज बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ उत्तराखंड के रेजिडेंट कमिश्नर अजय मिश्रा से मुलाकात कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कर्णप्रयाग घटना के दौरान निहंग सिंहों ने अपनी आत्मरक्षा के लिए शस्त्रों का उपयोग किया था, लेकिन पुलिस ने पहले मामला आपसी सहमति से सुलझाने का भरोसा देने के बावजूद उन पर गंभीर धाराएं लगाकर अत्याचार किया और उन्हें जेल भेज दिया।



सरना ने पत्र में कहा कि सिख श्रद्धालुओं के साथ कथित पुलिस ज्यादतियों, सार्वजनिक अपमान और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले व्यवहार की रिपोर्ट सामने आई हैं, जिनकी तत्काल और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी जोर दिया कि कृपाण सिख धर्म का पवित्र अंग है और उसे संविधान द्वारा संरक्षण प्राप्त है। अकाली दल (दिल्ली इकाई) ने उत्तराखंड सरकार के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखी हैं, जिनमें दोषी पुलिस कर्मियों की उच्च स्तरीय जांच, सिख श्रद्धालुओं के साथ भेदभाव रोकना, धार्मिक प्रतीकों के संबंध में पुलिस को निर्देश जारी करना तथा हेमकुंट साहिब यात्रियों के लिए विशेष शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित करना शामिल है।

मुलाकात के दौरान रेजिडेंट कमिश्नर अजय मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए आश्वासन दिया कि यह मामला मुख्यमंत्री और डीजीपी के संज्ञान में लाया जाएगा तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कर निहंग सिंहों को न्याय दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर सरदार मंजीत सिंह जीके, सरदार परमजीत सिंह राणा, सरदार करतार सिंह विक्की चावला, पार्टी प्रवक्ता सरदार परमजीत सिंह वीरजी, सरदार परमजीत सिंह खुराना, सरदार तजिंदर सिंह गोपा सहित बड़ी स संख्या में पार्टी सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त एक्शन ले रहे एमसीडी अधिकारियों को धमका रहे भाजपा पार्षद

अर्थ प्रकाश संवाददाता/अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

**दिल्ली:** शाहदरा साउथ जोन के भवन निर्माण विभाग में तैनात जूनियर इंजीनियर (जेई) रोहित नागपाल के साथ भाजपा पार्षद मीनाक्षी शर्मा द्वारा कथित अभद्र व्यवहार और दबाव बनाने की घटना को एमसीडी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने बेहद गंभीर बताया है। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को राजनीतिक दबाव, धमकियों और हस्तक्षेप का सामना करना पड़ेगा, तो दिल्ली में कानून का राज कैसे स्थापित होगा? भाजपा एक तरफ अवैध निर्माणों पर कार्रवाई के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ उसके जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई कर रहे अधिकारियों को डराने और दबाव बनाने के आरोप लग रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में अवैध निर्माणों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। कई लोगों की जान जा चुकी है और अनेक परिवार प्रभावित हुए हैं। ऐसे समय में आवश्यकता है कि अधिकारियों को निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से काम करने दिया जाए, न कि उन्हें राजनीतिक दबाव में लाने का प्रयास किया जाए। भाजपा शासित एमसीडी में भ्रष्टाचार और अवैध निर्माणों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। यदि कोई अधिकारी नियमों के अनुसार कार्रवाई करता है और उसे ही प्रताड़ित किया जाता है, तो यह संदेश जाता है कि भाजपा अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई नहीं बल्कि उन्हें संरक्षण देना चाहती है।

नेता प्रतिपक्ष ने निगम आयुक्त से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि किसी जनप्रतिनिधि द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर अधिकारी पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही एमसीडी प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि सभी अधिकारी बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के कानून और नियमों के अनुसार अपना कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचार मुक्त



प्रशासन के लिए संघर्ष जारी रखेगी तथा अवैध निर्माणों को संरक्षण देने वाली किसी भी राजनीति का विरोध करती रहेगी

# 'पंजाब में बनेगी भाजपा सरकार, कार्यकर्ता बूथ स्तर पर ताकत झोंकें': हलवारा एयरपोर्ट पर भाजपा हाईकमान का निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जगराओं 22 जून** 'पंजाब का तूफानी दौरा पूरा करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और केंद्रीय मंत्रियों का काफिला हलवारा एयरपोर्ट पहुंचा। इस मौके पर पार्टी हाईकमान ने लुधियाना और जगराओं के जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं को बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के कड़े निर्देश दिए।

इस विशेष बैठक के दौरान राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ, केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और पंजाब भाजपा के वरिष्ठ नेता केवल सिंह ढिल्लों समेत पार्टी हाईकमान के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे।

**जिला अध्यक्ष की थपथपाई पीठ**

बैठक के दौरान केंद्रीय नेतृत्व ने जिला जगराओं के काम करने के तरीके और सांगठनिक ढांचे की विस्तृत जानकारी ली। जगराओं में पार्टी की सक्रियता को देखते हुए हाईकमान ने जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा की पीठ थपथपाई। नेतृत्व ने पुरजोर शब्दों में कहा, 'आने वाला समय पंजाब में भाजपा का है और यह तय है कि राज्य में अगली सरकार भाजपा की ही बनेगी। अब बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने की जिम्मेदारी आपकी है, इसलिए आज से ही पूरी लगन के साथ मैदान में जुट जाएं।'

**हर कार्यकर्ता को मिलेगा पूरा सम्मान: डॉ. राजिंदर शर्मा**

केंद्रीय नेतृत्व को भरोसा दिलाते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने कहा कि वे अपनी पूरी टीम के साथ पूरी लगन और दृढ़ संकल्प से काम करेंगे।



उन्होंने विश्वास दिलाया कि ज़िले के हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा और पार्टी को जमीनी स्तर पर अभेद्य बनाया जाएगा।

इस दौरान वरिष्ठ नेता केवल सिंह ढिल्लों ने जगराओं दौरे के दौरान मिले अभूतपूर्व जनसमर्थन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह कार्यकर्ताओं के विशाल काफिले ने पार्टी का स्वागत किया है, उससे साफ है कि पंजाब की जनता अब भाजपा की ओर देख रही है।

इस रणनीतिक बैठक में जिला महासचिव सुमित अरोड़ा, लखविंदर सिंह सपरा, जगतार बांगर, बाल किशन गर्ग और मनोज गोयल समेत कई प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# हिंदुस्तान जिंक ने हाइड्रोजन फ्यूल समाधान के लिए एडवांटेक और एरो ईगल के साथ किया एमओयू

भारत की खनन क्षेत्र में हाइड्रोजन फ्यूल पर काम शुरू करने वाली पहली कंपनी

ग्रीन हाइड्रोजन पर स्टडी, पायलट प्रोजेक्ट और चरणबद्ध लागू करने पर फोकस

भूमिगत खनन, भारी मशीनरी और अन्य उपकरणों में हाइड्रोजन उपयोग की जांच

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**उदयपुर, 22 जून 2026।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने एडवांटेक एसोसिएट्स एलएलपी और एरो ईगल ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया है। इस समझौते के तहत कंपनी अपने ऑपरेशन्स में ग्रीन हाइड्रोजन और अन्य क्लीन एनर्जी के उपयोग की संभावनाएं तलाशेगी।

इस पहल का उद्देश्य नई तकनीकों का मूल्यांकन करना है, जिससे खनन कार्य को कम कार्बन और भविष्य के लिए तैयार बनाया जा सके। हिंदुस्तान जिंक खास तौर पर भूमिगत खनन में हाइड्रोजन फ्यूल इस्तेमाल करने वाली भारत की पहली कंपनी बनने की दिशा में काम कर रही है। यह कदम कंपनी के 2050 या उससे पहले नेट जीरो बनने के लक्ष्य का हिस्सा है। खनन और भारी उद्योगों में उत्सर्जन कम करना मुश्किल होता है, ऐसे में हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ईंधन महत्वपूर्ण समाधान बनकर सामने आ रहे हैं।

हिंदुस्तान ज़िंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि, 'हम सस्टेनेबल माइनिंग के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहे हैं। हाइड्रोजन से भारी मशीनों के उत्सर्जन कम होंगे और क्लीन एनर्जी का रास्ता खुलेगा। यह साझेदारी हमें भविष्य के लिए तैयार बनाएगी।'

इस साझेदारी के तहत ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, स्टोरेज, सप्लाई सिस्टम और हाइड्रोजन से चलने वाली मशीनों की जांच की जाएगी। साथ ही एच2 एण्ड आईस और फ्यूल सेल तकनीक के इस्तेमाल की भी संभावना देखी जाएगी। यह प्रोजेक्ट चरणों में पूरा होगा। पहले तकनीकी, सुरक्षा, पर्यावरण और लागत से जुड़ी स्टडी होगी। उसके बाद इसे बड़े स्तर पर लागू किया जा सकता है,



जिसमें भारी मशीनरी, वाहन, जेनरेटर और अन्य उपकरण शामिल होंगे।

यह पहल हिंदुस्तान जिंक की ईएसजी रणनीति के अनुरूप है, जिसमें साफ ऊर्जा और जिम्मेदार संसाधन प्रबंधन पर जोर दिया जाता है। कंपनी पहले ही अपनी ऊर्जा जरूरतों में करीब 18 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों से पूरा कर रही है और लगातार स्वच्छ तकनीकों की दिशा में आगे बढ़ रही है। हिंदुस्तान जिंक, वेदांता समूह की कंपनी है, जिसे लगातार तीसरे साल एसएण्डपी ग्लोबल असेसमेंट 2025 में दुनिया की सबसे सस्टेनेबल मेटल और माइनिंग कंपनी का दर्जा मिला है।

# भारतीय क्रिकेट टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल टूर के लिए रवाना, सूर्यवंशी के डेब्यू पर रहेगी नजर

**चेन्नई (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय टीम 26 जून से शुरू होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आयरलैंड और इंग्लैंड के लिए रवाना हो गई है। 'मेन इन ब्लू' को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20आई और उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20आई और तीन ODI खेलने हैं, जो 26 जून से शुरू होंगे।

इस साल की शुरुआत में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद आयरलैंड में होने वाले टी20आई मैच भारत के लिए पहली सीरीज होगी। भारत 26 और 28 जून को डबलिन में दो टी20आई खेलेगा। टी20आई टीम की कमान श्रेयस के हाथों में होने से भारत के लिए सबसे छोटे फॉर्मेट में एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है, खासकर इसलिए क्योंकि 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में अगला मेन्स टी20 वर्ल्ड कप होने वाला है।



इस टूरिंग टीम की सबसे खास बात युवा बैटिंग सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी हैं, जो 15 साल और 71 दिन की उम्र में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए चुने जाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने और उन्होंने सचिन तेंदुलकर का 36 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इस सीजन में इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद अनकैप्ड तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को भी पहली बार सीनियर ञ्20 टीम में बुलाया गया है।

शुरुआत में सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को टीम में चुना गया था, लेकिन बाद में उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया गया। मार्च में मेनिस्कस टियर सर्जरी के बाद रिहैब से गुजर रहे सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर हर्षित राणा भी टीम में वापस आ गए हैं, साथ ही लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई भी।

आयरलैंड टूर के बाद यही टीम दक्षिण-पश्चिम की ओर एक छोटा टूर करेगी और 1 से 11 जुलाई के बीच इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20आई सीरीज खेलेगी, जिसके बाद 14 से 19 जुलाई तक तीन वनडे खेले जाएंगे। वनडे टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे, जबकि श्रेयस उनके डिप्टी होंगे। तीन मैचों की वनडे सीरीज में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की वापसी होगी, जो IPL 2026 के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ हाल ही में हुई वनडे सीरीज में नहीं खेल पाए थे। हालांकि BCCI ने कहा है कि उनका खेलना फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगा।

# चिरंत विश्वनाथ जापान के मोटेगी में रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत के युवा रेसर चिरंत विश्वनाथ ने जापान के मोटेगी रेसट्रैक में जीत के साथ ही एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ ही वह इस ट्रैक पर जीत हासिल करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। यह उपलब्धि उन्होंने एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप के तीसरे दौर के दौरान टीवीएस एशिया वन-मेक चैंपियनशिप कैटेगरी में दर्ज की है।

चिरंत ने टीवीएस अपाचे आरआर 310 से रेस-1 में शानदार प्रदर्शन कर सफलता हासिल की है। आधिकारिक अभ्यास सत्र में सबसे तेज़ लैप्स दर्ज करने के बाद, उन्होंने क्वालिफाइंग में चौथा स्थान हासिल किया। रेस की शुरुआत में ही उन्होंने बढ़त हासिल कर थी। आठ लैप की इस रोमांचक रेस के पांचवें लैप में एक अन्य राइडर से हुई टक्कर के कारण वह पांचवें स्थान पर खिसक गए पर चिरंत ने हार नहीं मानते हुए तेजी से वापसी करते हुए अंतिम लैप में तीन प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ कर अपनी पहली चैंपियनशिप जीती।

रेस-1 की इस आसाधारण जीत के बाद, चिरंत ने रेस-2 में भी अपनी गति बनाए रखी। वह अंतिम लैप तक वह दूसरे स्थान पर थे पर इस बार भी एक टक्कर के कारण वह चौथे स्थान पर खिसक गये। रेस-1 में मिली जीत और रेस-2 में चौथे स्थान पर रहने के कारण चिरंत को चैंपियनशिप स्टैंडिंग में चौथा स्थान हासिल करने में मदद मिली है।

# विराट ने इंग्लैंड दौरे के लिए फिटनेस टेस्ट पास किया



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली फिटनेस टेस्ट में पास हो गये हैं। ऐसे में अब विराट का इंग्लैंड दौरे में एकदिवसीय सीरीज खेलने का रास्ता साफ हो गया है। विराट को टीम में शामिल किया गया था पर उनके खेलने का फैसला फिटनेस जांच पर आधारित था। प्राप्त जानकारी के अनुसार विराट को बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में फिटनेस जांच में सफल करार दिया गया है। इससे अब विराट एकदिवसीय सीरीज खेल सकेंगे। अब उनका लक्ष्य इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर साल 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए अपनी दावेदारी पेश करना रहेगा।

वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2026) के फाइनल मुकाबले के दौरान ही चोटिल हो गए थे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलते हुए उनकी हैमस्ट्रिंग खिंचाव आ गय था। जिससे वह काफी समय तक खेल से दूर रहे थे। इसी चोट के कारण वह हाल ही में घरेलू मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई एकदिवसीय सीरीज से भी बाहर थे। विराट के फिट होने से उनके प्रशंसकों को भी राहत मिली है। अब प्रशंसकों को लंबे इंतजार के बाद विराट को खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने अंतिम बार चैम्पियंस ट्रॉफी में खेला था।

### एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार।

# हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस छोड़ने की तैयारी में, इन दो टीमों से मिला ऑफर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस छोड़ने की तैयारी में हैं और पांच बार की IPL चैंपियन टीम को उनके संभावित ट्रेड के लिए कम से कम दो प्रस्ताव मिले हैं जिसमें एक शाहरुख खान की को-ओन्ड कोलकाता नाइट राइडर्स से और दूसरा राजस्थान रॉयल्स है।

इस मामले की जानकारी रखने वाले IPL के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर PTI को बताया कि KKR के टॉप मैनेजमेंट और मुंबई इंडियंस के मालिकों के बीच खिलाड़ियों के अदला-बदली (स्वैप) को लेकर कई बार बातचीत हुई है। मुंबई इंडियंस में पांड्या की वापसी का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है और उनकी कप्तानी में टीम सिर्फ एक बार प्ले-ऑफ में जगह बना पाई है।


सूत्र के मुताबिक, 'अजिंक्य रहाणे KKR के लिए हमेशा से एक कामचलाऊ व्यवस्था थे और इस सीजन के बाद उन्हें रिलीज किया जाना तय था। KKR के बड़े अधिकारियों ने पिछले सीजन के आखिर में MI के मालिकों से संपर्क किया था, लेकिन चूंकि रिलायंस की सालाना AGM (आम बैठक) होने वाली थी, इसलिए उस समय IPL ट्रेड उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता नहीं थी।'

सूत्र ने बताया, 'हालांकि, पता चला है कि KKR ने फिर से MI के बड़े अधिकारियों से संपर्क किया है और इस बारे में कुछ दौर की बातचीत भी हुई है।' यह तय है कि अगर पांड्या पूरी तरह से कैश डील या ट्रेड-ऑफ के जरिए KKR में जाते हैं तो उन्हें कप्तानी मिल सकती है क्योंकि इस समय रिंकू सिंह एक सही विकल्प नहीं लग रहे हैं। हालांकि जब पूछा गया कि क्या MI स्टार भारतीय ऑलराउंडर के लिए पूरी तरह से कैश डील चाहती है या ट्रेड-ऑफ, तो सूत्र ने इसकी पुष्टि नहीं की।

IPL ट्रांसफर नियम साफ तौर पर कहते हैं कि कोई खिलाड़ी ट्रेड के संबंध में किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के साथ व्यक्तिगत रूप से कोई बातचीत नहीं कर सकता है। नियम के अनुसार बातचीत केवल फ्रेंचाइजी-टू-फ्रेंचाइजी ही हो सकती है, लेकिन यह भी कहा गया है कि खिलाड़ी की सहमति के बिना ट्रेड नहीं हो सकता। अगर खिलाड़ी सहमति नहीं देता है, तो उसे वापस ऑक्शन पूल में भेजना होगा।

MI को मिला दूसरा ऑफर यशस्वी जायसवाल और पांड्या के बीच ट्रेड-ऑफ का बताया जा रहा है, लेकिन यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि बातचीत किसी एडवांस स्टेज तक पहुंची है या नहीं। हालांकि रॉयल्स असम के स्टार रियान पराग को लंबे समय के कप्तान के तौर पर देख रहे हैं, इसलिए पांड्या के लिए लीडरशिप रोल पाना मुश्किल होगा। अगर पांड्या का ट्रांसफर होता है, तो राजस्थान रॉयल्स की तुलना में ञ्चयञ्क इस समय कहीं ज्यादा बेहतर विकल्प लग रहा है।

# अल्जीरिया को 12 साल में पहली बार विश्व कप में मिली जीत, जोर्डन नॉकआउट की दौड़ से बाहर



सांता क्लारा। दूसरे हॉफ में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल करके अल्जीरिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जोर्डन को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें पुख्ता कर लीं। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी नादिर बेनबुआली ने 69वें मिनट में हेडर लगाया जबकि अमीने गोरी ने 82वें मिनट में विजयी गोल दागा। विश्व कप में 2014 के बाद अल्जीरिया की यह पहली जीत है। जोर्डन के लिए पहले हाफ में निजार अल राशदान ने गोल दागा था। अल्जीरिया को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 3-0 से हराया था लेकिन दूसरे मैच में ऑस्ट्रिया को हराकर उसने ग्रुप जे में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। जोर्डन लगातार दूसरी हार के साथ नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गया है। उसे पहले मैच में आस्ट्रिया ने 3-1 से हराया था।

# नितीश आयरलैंड दौरे से बाहर हुए, सूर्यांश को मिल सकता है अवसर



मुम्बई। भारतीय टीम को आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले ही करारा झटका लगा है। युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी मांसपेशिया में खिंचाव के कारण आयरलैंड दौरे से बाहर हो गये हैं। नितीश के बाएं पैर की जांघ की मांसपेशियों (क्वाड्रिसेप्स) में चोट आई है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में भी उनका खेलना संदिग्ध है। नितीश ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के बाहर होने से उम्मीद जतायी जा रही थी कि नितीश उनकी कमी पूरी कर देंगे पर अब वह भी बाहर हो गये हैं। जिससे भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

अब देखना है कि चयनसमिति किस खिलाड़ी को नितीश की जगह पर अवसर देती है। भारतीय टीम का आयरलैंड दौरान 26 जून से शुरू हो रहा है। इस सीरीज का पहला मुकाबला 26 जून को है, जबकि दूसरा मैच 28 जून को खेला जाएगा। आयरलैंड दौरे के बाद टीम इंडिया इंग्लैंड रवाना होगी, जहां उसे टी20 के साथ ही एकदिवसीय सीरीज भी खेलनी है। अटकलें हैं कि अब आक्रामक ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे को भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता हैं हालांकि, बीसीसीआई ने अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की है। सूर्यांश हाल में भारत ए टीम के साथ ही श्रीलंका दौरे पर भी गये थे। श्रीलंका ए के खिलाफ सुपर ओवर वाले मैच में सूर्यांश ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाए थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग में अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स के लिए खेलते हैं। पिछले सत्र में शेडगे ने पंजाब की तरफ से 7 मैच में खेलते हुए 158 रन बनाए थे। गेंदबाजी का उन्हें अवसर नहीं मिला था।घरेलू क्रिकेट में सूर्यांश मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हैं।

# मेसी, एम्बापे और हालैंड के बीच 'गोल्डन' बूट की टक्कर



**फिलाडेल्फिया(एजेंसी)।** लियोनेल मेसी, किलियन एम्बापे और एर्लिंग हालैंड तीनों ने दो-दो गोल किए जिससे वर्ल्ड कप गोल्डन बूट की दौड़ फुटबॉल के तीन सबसे बड़े सितारों के बीच मुकाबले में बदल गई। अपने 39वें जन्मदिन से दो दिन पहले, मेसी ने डलास स्टेडियम में ऑस्ट्रिया के खिलाफ अर्जेंटीना की 2-0 की जीत में दोनों गोल किए, जिससे उनके करियर के वर्ल्ड कप गोल की संख्या रिकॉर्ड 18 हो गई।

अर्जेंटीना के कप्तान अब दो मैचों में पांच गोल के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा गोल करने वालों की सूची में सबसे आगे हैं। कुछ घंटों बाद फिलाडेल्फिया में, एम्बापे ने भी ऐसा ही किया और दो गोल किए, जिससे फ्रांस ने इराक को 3-0 से हराया, जबकि हाफटाइम के दौरान लगभग दो घंटे तक तूफान के कारण खेल रुका रहा। अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे फ्रांस के कप्तान ने तीन टूर्नामेंटों में कुल 16 वर्ल्ड कप गोल कर लिए हैं और पूर्व रिकॉर्ड-धारक मिरोस्लाव क्लोज की बराबरी कर ली है।

न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में हालैंड ने दो गोल किए और नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराकर राउंड ऑफ 32 में जगह पक्की की। अपने पहले वर्ल्ड कप में खेल रहे 25 वर्षीय खिलाड़ी के नाम अब दो मैचों में चार गोल हैं; वे गोल्डन बूट की दौड़ में एम्बापे के बराबर और मेसी से एक गोल पीछे हैं। हालांकि, इराक पर फ्रांस की जीत के बाद एम्बापे ने मेसी के साथ तुलना को ज़्यादा महत्व नहीं दिया। एम्बापे ने कहा, 'लियो हमेशा गोल करते हैं और हमेशा करते रहेंगे। इसलिए मैं यह नहीं देख रहा कि वह क्या कर रहे हैं। मैं बस अपनी टीम की मदद करने पर ध्यान दे रहा हूं।' फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा कि उनके कप्तान के पास रिकॉर्ड बुक में नया इतिहास रचने का पूरा मौका है। एम्बापे के पूर्व रिकॉर्ड-धारक मिरोस्लाव क्लोज के 16 वर्ल्ड कप गोल के रिकॉर्ड की बराबरी करने के बाद डेसचैम्प्स ने कहा, 'रिकॉर्ड तोड़े जाने के लिए ही होते हैं।' हालैंड इस दौड़ में एक असली दावेदार के तौर पर उभरे हैं। नॉर्वे ने आखिरी बार 1998 में वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था, जो हालैंड के जन्म से दो साल पहले की बात है, इसलिए यह इस स्ट्राइकर का पहला वर्ल्ड कप अभियान है। अभी और भी मैच खेले जाने बाकी हैं, इसलिए गोल्डन बूट की लड़ाई अभी भी खुली हुई है, जिसमें मेसी, एम्बापे और हालैंड तीनों ही दौड़ में शामिल हैं।

# टीम इंडिया की जर्सी देखकर भावुक हुए वैभव



मुम्बई। 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भारतीय टीम की जर्सी देखकर भावुक हो गये। वैभव को आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने टीम के मंगलवार को आयरलैंड दौरे के लिए रवाना होने से पहले का एक वीडियो जारी किया है। इसमें वैभव को राष्ट्रीय टीम की जर्सी प्राप्त करते हुए देखा गया। इसे देखकर वह खुशी से उछल पड़े और उनके आंसू निकल गये। वैभव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करते 3 नंबर की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेंगे। किट बॉक्स खोलते ही वैभव ने सबसे पहले अपनी जर्सी देखी। इस पल को बयां करते हुए उनकी आंखें भर आईं और उन्होंने कहा, 'मेरे पास इसके बारे में बताने के लिए शब्द नहीं हैं। जिस चीज के लिए मैंने बचपन से बल्ला थामा था, आज मेरा वो सपना पूरा हुआ। आज सब कुछ सच हो गया। टी-शर्ट देखते ही मैं इतना खुश हो गया कि मेरे लिए ये सपने का सच होने जैसा था। मैं उस समय प्रतिक्रिया भी नहीं दे पा रहा था।' यह दृश्य बताता है कि एक खिलाड़ी के लिए देश का प्रतिनिधित्व करने का क्या महत्व होता है, और कैसे यह पल कई वर्ष की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल होता है। आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम दो टी20 मैच खेलेगी। इसमें वैभव पहली बार भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए दिखेंगे। यह उनके करियर का एक बड़ा पड़ाव है। बीसीसीआई ने वैभव की कम उम्र को देखते हुए उनके माता-पिता को भी इस दौरे पर उनके साथ जाने की अनुमति दी है। उनके पिता पहले ही आयरलैंड पहुंच गये हैं। भारत और आयरलैंड के बीच पहला टी20 मैच 26 जून को खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 28 जून को होगा। यह सीरीज युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमता साबित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।


# मिताली का सुझाव: हरमनप्रीत नंबर चार पर, जेमिमा नंबर पांच पर खेलें

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने टीम के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव का सुझाव दिया है। मिताली का मानना है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर को नंबर चार पर बल्लेबाजी करनी चाहिए, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स को नंबर पांच पर उतारा जाना चाहिए। मिताली ने ये बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार को देखते हुए कही है। इससे सेमीफाइनल में पहुंचने की भारतीय टीम की उम्मीदों को झटका लगा है, क्योंकि अब उन्हें अपने शेष सभी मैच जीतने होंगे।

मिताली ने कहा कि अब भारतीय टीक को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मैच भारत के जीतने लायक था, लेकिन अब आगे का रास्ता मुश्किल है। बल्लेबाजी क्रम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, हमने हरमनप्रीत को नंबर 5 पर इतनी देर से बल्लेबाजी करते हुए बहुत कम देखा है। इसलिए, शायद वह नंबर चार पर और जेमिमा नंबर पांच पर आ सकती हैं।

उन्होंने जेमिमा को नंबर पांच पर भेजने को लेकर कहा, जेमिमा पहले भी नंबर पांच पर खेल चुकी हैं और वहां उन्होंने काफी रन बनाए हैं। जब वह बल्लेबाजी के लिए आएंगी, तो संभावना है कि उन्हें स्पिनरों का सामना करना पड़े, जो उनकी ताकत है। वह अपने पैरों का इस्तेमाल कर सकती हैं और स्कूप और स्वीप शॉट अच्छे से खेलती हैं। मिताली का मानना है कि इस बदलाव से जेमिमा का आत्मविश्वास बढ़ सकता है, वह लय में वापस आ सकती हैं और वह मोमेंटम दोबारा हासिल कर सकती हैं, खासकर अगर हरमनप्रीत उनसे पहले बल्लेबाजी करें।

मिताली ने बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरानी की अनुशासित गेंदबाजी को इस मैच में भारत के लिए सबसे सकारात्मक पहलू बताया। चरानी ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को दबाव में ला दिय था। और बाद में एक और महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर अपना शानदार स्पेल समाप्त किया। पूर्व कप्तान ने चरानी की तारीफ करते हुए कहा, श्री चरानी जल्दी सीखने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने इंग्लिश कंडीशंस में डेब्यू किया था, इसलिए उन्हें वहां के हालात की अच्छी जानकारी है। उन्होंने बताया कि पिच से



ज्यादा टर्न न मिलने के बावजूद, चरानी ने लगातार स्टंप्स पर अटैक किया, पेस और लेंथ में बदलाव किए, और अपनी पसंद के हिसाब से फील्ड सेट की। चरानी के दो बड़े विकेट ने भारत को खेल में वापस ला दिया था, और दूसरे स्पेल में भी उनकी लाइन बहुत सटीक थी।

# सैमसन ने धोनी की तुलना फेडरर और विराट की अल्कारेज से की

मुम्बई। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन पर आजकल विंबलडन टेनिस का रंग चढ़ा हुआ है। इसी को देखते हुए सैमसन ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की प्रशंसा करते हुए उनकी तुलना स्विटजरलैंड के महान टेनिस स्टार रोजर फेडरर से की है। सैमसन ने जहां धोनी की तुलना टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर से जबकि विराट कोहली के आक्रामक अंदाज की तुलना स्पेन के कार्लोस अल्कारेज से की है। सैमसन ने कहा, क्रिकेट के रोजर फेडरर धोनी ही हो सकते हैं। जिस प्रकार से फेडरर शांत अंदाज में खेलते हैं। उसी प्रकार से धोनी भी अपने काम को बहुत शांत और संयमित तरीके से करते हैं। वहीं दूसरी ओर अल्कारेज बहुत आक्रामक अंदाज में खेलते हैं। जिस प्राकर से विराट कोहली खेलते हैं। इसलिए संजू ने विराट की तुलना अल्कारेज से की है। सैमसन टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत के बाद से ही छाये हुए हैं। उन्होंने इसके बाद आईपीएल में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था। अब उनकी नजरें इंग्लैंड दौरे पर हैं। सैमसन ने टी20 महिला विश्वकप में भारतीय टीम के अच्छे प्रदर्शन की भी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से महिला टीम ने एकदिवसीय विश्वकप जीता उसी प्रकार वह टी20 खिताब भी जीतेगी।



# मेसी के शानदार प्रदर्शन से अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराकर नॉकआउट में जगह बनायी

**डलास (एजेंसी)।** कप्तान लियोनल मेसी के शानदार प्रदर्शन से मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराकर लगातार छठी बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया है। इस धमाकेदार जीत के दौरान ही मेसी ने विश्व कप इतिहास में सबसे अधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है।

मेसी ने हाफ-टाइम से ठीक पहले गोल करने के साथ ही ही अपना 17वां गोल कर जर्मनी के दिग्गज मिरोस्लाव क्लोस को पीछे छोड़ा। इसके साथ ही, वह जस्ट फोंटेन और जाइरजिन्हो के बाद लगातार 6 विश्व कप मैचों में गोल करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी भी बन गए है।

दूसरे हाफ में ऑस्ट्रिया ने बराबरी के लिए काफी प्रयास किये पर अर्जेंटीना के डिफेंडरों ने उसे कोई अवसर नहीं दिया। मैच के अंतिम क्षणों में मेसी ने एक और गोल कर टूर्नामेंट का अपना 5वां और विश्व कप करियर का 18वां गोल दागा।

इस मैच में सिर्फ मेसी के साथ ही अर्जेंटीना की पूरी टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा। ऑस्ट्रिया ने मेसी को घेरने की मजबूत रणनीति बनाई थी, लेकिन टीम ने एकजुट होकर इसका सामना किया। क्रिस्टियन रोमेरो ने घुटने की समस्या के कारण मैदान छोड़ने से पहले डिफेंस को मजबूती दी, जिसके बाद निकोलस ओटामेंडी ने कमान संभाली। रोड्रिगो डी पॉल, एलेक्सिस मैक एलिस्टर और एंज़ो फर्नांडीज ने मिडफील्ड को पूरी तरह नियंत्रित रखा, जिससे अर्जेंटीना की लय बनी रही। दो मैचों में दो जीत और 6 अंकों के साथ ही अर्जेंटीना का मनोबल बढ़ा हुआ है और टीम अब 27 जून को ग्रुप जे के अपने अंतिम मैच में जॉर्डन से मुकाबले के लिए उतरेगी।





# बॉक्स ऑफिस प्रेशर पर बोले अजय देवगन

**अजय देवगन की आने वाली कॉमेडी फिल्म 'धमाल 4' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर अजय देवगन ने बताया कि आखिर फिल्म रिलीज के समय बॉक्स ऑफिस का कितना दबाव होता है। इसके साथ ही अजय ने यह भी बताया कि बॉलीवुड फिल्मों के सीक्वल इतने सफल क्यों होते हैं?**

अजय देवगन ने माना कि फिल्म रिलीज होने से पहले हर किसी को थोड़ा डर और दबाव महसूस होता है। उन्होंने कहा, 'जब भी कोई फिल्म रिलीज होने वाली होती है, तो प्रेशर होना बिल्कुल सामान्य है। इससे हर एक्टर गुजरता है। हम बहुत मेहनत से फिल्म बनाते हैं और हमेशा यही उम्मीद रहती है कि दर्शकों को यह पसंद आए। इसी उम्मीद की वजह से रिलीज के वक्त दिल में थोड़ी घबराहट रहती है।'

### सीक्वल फिल्में क्यों होती हैं हिट

'गोलमाल' और 'दृश्यम' जैसी कई सुपरहिट सीक्वल फिल्मों में काम कर चुके अजय देवगन ने बताया कि सीक्वल के हिट होने का राज क्या है। अजय ने कहा कि सीक्वल फिल्में तभी कामयाब होती हैं, जब दर्शकों को पिछली फिल्म के किरदार बहुत पसंद आए हों। एक बार जब दर्शक किरदारों से जुड़ाव महसूस करने लगते हैं, तो उसी कहानी को आगे बढ़ाना आसान और मजेदार हो जाता है।

### क्या है फिल्म की कहानी

अजय देवगन इस फिल्म में 'गुड्डू' नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो उन्होंने 'धमाल 3' में भी निभाया था। फिल्म में उनकी जोड़ी ईशा गुप्ता के साथ दिखेगी। इस बार भी फिल्म की कहानी एक मजेदार खजाने की खोज पर आधारित है, जहां सभी किरदार सोने के पहाड़ को ढूंढ रहे हैं।

### कब रिलीज होगी 'धमाल 4'

अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द जंगल' और आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा' के साथ टकराव से बचते हुए अब 'धमाल 4' 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# शिल्पा शिंदे ने टीवी सीरियल निर्माताओं को कहा माफिया

**शिल्पा शिंदे ने एक बार फिर टीवी इंडस्ट्री में आर्टिस्ट्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की है। एक्ट्रेस ने टेलीविजन इंडस्ट्री के प्रोड्यूसर्स की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ प्रोड्यूसर्स व्हाइट कॉलर माफिया की तरह काम करते हैं। इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए शिल्पा शिंदे ने निर्माताओं को खूब भला-बुरा कहा है।**

### प्रोड्यूसर्स को लताड़ा

इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में शिल्पा शिंदे ने कहा, 'जैसा कि आपने देखा आर्टिस्ट एसोसिएशन खुद आर्टिस्ट्स के साथ खड़ी नहीं होती है। टीवी इंडस्ट्री में ये प्रोड्यूसर्स माफिया की तरह काम करते हैं। वे व्हाइट-कॉलर माफिया हैं। मैं हमेशा से यह कहती रही हूं। जो प्रोड्यूसर्स उन्हें सपोर्ट नहीं करते हैं, उन्हें धमकी भी दी जाती है। कहा जाता है कि अगर कल तुम्हें कुछ हो गया, तो हम तुम्हें सपोर्ट नहीं करेंगे।' सपोर्ट की तो बात ही छोड़िए। वे कहते हैं कि हम तुम्हारा काम रोक देंगे। हम तुम्हारा अभी का शो नहीं चलने देंगे; तुम्हें हमारा साथ देना होगा।'

### अपनी आपबीती भी सुनाई

वह वीडियो में आगे कहती हैं, 'उन्होंने मेरा साथ भी नहीं दिया। आज भी जब उनके पास मेरे साथ खड़े होने का मौका था, तब भी वे नहीं आए। मुझे बोलने की कोई जरूरत नहीं थी। किसी को पता भी नहीं कि उस समय मैं किस दौर से गुजरी थी। लोग मुझ पर झूठा इल्जाम लगा रहे हैं कि मैं यह सिर्फ पैसे के लिए कर रही हूं। आज 10 साल बाद भी, वह प्रोड्यूसर टीवी शो और फिल्में बना रहे हैं। किसी में भी अपने लिए इंसाफ की लड़ाई लड़ने की हिम्मत नहीं है। और फिर लोग सुसाइड जैसे बड़े कदम उठा लेते हैं।'

### क्या था शिल्पा शिंदे का पूरा मामला?

शिल्पा शिंदे ने बीते दिनों कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट पर टेलीविजन शो 'भाबीजी घर पर हैं' के प्रोड्यूसर्स के साथ अपने झगड़े के बारे में बात की थी। उन्होंने बताया कि शो छोड़ने के बाद और पेंडिंग पेमेंट्स को लेकर हुए झगड़े के बीच उन्होंने प्रोड्यूसर संजय कोहली के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। शिलपा शिंदे ने यह भी कहा कि बाद में मामला सुलझ गया और उन्हें उनका बकाया मिल गया। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर शिल्पा की खूब ट्रोलिंग हुई, टीवी इंडस्ट्री से हिना खान भी उनके खिलाफ बातें कर रही हैं। कई लोगों को मानना है कि ऐसे झूठे केस की वजह से ही असल पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिलता है।



# 'मां इंटी बंगारम' में खुद सामंथा ने किए हैं सारे एक्शन सीन्स

साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी आने वाली फिल्म 'मां इंटी बंगारम' को लेकर काफी चर्चा में हैं। हाल ही में चेन्नई में हुए एक प्री-रिलीज इवेंट में समांथा ने फिल्म के एक्शन सीन को लेकर दिलचस्प बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में एक्शन बिल्कुल रियल है- ना कोई स्लो मोशन, ना ही उड़ने वाले शॉट्स और ना ही ज्यादा ड्रामा। समांथा ने कहा, 'फिल्म में जो भी फाइट सीन हैं, वो बिल्कुल असली लगेंगे। मुझे भी शूटिंग के दौरान कई बार चोट लगी, यहां तक कि खून भी बहा। लेकिन मैंने सारे एक्शन सीन खुद किए हैं, इसलिए ये इतने असली लगते हैं और लोगों को पसंद आते हैं।'

फिल्म का निर्देशन नंदिनी रेड्डी ने किया है। फिल्म 'मां इंटी बंगारम' एक फैमिली एक्शन-कॉमेडी ड्रामा है। इस फिल्म को सामंथा के पति और निर्देशक राज निदिमोरु ने बनाया है। इस फिल्म में दिगनाथ और गुलशन देवैया अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनके अलावा फिल्म में श्री मुखी, गौतमी, आनंद और लक्ष्मी भी सपोर्टिंग रोल में हैं।



# ऑस्कर विजेता कंपनी के साथ काम करेंगे ऋतिक रोशन

मशहूर हॉलीवुड प्रोडक्शन और मैनेजमेंट कंपनी ने बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपने आने वाले प्रोजेक्ट के लिए साइन कर लिया है। यह कंपनी 'द रेवेनेंट' और 'स्पॉटलाइट' जैसी ऑस्कर जीतने वाली फिल्में बनाने के लिए जानी जाती है।

### क्या हॉलीवुड प्रोजेक्ट में नजर आएंगे ऋतिक

ऋतिक ने 'एनोनिमस कंटेंट' कंपनी के साथ एक डील साइन कर ली है। इस डील के बाद से ऐसी चर्चाएं तेज हो गई हैं कि ऋतिक जल्द ही किसी बड़े हॉलीवुड प्रोजेक्ट में नजर आ सकते हैं, हालांकि अभी तक किसी फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

### ऋतिक रोशन का अब तक का सफर

ऋतिक को बॉलीवुड का 'ग्रीक गॉड' कहा जाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कहो ना प्यार है' से की थी। उन्होंने 'वॉर', 'कृष', 'जोधा अकबर' और 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' जैसी कई शानदार फिल्मों में काम किया है।

### ऋतिक का वर्कफ्रंट

ऋतिक रोशन बहुप्रतीक्षित सुपरहीरो फ्रेंचाइजी 'कृष 4' में नजर आएंगे, जिसकी प्री-प्रोडक्शन और निर्देशन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसके अलावा ऋतिक निर्माता रूप में अपनी पहली वेब सीरीज 'स्टॉर्म' भी बना रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय कलाकार

ऋतिक अकेले नहीं हैं, बल्कि कई भारतीय कलाकार भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा इस समय हॉलीवुड में सबसे सफल भारतीय अभिनेत्री हैं। 'क्वांटिको' सीरियल से शुरुआत करने के बाद उन्होंने 'बेवॉच' और 'हेड्स ऑफ स्टेट' जैसी कई हॉलीवुड फिल्मों में काम किया। अब वह जल्द ही सात साल बाद एसएस राजामौली की फिल्म से भारतीय सिनेमा में वापसी करेंगी। प्रियंका के अलावा आलिया भट्ट ने गैल गैडोट के साथ फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' से अपना हॉलीवुड डेब्यू किया। प्रियंका, आलिया और दीपिका पादुकोण के अलावा भी कई बॉलीवुड स्टार्स ने हॉलीवुड फिल्मों में काम किया है।

# आकांक्षा रंजन कपूर 'ग्राम चिकित्सालय' के नए सीजन में अपने किरदार को लेकर बात की



अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर अपने वेब शो 'ग्राम चिकित्सालय' के दूसरे सीजन की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने शो के नए सीजन में अपने किरदार के सफर को लेकर खुलकर बात की। साथ ही बताया कि इस बार क्या खास है। अभिनेत्री ने बताया कि दूसरे सीजन में उनका किरदार गार्गी पहले से अधिक जिम्मेदारियों का सामना करता नजर आएगा। साथ ही, उसे कई कठिन और जटिल फैसले भी लेने पड़ेंगे, जो उसके किरदार के साथ कहानी को और भी दिलचस्प बनाएंगे। इस बारे में बात करते हुए आकांक्षा रंजन कपूर ने कहा, 'डॉ. गार्गी का किरदार निभाने का सबसे संतोषजनक पहलू यह रहा कि दर्शकों ने उससे गहरा जुड़ाव महसूस किया और भरपूर प्यार दिया। पहले सीजन में गार्गी को एक ईमानदार, सरल और जमीन से जुड़ी हुई महिला के रूप में दिखाया गया था और मुझे लगता है कि दर्शकों ने उसकी इसी सच्चाई से खुद को जोड़ा। यह देखकर खुशी होती है कि लोगों का यह प्यार और अपनापन दूसरे सीजन में उसके किरदार के और बड़े सफर का हिस्सा बना है।' उन्होंने आगे कहा, 'दूसरे सीजन में गार्गी पहले से कहीं अधिक जिम्मेदारियों का सामना करती नजर आएगी। उसे कई जटिल फैसले लेने पड़ते हैं और ऐसी चुनौतियों से गुजरना पड़ता है, जो उसके सिद्धांतों और विश्वासों की वास्तविक परीक्षा लेती हैं। एक कलाकार के तौर पर ऐसे शो का हिस्सा बनना बेहद संतोषजनक है, जो गहराई वाली कहानियां प्रस्तुत करता है और अपने किरदारों को विकसित होने का पूरा अवसर देता है।' 'ग्राम चिकित्सालय' के पहले सीजन को झारखंड के भाठकांडी गांव में ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था के यथार्थवादी और संवेदनशील चित्रण के लिए काफी सराहना मिली थी। पहले सीजन में आकांक्षा रंजन कपूर ने स्थानीय डॉक्टर डॉ. गार्गी के किरदार को प्रभावशाली ढंग से निभाया। शो की कहानी का बड़ा हिस्सा अब उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमता नजर आएगा, जिससे आकांक्षा रंजन कपूर की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। ग्राम चिकित्सालय का दूसरा सीजन 23 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा।

# प्रियंका चाहर ने 'नागिन 7' के सफर को कहा अलविदा



**अलौकिक (सुपरनैचुरल) शो 'नागिन' के सातवें सीजन के समाप्त होने के बाद प्रियंका चाहर चौधरी ने शो को अलविदा कहते हुए एक भावुक संदेश साझा किया। इस अवसर पर उन्हें टीवी जगत की 'जारिना' कही जाने वाली एकता कपूर से खूब सराहना मिली। एकता ने कहा कि वह प्रियंका के साथ फिर से काम करने का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हैं। इस सफर को 'अविस्मरणीय यात्रा' करार देते हुए प्रियंका ने सबसे पहले इंस्टाग्राम पर शूटिंग के आखिरी दिन की एक झलक साझा की और लिखा, 'और इसी के साथ, एक अविस्मरणीय यात्रा का अंत हो रहा है... नागिन 7।'**

अभिनेत्री ने कहा कि इस शो ने उन्हें केवल यादें ही नहीं, बल्कि उससे कहीं अधिक दिया है। उन्होंने लिखा, 'इस शो ने मुझे सिर्फ यादों से कहीं ज्यादा दिया है- इसने मुझे खूबसूरत लोग, जीवनभर के रिश्ते और मेरे शिवजी के साथ और भी गहरा जुड़ाव दिया। महादेव से इतनी गहराई से जुड़ी कहानी का हिस्सा बनने से मेरा विश्वास और मजबूत हुआ है, और मैं हर दिन अपने जीवन में उनके प्रेम और उपस्थिति को महसूस करती हूं। यह रिश्ता हमेशा के लिए है और अटूट है।' उन्होंने उन पर भरोसा करने और यह शानदार अवसर देने के लिए एकता कपूर का धन्यवाद किया।

प्रियंका ने आगे कहा, 'मैं हमेशा आभारी रहूंगी। इस अद्भुत यात्रा को जीने का मंच देने के लिए कलर्स टीवी और बालाजी टेलीफिल्मस लिमिटेड का दिल से धन्यवाद। मेरे सह कलाकारों, हमारी शानदार टीम और पर्दे के पीछे काम करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया, जिन्होंने इस सफर को इतना खास बनाया।' उन्होंने लिखा, 'और दर्शकों, आपके असीम प्यार और नागिन 7 को शुरुआत से लेकर अंत तक नंबर-1 शो बनाने के लिए धन्यवाद। यह प्यार मेरे लिए सब कुछ है। शो समाप्त हो सकता है, लेकिन इसकी यादें हमेशा बनी रहेंगी... और एक बात निश्चित है- नागिन की विरासत हमेशा जारी रहेगी। हमेशा आभारी। हमेशा धन्य। हर हर महादेव।'

प्रियंका चाहर चौधरी की इस पोस्ट पर एकता कपूर की नजर पड़ी, जिन्होंने उनकी जमकर प्रशंसा की। एकता कपूर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'सबसे खूबसूरत नागिन के लिए, तुम्हारे साथ काम करना बेहद सुखद अनुभव रहा। तुम मेहनती, खूबसूरत, आकर्षक और बहुत सहयोगी हो। भविष्य में फिर से तुम्हारे साथ काम करने का इंतजार रहेगा। ढेर सारा प्यार प्रियंका, तुम्हें दोबारा हमारे सेट पर देखने का इंतजार है।' 'नागिन' एक सुपरनैचुरल फिक्शन टीवी शो है, जिसकी कहानी रूप बदलने वाले नाग-नागिनों के इर्द-गिर्द घूमती है। इसका पहला सीज़न वर्ष 2015 में शुरू हुआ था।

प्रियंका की बात करें तो उन्हें 'उड़ारियां' में तेजो कौर संधू का किरदार निभाने के बाद बड़ी लोकप्रियता मिली। 'बिग बॉस 16' में भी उनके व्यक्तित्व को दर्शकों ने खूब पसंद किया और वह शो की दूसरी रनर-अप रहीं। वर्ष 2016 में उन्होंने कई पंजाबी म्यूजिक वीडियो में काम किया, जिनमें 'हंजू', 'मैं बेवफा' और 'ऑनलाइन' शामिल हैं।



अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित Kapoor Nivas New Kather, Near HRTC Workshop, PO Chamba Ghat Solan HIMACHAL PRADESH से जारी। प्रधान संपादक : महावीर जैन, प्रबंध संपादकः अक्षित जैन आर.एन.आई. पंजीक्रम : HPHIN/26/A2551 फोनः 0172-2638515, 9815033624 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकारः हरीश चंद्र जैन, एचसीएस (सेवानिवृत्त)